दैनिक
# सत्ता सुधार
जनता के साथ जनता की आवाज
भोपाल ■ गुरुवार 03 अप्रैल 2025 ■ वर्ष -09 ■ अंक-38 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य-₹04

**सुविचार**
अगर भगवान से मांग रहे हो तो हल्का बोझ मत मांगो, मजबूत कंधे मांगो।
- अमिताभ बच्चन

# प्रदेश को मिली चार सड़क परियोजनाओं की सौगात, बेहतर होगी कनेक्टिविटी

## मुख्यमंत्री ने केंद्रीय परिवहन मंत्री गडकरी का माना आभार, औद्योगिक एवं व्यापारिक गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश को 4 सड़क परियोजनाओं की मंजूरी देने के लिए पीएम नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पीएम मोदी और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में प्रदेश को सड़क अधोसंरचना के क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास देखने को मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से मध्यप्रदेश को सड़क अधोसंरचना निर्माण और क्षेत्रीय विकास में एक बड़ी सौगात दी गई है। उन्होंने कहा कि ये सड़कें प्रदेश के विभिन्न हिस्सों को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेंगी और औद्योगिक एवं व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देंगी।

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को मध्यप्रदेश के लिए 4 महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं की कुल लागत 4302.93 करोड़ रुपए है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर मध्यप्रदेश को मंजूर की गई इन परियोजनाओं की जानकारी साझा की है। केन्द्र सरकार के इस निर्णय पर मुख्यमंत्री ने आशा जताई है कि ये सड़क परियोजनाएं प्रदेश में यातायात व्यवस्था को सहज एवं सुगम बनाने के साथ आर्थिक विकास को गति देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। उन्होंने कहा कि देश में सड़क अधोसंरचना नेटवर्क को दिनों-दिन मजबूत किया जा रहा है और मध्यप्रदेश को भी इसका भरपूर



लाभ मिल रहा है। केन्द्र सरकार द्वारा मध्यप्रदेश के लिए स्वीकृत की गई सड़क परियोजनाओं में भोपाल जिले में संदलपुर से नसरुल्लागंज बायपास तक के 43.200 किमी खंड को 4-लेन में बदलने के लिए 1535.66 करोड़ रुए की स्वीकृति दी गई है। विदिशा और सागर जिले में राहतगढ़ से बेरखेड़ी तक के 10.079 किमी हिस्से को 4 लेन बनाने के लिए 731.36 करोड़ रुपए मंजूरी दी गई है।

वहीं सागर जिले में लहदरा गांव जंक्शन से बेरखेड़ी गुरु गांव जंक्शन तक ग्रीनफील्ड 4-लेन सागर पश्चिमी बायपास 20.193 किमी के निर्माण के लिए 688.31 करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं। ग्वालियर शहर के पश्चिमी हिस्से में 28.516 किमी लंबाई के एक्सेस कंट्रोल्ड 4-लेन बायपास के निर्माण के लिए केंद्र सरकार ने 1347.6 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है।

**पटाखा फैक्ट्री हादसे में मृतकों के परिजन को आर्थिक मदद देगी सरकार**

### मृतकों की पार्थिव देह जल्द ही उनके घर पहुंचाए जाएंगे

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि गुजरात के बनासकांठा स्थित पटाखा फैक्ट्री दुर्घटना अत्यंत दुःखद और कष्टदायी है। राज्य सरकार पूरी सक्रियता एवं तत्परता के साथ मुश्किल घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। पीड़ितों की सहायता के लिए राज्य सरकार की ओर से अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान सहित पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी दुर्घटनास्थल पर पहुंचे हैं। मृतकों की पार्थिव देह उनके गृहग्राम एवं परिजन तक पहुंचाने की सभी जरूरी व्यवस्थाएं तेजी से की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने सभी मृतकों के परिजन के प्रति अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष से हादसे का शिकार हुए सभी मृतकों के परिजन को 2-2 लाख रुपए तथा घायल श्रमिकों को 50-50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने काम के सिलसिले में राज्य की सीमा से बाहर जाने वाले सभी श्रमिकों से अपने काम के दौरान पूरी सतर्कता बरतने एवं खुद की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने की अपील भी की है।

## ब्रीफ न्यूज

### सुनीता विलियम्स को भारत रत्न देने की मांग

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के राज्यसभा सांसद मोहम्मद नदीमुल हक ने बुधवार को नासा अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स के लिए भारत रत्न की मांग की। भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री विलियम्स 18 मार्च को पृथ्वी पर सकुशल लौट आई। सांसद हक ने कहा कि विलियम्स को भारत रत्न देना सबसे बड़ा जश्न होगा। इस दौरान उन्होंने पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी की उस मांग का भी उल्लेख किया, जिसमें उन्होंने विलियम्स की उपलब्धि के लिए भारत रत्न से सम्मानित किया करने की बात कही थी।

### पीएम मोदी आज से दो दिवसीय थाईलैंड यात्रा पर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार से थाईलैंड की दो दिवसीय यात्रा पर रवाना हो रहे हैं। इस यात्रा से दोनों देशों के व्यापारिक संबंधों को मजबूती मिलने की उम्मीद है। थाईलैंड में भारत के राजदूत नागेश सिंह ने पीएम मोदी के दौरे को लेकर खुशी जाहिर की और कहा कि प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर थाईलैंड में उत्सुकता का माहौल है। इसकी वजह पीएम मोदी का बढ़ता राजनीतिक कद और थाईलैंड के लिए भारत की बढ़ती अहमियत वजह है। उन्होंने कहा कि हमारी एक्ट ईस्ट नीति और थाईलैंड की लुक वेस्ट नीति एक दूसरे की पूरक हैं। रक्षा और सशस्त्र बलों के मामले में भी दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ रहा है।

### सिद्धिविनायक मंदिर ने कमाई में तोड़े सारे रिकॉर्ड

**मुंबई।** मुंबई का प्रसिद्ध श्री सिद्धिविनायक गणपति मंदिर एक बार फिर अपनी ऐतिहासिक कमाई को लेकर चर्चा में है। मंदिर ट्रस्ट ने बताया कि हाल ही में समाप्त हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 में मंदिर की कुल आय 133 करोड़ तक पहुंच गई, जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 16 फीसदी जयादा है। मंदिर की कमाई में सबसे बड़ा योगदान श्रद्धालुओं द्वारा दिए गए दान और चढ़ावे का रहा। इसके अलावा, पूजा और अन्य धार्मिक अनुष्ठानों से 20 करोड़ की आय हुई।

## वक्फ संशोधन विधेयक लोकसभा में पेश, रिजिजू ने कहा-

# ...तो आज जिस संसद भवन में हम बैठे हैं वह भी वक्फ संपत्ति होती

**सरकार बिल के जरिए किसी भी धार्मिक मामले में हस्तक्षेप नहीं करेगी**

**गरीब मुसलमानों के लिए सरकार काम कर रही है, तो आपत्ति क्यों?**

एजेंसी ■ नई दिल्ली

वक्फ संशोधन विधेयक आज लोकसभा में पेश किया गया। इस विधेयक को लेकर विपक्ष द्वारा सरकार की मंशा पर लगातार सवाल उठाए जा रहे हैं। इसे लेकर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में अपने संबोधन में साफ कर दिया कि वक्फ विधेयक के जरिए सरकार किसी धर्म के मामले में हस्तक्षेप नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि यह विधेयक सिर्फ संपत्ति के प्रबंधन से जुड़ा है और इसका मंदिर या मस्जिद या किसी भी धार्मिक स्थल के प्रबंधन से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि यह संशोधन विधेयक लाने की जरूरत क्यों हुई। 2014 में हम लोग चुनाव में उतरे और उससे पहले 2013 में कुछ कदम ऐसे उठाए गए, जिन पर हैरानी होती है। रिजिजू ने कहा कि यदि यह संशोधन विधेयक न लाया गया होता तो आज जिस संसद भवन में डिबेट हो रही है, वह भी वक्फ संपत्ति होती।

लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पेश करने के बाद चर्चा के दौरान संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि वक्फ विधेयक किसी भी धार्मिक व्यवस्था, किसी भी धार्मिक संस्था या किसी भी धार्मिक प्रथा में किसी भी तरह से हस्तक्षेप नहीं कर रहा है। यह केवल संपत्ति प्रबंधन का मामला है। अगर कोई इस बुनियादी अंतर को समझने में विफल रहता है या जानबूझकर नहीं समझना चाहता है, तो मेरे पास इसका कोई समाधान नहीं है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि दुनिया का सबसे बड़ी वक्फ संपत्ति भारत में है। ऐसा कहा जाता है कि भारत में रेलवे और रक्षा क्षेत्र के बाद तीसरी सबसे ज्यादा जमीन वक्फ बोर्ड के पास है, लेकिन रेलवे और रक्षा क्षेत्र की संपत्ति देश की संपत्ति है। रेलवे की संपत्ति का पूरे देश के लोग इस्तेमाल करते हैं और रक्षा क्षेत्र की जमीन का इस्तेमाल देश की सुरक्षा में होता है, जबकि वक्फ बोर्ड की संपत्ति निजी संपत्ति है। वक्फ बोर्ड के पास लाखों एकड़ जमीन और लाखों करोड़ की संपत्ति है तो देश के गरीब मुसलमानों के लिए इसका इस्तेमाल क्यों नहीं किया जा रहा है? अगर पीएम मोदी के नेतृत्व में यह सरकार गरीब मुसलमानों की बेहतरी के लिए काम कर रही है, तो इसमें आपत्ति क्यों है? किरेन रिजिजू ने कहा कि अब वक्फ बोर्ड में शिया, सुन्नी, बोहरा, पिछड़े मुसलमान, महिलाएं और विशेषज्ञ गैर-मुस्लिम भी होंगे। मैं अपना खुद का उदाहरण देता हूं। मान लीजिए मैं मुसलमान नहीं हूं लेकिन मैं अल्पसंख्यक मामलों का मंत्री हूं। फिर मैं सेंट्रल वक्फ काउंसिल का चेयरमैन बन जाता हूं। मेरे पद के बावजूद, काउंसिल में अधिकतम 4 गैर-मुस्लिम सदस्य हो सकते हैं और उनमें से 2 महिला सदस्य अनिवार्य हैं।



### वक्फ में एक भी गैर मुस्लिम शामिल नहीं होगा : शाह

गृह मंत्री ने कहा, वक्फ बोर्ड में धार्मिक क्रियाकलाप चलाने के लिए गैर मुस्लिम को नहीं रखा जा रहा है। लेकिन विपक्ष इसके जरिये डराकर अपना वोट बैंक सुरक्षित करने का काम कर रहा है। वक्फ बोर्ड और वक्फ परिषद में गैर मुस्लिम रखने की बात है जिसका काम ये देखना है कि काम ठीक से हो रहा है या नहीं। इस सदन के माध्यम से पूरे देश के मुस्लिम भाइयों को कहना चाहता हूं कि आपके वक्फ में एक भी गैर मुस्लिम नहीं शामिल होगा। अमित शाह ने कहा कि वक्फ बोर्ड में जो संपत्तियां बेच खाने वाले, सौ-सौ साल के लिए औने-पौने दाम पर किराए पर देने वाले लोग है, वक्फ बोर्ड और वक्फ परिषद उन्हें पकड़ने का काम करेगा। ये चाहते हैं कि इनके राज में जो मिलीभगत चलती रहे। अब ये नहीं चलेगा।

### वक्फ बिल में कुछ भी गलत नहीं

वक्फ बिल का जेडीयू ने लोकसभा में खुलकर समर्थन किया है। केंद्रीय पंचायती राज मंत्री ललन सिंह ने जेडीयू की ओर से बोलते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी वही करते हैं, जो सही होता है। उन्होंने वक्फ बोर्ड में पारदर्शिता लाने के लिए बिल पेश किया है। इसका समर्थन होना चाहिए। ललन सिंह ने कहा कि पूरे देश का माहौल यह कहकर खराब किया जा रहा है कि यह बिल मुस्लिम विरोधी है। यह बिल कहीं से भी मुसलमान विरोधी नहीं है। वक्फ तो एक ट्रस्ट है, जो मुस्लिमों के हितों के लिए काम करता है। वक्फ में यह व्यवस्था होनी चाहिए कि वह मुस्लिमों के सभी वर्गों के साथ न्याय करे, जो नहीं हो रहा है।

### वक्फ बिल के समर्थन में मुस्लिम समाज ने पोस्टर पर लिखा- 'थैंक यू मोदी जी'

देशभर में चल रहे विरोध के बीच एक तरफ जहां भारत सरकार द्वारा लोकसभा में वक्फ संशोधन बिल पेश किया जा रहा है तो वहीं, दूसरी तरफ मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से अलग ही नजारा सामने आ रहा है। शहर में लोग सरकार द्वारा पेश किए जा रहे वक्फ संशोधन बिल के समर्थन में नजर आ रहे हैं। शहर के आनंदपुरा, हथाईखेड़ा डेम के पास स्थित मस्जिद रहमत के सामने बड़ी संख्या में इलाके के सैकड़ों लोग इकट्ठे होकर बिल के समर्थन में जश्न मना रहे हैं। राजधानी में वक्फ बोर्ड अमेंडमेंट बिल और पीएम मोदी के समर्थन में जश्न मनाया जा रहा है। बड़ी संख्या में इलाके के पुरूष, बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे अपने अपने घरों से निकलकर ढोल बजाते हुए जमकर आतिशबाजी कर रहे हैं।




लोगों का कहना है कि, बिल को लेकर भ्रामकता फैलाई जा रही है, जबकि ये हमारे हित में है। लोगों का ये तक कहना है कि वो दिल से मोदी जी के साथ हैं। बड़ी संख्या में इकट्ठे लोगों के एक हाथ में गुलाब तो वहीं दूसरे हाथ में 'थैंक्यू मोदी जी' का पोस्टर दिखाई दे रहा है। बता दें, सरकार ने इस अहम बिल पर चर्चा के लिए 8 घंटे का समय निर्धारित किया है, लेकिन अगर सदन की सहमति होती है तो ये समय बढ़ाया भी जा सकता है। ऐसे में इस बिल पर आज सदन में लंबी बहस होने की संभावना है।

### मैं रामजी का वंशज, मुझे राम मंदिर ट्रस्ट में रखो: मसूद

सांसद इमरान मसूद ने वक्फ संशोधन विधेयक में प्रस्तावित केंद्रीय वक्फ परिषद (सेंट्रल वक्फ काउंसिल) में गैर-मुस्लिम सदस्यों की नियुक्ति के प्रावधान पर कहा कि हमारे साथ क्या दुश्मनी है कि आप हमें तबाह करने पर लगे हैं। उन्होंने कहा कि वक्फ की कमाई से यतीम और गरीब लोगों की मदद होती है। इमरान ने कहा वक्फ के अंदर 22 मेंबर होंगे। 22 में 12 से अधिक नॉन मुस्लिम होंगे। वो क्या करेंगे। उन्हें वक्फ का पता है। उन्होंने आगे कहा कि आप मुझे कराइए राम मंदिर ट्रस्ट के अंदर। मैं भी रामजी का वंशज हूं।

### बिल पास हुआ तो छोड़ दें नीतीश का साथ: पीके

लोकसभा में वक्फ संसोधन बिल पर चर्चा के बीच बिहार का सियासी पारा गर्माया हुआ है। जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने सीएम नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) से इस बिल पर समर्थन नहीं करने की अपील की। उन्होंने जेडीयू के मुसलमान नेताओं से कहा है कि अगर यह बिल संसद से पास हो जाता है तो उन्हें नीतीश का साथ छोड़ देना चाहिए। क्योंकि, मुसलमानों की वजह से ही 2015 में नीतीश बिहार का चुनाव जीतकर सीएम बने थे। उन्होंने यह भी दावा किया कि अगर मुस्लिम नहीं होते तो नीतीश की राजनीति खत्म हो जाती।

# ओडिशा में पांच-छह साल के बच्चों के लिए 'शिशु वाटिका' शुरू

**सीएम बोले-इस पहल से बच्चों को एक अच्छा शैक्षिक आधार मिलेगा**

एजेंसी ■ भुवनेश्वर

ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने बुधवार को राज्य में नई शिक्षा नीति 2020 के तहत 'शिशु वाटिका' नामक पहल की शुरुआत की। इसका उद्देश्य 5-6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को प्री-स्कूल शिक्षा प्रदान करना है। बता दें कि इस पहल की शुरुआत सरकारी स्कूलों में प्रवेश उत्सव के दौरान की गई, जहां नन्हे-मुन्नों बच्चों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। उन्हें फूलों से सजाया गया और माथे पर पारंपरिक चंदन का टीका भी लगाया गया। इसके बाद बच्चों को खादी छूआन कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर मिला, जिसमें उन्होंने अपनी पहली बार स्लेट पर कुछ लिखने का प्रयास किया।

पेशे से शिक्षक सीएम मोहन चरण माझी ने बच्चों के साथ मिलकर उनकी शिक्षा यात्रा शुरू करने में उनकी मदद की। सीएम को बडागडा हाई स्कूल में एक कक्षा के फर्श पर बैठकर एक बच्चे का हाथ पकड़कर उसे स्लेट पर 'शून्य' लिखने में मदद करते हुए देखा गया। इसके बाद, मुख्यमंत्री ने कक्षा 9 और 10 के छात्रों को मध्याह्न भोजन भी परोसा।



ज्ञात हो कि ओडिशा राज्य सरकार ने अप्रैल 2025 से कक्षा 9 और 10 के छात्रों के लिए मध्याह्न भोजन योजना की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य छात्रों को बेहतर पोषण प्रदान करना है।

मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने कहा कि राज्य सरकार ओडिशा के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि शिशु वाटिका पहल बच्चों के लिए एक मजबूत और आत्मनिर्भर भविष्य बनाने में मदद करेगी। साथ ही उन्होंने बताया कि यह पहल ओडिशा की भाषा, साहित्य, संस्कृति, पारंपरिक भोजन और अन्य जीवनशैली के पहलुओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ओडिया पक्ष के अंतर्गत भी मनाई जा रही है। अंत में मुख्यमंत्री ने सभी से अपील की कि वे इस कार्यक्रम में शामिल होकर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में योगदान दें। उन्होंने कहा कि शिशु वाटिका पहल से बच्चों को एक अच्छा शैक्षिक आधार मिलेगा, जिससे उनका भविष्य बेहतर होगा।

# दिल्ली में फिर खराब हुई हवा ग्रैप का पहला चरण लागू

**दिल्ली वालों के लिए लगेंगी बंदिशें**

एजेंसी ■ नई दिल्ली

एक बार फिर से दिल्ली की हवा खराब हो गई है। प्रदूषण के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने तत्काल प्रभाव से ग्रेडेड एक्शन प्लान यानी ग्रैप के पहले चरण को लागू कर दिया है। इसके तहत दिल्लीवालों के लिए कुछ बंदिशें लगाई जाएंगी। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने अपने आदेश में बताया कि आज दिल्ली की औसत एयर क्वॉलिटी 217 के पार चली गई थी। नए नियम के अनुसार एक्यूआई के



200-300 के बीच जाने पर ग्रैप के पहले चरण को लागू किया जाता है।

सीएक्यूएम ने अपने आदेश में लिखा कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और आस-पास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने तत्काल प्रभाव से लागू करने का आदेश दिया है।

# गुजरात में 64 साल बाद होगा कांग्रेस का अधिवेशन

## पटेल समुदाय का समर्थन को पाने की कोशिश

एजेंसी ■ अहमदाबाद

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (कांग्रेस) 64 साल के लंबे अंतराल के बाद गुजरात में अपने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के अधिवेशन की मेजबानी करने जा रही है। यह ऐतिहासिक सत्र 8 और 9 अप्रैल 2025 को अहमदाबाद में आयोजित होगा। इससे पहले गुजरात में आखिरी एआईसीसी सत्र 1961 में भावनगर में हुआ था। गुजरात में अपने अस्तित्व के संकट और राष्ट्रीय स्तर पर लगातार मिल रही चुनावी हार के बीच पार्टी इस



सत्र के जरिए नई ऊर्जा प्राप्त करने की कोशिश करेगी। गुजरात में 64 साल बाद हो रहा यह एआईसीसी सत्र कई ऐतिहासिक संयोगों के कारण खास बन गया है। यह साल महात्मा गांधी की एकमात्र कांग्रेस अध्यक्षीय कार्यकाल की शताब्दी और सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती का भी प्रतीक है।


**मांग** सुरक्षाबलों ने ऑपरेशन चलाकर बड़े खूंखार नक्सलियों को किया है ढेर

# नक्सली बोले- सरकार ऑपरेशन बंद करे तो हम बातचीत को तैयार

एजेंसी ■ जगदलपुर

छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों की लगातार कार्रवाई के बाद अब नक्सलियों ने संघर्ष विराम की मांग की है। पत्र जारी कर कहा गया है कि सरकार अगर ऑपरेशन बंद करने का ऐलान करती है तो नक्सली बात करने को तैयार हैं। दरअसल बीते कुछ महीनों से सुरक्षाबलों की टीमें लगातार ऑपरेशन चला रही हैं जिसमें कई बड़े खूंखार नक्सलियों को जवानों ने ढेर कर दिया है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नक्सल प्रभावित बस्तर के दौरे से पहले नक्सलियों ने तत्काल युद्ध विराम और सशर्त शांति वार्ता की मांग की है। नक्सलियों के प्रवक्ता अभय की ओर से जारी बयान में केंद्र सरकार से एंटी नक्सल ऑपरेशन को रोकने का आग्रह किया गया है। इसके साथ ही सुरक्षाबलों की वापसी और माओवादी विरोधी अभियानों को रोकने की मांग की गई है। छत्तीसगढ़ के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों में नक्सलियों को लग रहे तगड़े झटकों के बीच वे शांति वार्ता के लिए तैयार हो गए हैं। नक्सलियों की सेंट्रल कमेटी की बैठक के बाद नक्सलियों के प्रवक्ता ने एक पर्चा जारी कर सरकारों से शांति वार्ता की पहल की है। नक्सलियों की सेंट्रल कमेटी ने कहा कि 15 महीने में हमारे 400 साथियों को मारा गया है। केंद्र और राज्य सरकारें ऑपरेशन रोकें तो हम बात करेंगे। नक्सलियों के प्रवक्ता अभय ने हिंदी और तेलगू दोनों भाषा में प्रेस रिलीज जारी केंद्र और राज्य सरकार से नक्सल विरोधी अभियान को रोकने के लिए अनुरोध किया है। इसके साथ ही सुरक्षा बल के जवानों को कैंप में ही रहने और नये कैंप नहीं खोलने की बात कही है। उसने प्रेस विज्ञप्ति में आगे लिखा है कि 24 मार्च को नक्सलियों के संगठन की हैदराबाद में एक बैठक हुई थी। इसमें यह तय हुआ था कि वो बिना किसी शर्त के बातचीत और शांति वार्ता करने के युद्ध विराम की घोषणा कर देंगे।



### गृहमंत्री शाह 5 अप्रैल को रायपुर में लेंगे बैठक

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 4 अप्रैल को रायपुर पहुंचेंगे। इसके बाद दूसरे दिन 5 अप्रैल को बस्तर संभाग के नक्सल प्रभावित जिले दंतेवाड़ा जाएंगे। वहां पर मां दंतेश्वरी का दर्शन करेंगे। इसके बाद बस्तर पंडुम के समापन में शिरकत करेंगे। उसके बाद शाह फोर्स के कमांडर्स के साथ बैठक लेंगे। फिर वापस रायपुर में आकर प्रशासनिक बैठक लेंगे। नक्सलियों से अंतिम निर्णायक लड़ाई लड़ने के लिये ये बैठक काफी अहम मानी जा रही है। बैठक लेने के बाद शाह दिल्ली रवाना हो जाएंगे। शाह पहले भी कह चुके हैं कि देश से नक्सलवाद को पूरी तरह खत्म करना है।

### हाट बाजार में मिलेट और विकास भवन में दीदी कैफे का किया शुभारंभ

# दीदी कैफे से ग्रामीण महिलाओं की बढ़ रही सामाजिक प्रतिष्ठाः पटेल

सत्ता सुधार ■ भोपाल

पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि पीएम मोदी का सपना स्व-सहायता समूहों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को आत्म-निर्भर एवं स्वावलंबी बनाना है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा संचालित आजीविका स्वाद संगम (दीदी कैफे) ग्रामीण महिलाओं की आय में वृद्धि करने का साधन बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्व-सहायता समूह न केवल ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक स्थिति को बेहतर कर रहे हैं बल्कि उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को भी बढ़ा रहे हैं।

मंत्री पटेल ने बुधवार को विकास भवन एवं भोपाल हाट बाजार ने समूहों द्वारा संचालित आजीविका स्वाद संगम (दीदी कैफे) का



शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि शास्त्रों एवं परंपरागत ज्ञान में उल्लेख है कि भोजन में स्वाद भोजन सामग्री के साथ ही बनाने वाले के भाव का भी होता है। दीदी कैफे में भोजन स्वादिष्ट है क्योंकि इसे तैयार करने वाली महिलाओं का अपनापन इसमें शामिल है।

उन्होंने भोपाल हाट बाजार में मिलेट से तैयार व्यंजनो के लिए कैफे स्थापित करने की पहल की सराहना की। उन्होंने दोनों कैफे का अवलोकन कर व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने समूह की महिलाओं से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। मंत्री ने कैफे में सफाई व्यवस्था एवं कचरा प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। विकास भवन स्थित कैफे का संचालन संगम सीएलएफ के आठ समूह सदस्यों एवं हाट बाजार मिलेट कैफे का संचालन उड़ान सीएलएफ की पांच समूह सदस्यों द्वारा किया जा रहा है। दीदी कैफे मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के क्लस्टर डवलपमेंट के तहत एक पहल है, जिसमें स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को प्रशिक्षित किया जाता है और उन्हें तकनीकी समर्थन एवं वित्तीय सहयोग प्रदान किया जाता है।

### भारत मोटे अनाजों का सबसे बड़ा उत्पादक

दुनिया में भारत मोटे अनाजों का सबसे बड़ा उत्पादक है। मोटे अनाज प्राचीन अद्भुत अनाज है, यह बेहतर स्वास्थ्य के लिए पोषण का भंडार है। वर्ष 2018 में भारत ने मोटे अनाजों को न्यूट्री- सेरेल्स घोषित किया है। गेहूं और चावल की तुलना में मोटे अनाजों में उच्च प्रोटीन, फाइबर और खनिज पाए जाते हैं, मोटे अनाज अत्याधिक पौष्टिक होते हैं। मोटे अनाज माइग्रेन और दिल के दौरे के प्रभाव को कम करने में मदद करता हैं। मोटे अनाजों में नियासिन (विटामिन-बी 3) पाया जाता है, जो कि कॉलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद करता है। मोटे अनाजों का सेवन हृदय रोग और मधुमेह को रोकने में कारगर है। मोटे अनाज ग्लूटेन फ्री और नॉन-एलर्जिक होते हैं।

## वक्फ संशोधन कानून बिल का पूरे देश ने किया स्वागत : डॉ. सनवर पटेल

सत्ता सुधार ■ भोपाल



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में वक्फ बोर्ड संसोधन कानून लाया गया है इस संबोधित कानून का देश ईमानदार मुस्लिम समाज ने ढोल नगाड़े बजाकर देश की सरकार का अभिनंदन किया है, मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ सनवर पटेल ने नये बिल का स्वागत करते हुए कहा कि अब वक्फ बोर्ड की संपत्तियों पर अवैध कब्जा करने वाले माफियाओं से मुक्ति मिलेगी, वही गरीब निर्धन मुस्लिम परिवारों के लिए एक नई आशा की किरण जागेगी। डॉक्टर पटेल ने कहा कि मध्यप्रदेश में भी अब एक अभियान चला कर वक्फ बोर्ड की संपत्तियों पर कब्जा करने वाले माफियाओं को जल्दी ही बेदखल किया जायेगा और जरुरत पड़ी तो कानून के माध्यम से जेल भेजा जायेगा। वक्फ की संपत्तियों का उपयोग मुस्लिम समाज के उत्थान और स्वावलंबी बनाने के लिए किया जाएगा, शिक्षा के बड़े संस्थानों से चर्चा कर मुस्लिम समाज के बच्चों को डाक्टर, इंजीनियर, और भारत रत्न अब्दुल कलाम जैसा बनने की ललक जगाई जायेगी। मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष पटेल ने भोपाल में मुस्लिम समाज द्वारा आज नये बिल के समर्थन और स्वागत किया गया और अभिनंदनीय है, उन्होंने कहा वह स्वयं उन सभी के बीच मिठाईयां लेकर जायेंगे।

## ब्रीफ न्यूज

### देवड़ा ने पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट पर जताया शोक

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने गुजरात के बनासकांठा जिले में स्थित पटाखा फैक्ट्री में हुई दुर्घटना पर गहन शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना में मध्यप्रदेश के कई श्रमिकों की मृत्यु तथा कुछ श्रमिकों के गंभीर रूप से घायल होने की घटना अत्यंत दुःखद एवं हृदयविदारक है। देवड़ा ने बाबा महाकाल से प्रार्थना की है कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें, घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें एवं शोकाकुल परिवारों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति दें। उन्होंने कहा कि इस विकट घड़ी में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार गुजरात सरकार के साथ निरंतर संपर्क में है। प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

### गेहूं उपार्जन के लिए किसान अब 9 तक कराएं पंजीयन

**भोपाल।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि किसानों के हित में रबी विपणन वर्ष 2025-26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन की अवधि 9 अप्रैल तक बढ़ा दी गई है। पूर्व में पंजीयन की अवधि 31 मार्च 2025 तक निर्धारित की गई थी। राजपूत ने किसानों से आग्रह किया है कि जिन किसानों ने अभी तक पंजीयन नहीं करवाया है, वे 9 अप्रैल तक गेहूँ उपार्जन के लिये पंजीयन जरूर कराएं। गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपए है और राज्य सरकार द्वारा 175 रूपये प्रति क्विंटल बोनस दिया जा रहा है।

### मेंटेनेन्स कर्मियों के लिए लगेंगे फ्री हेल्थ चेकअप कैम्प

**भोपाल।** मप्र पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यरत सभी ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेन्स कार्यो में संलग्न सभी स्थायी, संविदा एवं आउटसोर्स कर्मियों के लिये फ्री हेल्थ चेक-अप कैम्प आयोजित किये जाएं। साथ ही ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेन्स के सभी उप संभागों में जीवन रक्षक तकनीक पर कार्यशाला आयोजित की जाएं। मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक ने यह निर्देश जबलपुर में आयोजित ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेन्स कार्मिकों के लिये आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला में दिए।

**अगले 3 वर्ष में सभी बसाहटों को सड़कों से जोड़ा जाए**

**मप्र भारत सरकार से प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने में देश में प्रथम**

# प्रधानमंत्री जन-मन योजना में प्रदेश में बनी देश की पहली सड़क

### राज्य में विकसित ई-मार्ग पोर्टल राष्ट्रीय स्तर पर किया लागू, जिला स्तर पर सर्वे कराकर विकसित करें कार्य योजना

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों के सुगम आवागमन और बेहतर कनेक्टिविटी के लिए प्रदेश की शत-प्रतिशत बसाहटों को सड़कों से जोड़ने के लिए समय-सीमा निर्धारित कर कार्रवाई करें। सभी जिलों में सड़कों की आवश्यकता का वैज्ञानिक आधार पर सर्वे सुनिश्चित कर कार्य-योजना बनाई जाए। सड़कों की आवश्यकता के संबंध में विधायकों और पंचायत प्रतिनिधियों का अभिमत अवश्य लिया जाए। राज्य सरकार अगले तीन वर्ष में सभी बसाहटों को सड़कों से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में मध्य प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण की बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यों की समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अतिवृष्टि, बाढ़ तथा अन्य कारणों से क्षतिग्रस्त मार्गों की मरम्मत और उनके उन्नयन की आवश्यकता के प्रति सतर्क रहते हुए तत्परतापूर्वक कार्यवाही की जाए। सड़कों के रख-रखाव और नियमित निरीक्षण में मोबाइल एप, जियो टैगिंग तथा एआई टेक्नॉलोजी का उपयोग कर इसे अधिक प्रभावी बनाया जाए। सड़कों पर वर्तमान यातायात का सर्वे कर उन्नयन और लेन



विस्तारीकरण का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।

बैठक में जानकारी दी गई कि प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत पाण्डाटोला से बीजाटोला तक देश की पहली सड़क का निर्माण बालाघाट जिले के परसवाड़ा क्षेत्र में किया गया है। सड़कों के संधारण और उन्नयन के लिए भारत सरकार से प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने में प्रदेश, देश में प्रथम रहा है। प्रदेश में मार्गों के संधारण के लिए वर्ष 2015-16 से लागू ई-मार्ग पोर्टल की राष्ट्रीय स्तर पर सराहना हुई तथा केन्द्र सरकार द्वारा इसे सम्पूर्ण देश में नेशनल ई-मार्ग के रूप में लागू किया गया है।

बताया गया कि प्रदेश की 89 हजार बसाहटों में से 50 हजार 658 बसाहटों तक रोड़ कनेक्टिविटी सुनिश्चित कर ली गई है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-4 के अंतर्गत बनने वाली 11 हजार 544 बसाहटों के लिए सर्वे का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष 26 हजार 798 बसाहटों की कनेक्टिविटी के लिए राज्य सरकार द्वारा पहल की जा रही है। बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि सामान्य संधारण कार्यों का प्राक्कलन तैयार करने और तकनीकी प्रशासकीय स्वीकृति आदि की ऑनलाइन व्यवस्था सम्वेग पोर्टल के माध्यम से सुनिश्चित की जा रही है। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रह्लाद पटेल, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### मध्यप्रदेश को अतिवाद मुक्त करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश की धरती को नक्सल गतिविधियों से मुक्त करने के लिए राज्य पुलिस बल का अभियान तेजी से जारी है। उन्होंने कहा कि मंडला जिले में नक्सली कार्यों में संलिप्तों के साथ हुई भीषण मुठभेड़ में हमारे हॉकफोर्स के जवानों ने 14-14 लाख रुपए की इनामी 2 महिला नक्सली को मार गिराया है। मृतक नक्सली की शिनाख्त प्रतिमा और ममता नाम से हुई है। इनके कब्जे से हथियार और भारी मात्रा में गोला-बारूद भी जब्त किया गया।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को मीडिया को दिए संदेश में नक्सलवाद के खात्मे पर पुलिस जवानों का हौसला बढ़ाया और उन्हें बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने हिंसक गतिविधियों के खिलाफ राज्य सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति की प्रतिबद्धता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश में नक्सलवाद को जड़ से सफाये के लिए चलाए जा रहे अभियान में हमारे जवान पूरी सक्रियता के साथ कार्रवाई कर रहे हैं।

## प्रदेश में बढ़ गए अपराध, इंदौर में तो भाजपाई ही सुरक्षित नहीं

### कांग्रेस के प्रदर्शन में प्रदेशाध्यक्ष पटवारी भी हुए शामिल



सत्ता सुधार ■ भोपाल

नगर निगम का बजट घोषित होने के एक दिन पहले कांग्रेस ने इंदौर के संभागायुक्त कार्यालय पर बुधवार को प्रदर्शन किया। निगम में हुए घोटाले और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर भाजपा परिषद को कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने घेरा। वे प्रदर्शन में शामिल होने आए थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर इंदौर में गुंडों ने विज्ञापन दिए। प्रदेश में अपराध बढ़ गए है। इंदौर तो भाजपाई ही सुरक्षित नहीं है। भाजपा पार्षद ने भाजपा पार्षद के बेटे को निर्वस्त्र कर दिया। पूर्व लोकसभा स्पीकर के पोते के साथ मारपीट हो रही है। शहर की आम जनता कैसे सुरक्षित रह पाएगी। सुबह दस बजे कांग्रेस पार्षद संभागायुक्त कार्यालय पर एकत्र हुए। हाथों में कांग्रेस का झंडा लहराते हुए कार्यकर्ता आगे बढ़े तो पुलिस ने गेट पर उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन वे नारेबाजी करते हुए परिसर में घुस गए। प्रदर्शन में पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे, उजागर सिंह चड्ढा सहित अन्य नेता मौजूद थे। प्रदर्शन के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मीडिया से भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि सौरभ शर्मा की जमानत मंजूर हो गई,क्योंकि पुलिस चालान पेश नहीं कर पाई। उसे जानबूझ कर बचाया जा रहा है। भाजपा के नेता उससे मिले हुए है। जो डायरी सौरभ के पास से मिली थी। वह कहां गई। इस पर कोई बात नहीं हो रही है। मोहन सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच चुका है। पटवारी ने कहा कि जो गुंडे हिस्ट्रीशीटर है। जिनके फोटो थाने में लगे है। वे मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर विज्ञापन दे रहे है। भाजपा नेता तानाशाह हो चुके है। नशा खुलेआम बिक रहा है।

## मप्र में 27 अप्रैल को आईटी कॉन्क्लेव 200 से अधिक कंपनियां लेंगी भाग

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उद्योग निवेश सब्सिडी वितरण समारोह में राज्य सरकार की उद्योग नीति और निवेशकों के लिए किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश अब निवेशकों के लिए एक आकर्षक स्थल बन चुका है, जहां उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए सभी बाधाओं को दूर किया गया है। प्रदेश में व्यापार और उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया गया है, जिससे स्थानीय और वैश्विक उद्यमी यहां निवेश के लिए उत्साहित हैं।

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने घोषणा की कि 27 अप्रैल को इंदौर में आईटी सेक्टर की पहली भव्य कॉन्क्लेव आयोजित की जाएगी। यह कॉन्क्लेव प्रदेश के आईटी क्षेत्र को नई दिशा देने का कार्य करेगा, जिसमें देश-विदेश की 200 से अधिक कंपनियां भाग लेंगी। राज्य सरकार इस आयोजन के माध्यम से प्रदेश के आईटी सेक्टर को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करने और निवेशकों को आकर्षित करने का लक्ष्य रख रही है।

**इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का नया दौरः** मुख्यमंत्री ने बताया कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट और रिज़नल इन्वेस्टर्स कॉन्क्लेव की सफलता के बाद अब प्रदेश में जिला स्तर पर सेक्टर आधारित इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की शुरुआत की जा रही है। आईटी सेक्टर की इस पहली कॉन्क्लेव के बाद अन्य क्षेत्रों में भी इसी तरह के आयोजनों को बढ़ावा दिया जाएगा।

औद्योगिक विकास की दिशा में **ऐतिहासिक पहलः** मध्यप्रदेश में औद्योगिक विकास को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिए सरकार ने कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। प्रदेश में वृहद औद्योगिक इकाइयों को 3100 करोड़ और एमएसएमई इकाइयों को 2162 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान किया गया है। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि अब कोई भुगतान लंबित नहीं रहेगा।

**औद्योगिक क्रांति के लिए वैश्विक सहयोगः** प्रदेश सरकार उद्योग-व्यापार को नई दिशा देने के लिए अंतरराष्ट्रीय बिजनेस कंसल्टेंट और क्षेत्रीय विशेषज्ञों से सलाह ले रही है। उद्योगों के लोकार्पण और भूमि-पूजन की शुरुआत की गई है। यह यात्रा चंबल के भिंड से शुरू हुई और अब उज्जैन में 27 इकाइयों के भूमि-पूजन के साथ आगे बढ़ रही है।

## पराली जलने की रोकथाम के लिए बनाएं कार्ययोजनाः डॉ. कोठारी

### वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए हुई समेकित राज्य स्तरीय बैठक

सत्ता सुधार ■ भोपाल

प्रमुख सचिव पर्यावरण डॉ. नवनीत मोहन कोठारी की अध्यक्षता में पराली जलाने से होने वाले वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिये भोपाल में समेकित राज्य स्तरीय एवं जिला स्तरीय बैठक हुई। बैठक में किसान कल्याण तथा कृषि विकास, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, उद्योग, उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा, राजस्व, उद्यानिकी विभाग और मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी शामिल हुए। बैठक में धान एवं गेहूँ की कटाई के बाद जलने वाली पराली से होने वाले वायु प्रदूषण एवं उनसे पड़ने वाले स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव की रोकथाम के लिये प्रभावी कार्रवाई करने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। प्रमुख सचिव डॉ. कोठारी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पराली जलाने की घटनाओं को रोकने तथा वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाये जा रहे हैं। कोठारी ने कहा कि कृषि विभाग द्वारा गेहूँ की फसल की कटाई में उपयोग होने वाली मशीनों में रिपर/बेलर लगाना अनिवार्य किया



जाए। उन्होंने कहा कि पराली के वैकल्पिक उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश में स्थापित ताप विद्युत गृहों के अधिकारियों के साथ बैठक कर कृषि अवशेषों का दहन करने की कार्रवाई की जाये। उन्होंने कहा कि विगत वर्षों में कितनी मात्रा में कृषि अवशेषों का निष्पादन किया गया है तथा इस वर्ष की कार्य-योजना बनायी जाए। प्रमुख सचिव डॉ. कोठारी ने कहा कि सभी संबंधित विभाग व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से प्रदेश के किसानों को पराली जलाने से होने वाले नुकसान के बारे में अवगत कराएं। उन्होंने पराली जलाने के स्थान पर उपलब्ध विकल्प और शासन द्वारा दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि की जानकारी प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, सोशल मीडिया और स्थानीय केबल नेटवर्क के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध कराये जाने के निर्देश भी दिये। एनएएसएएफआईआरएमएस पोर्टल पर सेटेलाइट से आग लगने की घटनाओं पर उपलब्ध जानकारी के माध्यम से प्रदेश के प्रमुख जिलों में आग लगने की घटनाओं की संख्या एवं उनके भौगोलिक निर्देशांक की जानकारी तैयार की गयी है। इसे प्रतिदिन समस्त जिलाधिकारियों एवं संबंधित अधिकारी को व्हाट्सअप के माध्यम से अवगत कराया जाएगा।

**अभियान** समाज की भागीदारी से होगा बच्चों का भविष्य उज्जवल

# पोषण भी, पढ़ाई भीः आंगनवाड़ी केंद्रों में समग्र विकास की नई दिशा

सत्ता सुधार ■ भोपाल

बाल्यावस्था केवल खेल-कूद और मस्ती का समय नहीं है, बल्कि यह जीवन की आधारशिला रखने वाला महत्वपूर्ण दौर भी है। गर्भधारण से लेकर छह वर्ष की आयु तक का समय बच्चे के मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास के लिए बेहद अहम होता है। विशेष रूप से पहले 1000 दिन, गर्भ के नौ महीने और जन्म के बाद के दो साल, बच्चे के भविष्य की नींव मजबूत करने में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। इस दौरान सही पोषण के साथ-साथ संज्ञानात्मक विकास के अवसर भी उतने ही आवश्यक होते हैं।

संयुक्त परिवारों की घटती संख्या और बदलते सामाजिक परिवेश के कारण अब घर में बच्चों को पारंपरिक रूप से मिलने वाला सहज शिक्षण प्रभावित हो रहा है। इस कमी को पूरा करने के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों को सशक्त बनाया जा रहा है, जहां गर्भवती



महिलाओं, शिशुवती माताओं और छह साल तक के बच्चों को पोषण आहार के साथ-साथ प्रारंभिक शिक्षा दी जाती है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का मानना है कि बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिये न सिर्फ माता-पिता की बल्कि समाज की भागीदारी भी जरूरी है। पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सक्षम आंगनवाड़ी की पोषण भी, पढ़ाई भी अभियान की शुरूआत 10 मई 2023 को की गई थी। इसका उद्देश्य प्रारंभिक बाल्यवस्था में देखभाल और शिक्षा पर आंगनवाड़ी प्रणाली का ध्यान केन्द्रित करना है। साथ ही आंगनवाड़ी केन्द्र को उच्च गुणवत्ता वाली बुनियादी सुविधाओं खेल के उपकरण और विधिवत प्रशिक्षित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ एक शिक्षण केन्द्र में परिवर्तित करना भी इसका उद्देश्य है।

मुख्यमंत्री मानते हैं कि अच्छा पोषण न केवल शारीरिक वृद्धि बल्कि मानसिक विकास और सीखने की क्षमता को भी बढ़ावा देता है। पोषण भी, पढ़ाई भी कार्यक्रम के माध्यम से महिला एवं बाल विकास विभाग यह सुनिश्चित कर रहा है कि हमारे नौनिहालों को एक सकारात्मक, स्वच्छ वातावरण मिले, जहां वे सीखने और बढ़ने के लिए प्रेरित हों। यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर प्रयास करें। यदि हम बचपन में ही बच्चों को सही पोषण और सीखने के पर्याप्त अवसर दें, तो न केवल उनके स्वास्थ्य बल्कि उनके उज्जवल भविष्य की नींव मजबूत कर सकते हैं। पोषण भी पढ़ाई भी एक ऐसा अभियान है जिसके साथ जुड़ कर हम अपनी भावी पीढ़ियों को सशक्त बना सकते है और एक स्वस्थ, शिक्षित समाज का निर्माण करने में अहम भूमिका निभा सकते है।

### आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित

आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया है ताकि वे विकास में देरी या संभावित विकलांगता के संकेतों की पहचान कर सकें। इससे ऐसे बच्चों के शीघ्र उपचार और सही देखभाल की प्रक्रिया शुरू की जा सकेगी। कई बार बच्चों में विकास संबंधी समस्याएं तुरंत स्पष्ट नहीं होतीं, जैसे कि श्रवण या दृश्य बाधाएं, बोलने में देरी, डाउन सिंड्रोम, या सेरेब्रल पाल्सी। इनका समय पर पता लगाने से आगे चलकर गंभीर दिक्कतों से बचा जा सकता है। कार्यक्रम की प्रभावी निगरानी के लिए जिला कलेक्टरों और राज्य स्तरीय अधिकारियों द्वारा नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। मार्च 2025 में दो चरणों में आयोजित इस प्रशिक्षण के दौरान ऑनलाइन उपस्थिति पंजीयन की व्यवस्था की गई, जिससे वास्तविक आंकड़े प्राप्त किए जा सके।

## वन विभाग ने 1600 करोड़ से अधिक राजस्व प्राप्त कर रचा इतिहास

### ऑनलाइन चालान से विभाग को 1528 करोड़ की आय

सत्ता सुधार ■ भोपाल

वन विभाग की कुशल नीति, वन उत्पादों के प्रबंधन, डिजिटल प्रणाली और पारदर्शी नीलामी प्रक्रिया के परिणाम स्वरूप राजस्व में वृद्धि हो रही है। वन विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1600 करोड़ से अधिक राजस्व प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह वन विभाग की अब तक की सबसे अधिक राजस्व प्राप्ति है, जो पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 की तुलना में 200 करोड़ रुपए से अधिक है। वन विभाग द्वारा वर्ष 2023-24 में 1425 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया गया, वर्ष 2022-23 में 1400 करोड़ और वर्ष 2021-22 में 1444 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ था।

वन विभाग को प्राप्त राजस्व में सबसे बड़ा योगदान टिम्बर की बिक्री से हुआ है। इस वर्ष विभाग द्वारा टिम्बर बिक्री से 850 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। वन विभाग की नीलामी प्रक्रिया और बढ़ती मांग के कारण टिम्बर की बिक्री में वृद्धि हुई है। इसके अलावा अन्य वानिकी उत्पादों और पर्यावरण से जुड़े शुल्क से भी आय में वृद्धि हुई। वन विभाग को राजस्व संग्रहण की प्रक्रिया को पारदर्शी और डिजिटल बनाने से राजस्व में वृद्धि हुई है। ऑनलाइन चालान से विभाग को 1528 करोड़ की आय हुई, जबकि ट्रांसफर चालान से 763 करोड़ रुपए की प्राप्ति हुई है।

भोपाल आज का तापमान

MIN 20 | MAX 33

## ब्रीफ न्यूज

### एलएनसीटी में 6वीं जूनियर एवं सीनियर राज्य स्तरीय रग्बी प्रतियोगिता आज से

**भोपाल।** मध्य प्रदेश रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा एलएनसीटी कैंपस रायसेन रोड भोपाल में 6वी जूनियर एवं सीनियर राज्य स्तरीय रग्बी 7एस (महिला × पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 3 अप्रैल से 5 अप्रैल 2025 तक किया जा रहा है। रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन मध्य प्रदेश के सचिव अबरार अहमद शेख ने बताया कि इस राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, मंदसौर, रायसेन जिला, रायसेन कॉर्पोरेशन, खरगोन, शाजापुर, बैतूल, नर्मदापुरम, देवास जिला, देवास कॉर्पोरेशन जबलपुर, रतलाम, सीहोर जिला, सीहोर कार्पोरेशन इत्यादि 15 जिलों के 450 से अधिक महिला एवं पुरुष खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

### पटाखा फैक्ट्री में हुई दुर्घटना पर उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने व्यक्त किया शोक

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने गुजरात के बनासकांठा में हुई दुर्घटना पर गहन शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत आत्माओं को चरणों में स्थान देने और शोकाकुल परिजनों को इस कष्ट को सहन करने की शक्ति देने की ईश्वर से प्रार्थना की है। साथ ही, दुर्घटना में घायल हुए श्रमिकों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। शुक्ल ने कहा कि गुजरात के बनासकांठा जिले में स्थित एक पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण विस्फोट में मध्यप्रदेश के श्रमिकों की असामयिक मृत्यु तथा कई श्रमिकों के गंभीर रूप से घायल होने की हृदय-विदारक घटना अत्यंत दुखद एवं पीड़ादायक है। मध्यप्रदेश सरकार इस दुखद घड़ी में प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है। गुजरात सरकार से समन्वय स्थापित कर हरसंभव सहायता सुनिश्चित की जा रही है। मध्यप्रदेश सरकार घायलों के इलाज और प्रभावित परिवारों को आवश्यक सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

रहवासियों ने किया सुंदरकांड

# सेमरा में शराब दुकान बंद कराने स्कूली बच्चे और महिलाएं मैदान में उतरे



सत्ता सुधार ■ भोपाल

राजधानी के सेमरा साईराम कॉलोनी में शराब दुकान खुलने के विरोध में स्कूल बच्चे और महिलाएं भी मैदान में उतर आई हैं। बच्चों ने हाथों में तख्तियां लेकर इलाके में रैली निकाली और दुकान के सामने प्रदर्शन किया। इसके बाद रहवासियों ने सुंदरकांड का पाठ शुरू कर दिया ताकि, दुकान दूसरी जगह शिफ्ट हो सके। राजधानी भोपाल में इन दिनों अगल-अलग क्षेत्रों नें शराब की दुकान खुलने का विरोध देखने को मिल रहा है। अब तो बच्चे भी विरोध में सड़कों पर उतर आए हैं। बुधवार को भोपाल के सेमरा साईराम कॉलोनी में भी शराब दुकान खुलने का विरोध देखने को मिला। यहां कलारी बंद कराने के लिए स्कूली बच्चे और महिलाएं भी मैदान में उतर गई हैं। बच्चों ने हाथों में तख्तियां लेकर इलाके में रैली भी निकाली और दुकान के सामने ही प्रदर्शन किया। इसके बाद रहवासियों ने सुंदरकांड का पाठ शुरू कर दिया ताकि, दुकान दूसरी जगह शिफ्ट हो सके।

### स्कूल-धार्मिक स्थल के साथ रहवासी इलाका

रहवासियों का कहना है कि अभी जिस जगह दुकान है, वहां स्कूल-धार्मिक स्थल के साथ रहवासी इलाका भी है। ऐसे में हर रोज रहवासी परेशान हो रहे हैं। इसे दूसरी जगह शिफ्ट किया जाना चाहिए। प्रदर्शन कर रहे जीतू मलोटिया ने बताया कि स्टेशन रोड स्थित साई राम कॉलोनी सेमरा गेट मुख्य मार्ग पर शराब दुकान है। यह धार्मिक स्थल और स्कूल के नजदीक है। इस दुकान के सभी दस्तावेज चांदबड़ के नाम से हैं बावजूद इसके यह साई राम कॉलोनी में है। इन दुकानों से विजय नगर, साई राम कॉलोनी, बाबू कॉलोनी, लक्ष्मीपुरी, सेमरा के हजारों लोग हर रोज परेशान हैं, इसलिए दुकान को अन्य जगह पर शिफ्ट करने की मांग कर रहे हैं।

सेमरा साईराम कॉलोनी के लोग पिछली 3 जनसुनवाई में शराब दुकान को अन्य जगह पर शिफ्ट करने की भी मांग कर चुके हैं। पिछले दिनों कई महिलाएं हाथों में तख्तियां लेकर अफसरों के पास पहुंची थी। महिलाओं ने जल्द दुकान शिफ्ट नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी भी दी थी। उनका कहना था कि कई बार शराबी गंदी हरकतें करते हैं, जिससे बच्चों और महिलाओं को परेशानी होती है। प्रदर्शन कर रहे मलोटिया ने बताया सुंदरकांड का पाठ कल यानी गुरुवार तक चलेगा, बावजूद दुकान शिफ्ट नहीं होती है तो उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होने बताया कि कई बार शिकायत कर चुके हैं।

आज आएगा भोपाल नगर निगम का बजट

# 10 से 15 फीसदी बढ़ सकता है जल और प्रॉपर्टी टैक्स

## तीन साल पहले हुई थी बढ़ोतरी, अगर कर बढ़ा तो जनता पर पड़ेगा बोझ

सत्ता सुधार ■ भोपाल

भोपाल नगर निगम की बजट बैठक 3 अप्रैल को होगी। इसमें प्रॉपर्टी और जल टैक्स में 10 से 15 फसीदी बढ़ोतरी की संभावना जताई जा रही है। हालांकि विपक्ष इसका लगातार विरोध कर रहा है। दरअसल तीन साल पहले जलकर बढ़ाया गया था। भोपाल नगर निगम का 3 अप्रैल को बजट बैठ होगी। बजट बैठक में प्रॉपर्टी और जल टैक्स में 10 से 15 फीसदी बढ़ोतरी की संभावना जताई जा रही है। हालांकि विपक्ष इसका लगातार विरोध कर रहा है। दरअसल तीन साल पहले जलकर बढ़ाया गया था। जिसमे जलकर 15 फीसदी यानी, 30 रुपए की बढ़ोतरी की गई थी। अबकी बार भी 10 फीसदी तक जलकर बढ़ सकता है। प्रॉपर्टी और जल टैक्स में बढ़ोतरी के पीछे नगर निगम की आर्थिक तंगी बताई जा रही है।

### 20 से 30 रुपए की बढ़ोतरी हो सकती

अगर 3 साल बाद अब जलकर की राशि में 10 प्रतिशत की वृद्धि होती है तो, शहरवासियों को प्रति माह 230 से 240 रुपए तक देना पड़ सकता हैं। अभी 210 देने पड़ते हैं। यानी 20 से 30 रुपए की बढ़ोतरी हो सकती है। मार्च 2022 को आखिरी बार जलकर बढ़ा था। तब 180 की जगह जलकर के रूप में प्रति माह 210 रुपए लिए जाने का निर्णय हुआ था। वहीं प्रॉपर्टी टैक्स में भी बढ़ोतरी होने की बात कही जा रही है। जिन लोगों के मकान 2400 स्क्वायर फीट तक क्षेत्र में बने हैं, उनसे 210 रुपए प्रतिमाह लिए जा रहे हैं। तीन साल पहले प्रतिमाह 30 रुपए की बढ़ोतरी हुई थी। वहीं, जो मकान 2400 स्क्वायर फीट से अधिक क्षेत्र में बने हैं, वे 300 रुपए प्रतिमाह चुका रहे हैं। निचली आय वर्ग के लोगों को 30 रुपए प्रतिमाह की जल प्रभार शुल्क देना पड़ता है। जबकि बल्क कनेक्शन लेने वाले उपभोक्ता को फायदा मिल सकता है। अभी बल्क कनेक्शन के 35 हजार रुपए लगते हैं, इसे 15 से 20 हजार रुपए किया जा सकता है। यह राशि सीधे आधी हो जाएगी।




### पिछले बजट में इन योजनाओं पर नहीं हुआ कोई काम

1- 10 करोड़ रुपए से नए हेरिटेज प्रवेश द्वारों का निर्माण कार्य अभी तक शुरू नहीं हुआ।
2- ड्रेनेज इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए सबसे ज्यादा 35 करोड़ रुपए का प्रावधान अभी तक शुरू नहीं हुआ है।
3- 10 करोड़ रुपए की राशि से राजधानी के सार्वजनिक पार्कों के सौंदर्यीकरण जैसे कुछ प्रोजेक्ट अभी तक आंशिक रूप से ही पूरे हुए हैं।
4- शहर में 5 करोड़ रुपए से नए हॉकर्स कॉर्नर का निर्माण शुरू नहीं हो पाया।
5- 5 करोड़ रुपए से शहर के विभिन्न स्थानों पर महापुरुषों की मूर्तियां स्थापित करने कांम शुरू नहीं हुआ।

### पिछला बजट


भोपाल नगर निगम का पिछला बजट 3353 करोड़ रुपए का पेश हुआ था। इस बजट में कोई भी टैक्स नहीं बढ़ाया गया था। तब भी जल कर बढ़ाने की संभावना थी, पर विरोध के चलते ऐसा नहीं हो सका था। अवैध से वैध हुई कॉलोनियों में विकास कार्य कराए जाने के लिए करोड़ों रुपयों का प्रावधान जरूर किया गया था। वहीं, डोर-टू-डोर कचरा इकट्ठा करने के लिए इलेक्ट्रिक गाड़ियां खरीदने का प्रावधान भी था। इस प्रस्ताव के तहत निगम ने 100 से अधिक इलेक्ट्रिक रिक्शा खरीदे हैं। प्रॉपर्टी टैक्स में जितनी राशि मिलेगी, उसमें से 50 फीसदी उसी वार्ड में खर्च होंगी। कंवेंशन सेंटर 10 करोड़ रुपए और तालाबों को संवारने के लिए 5 करोड़ रुपए खर्च करने के प्रस्ताव भी बनाए थे। वहीं, राजधानी की सभी मुख्य सड़कों पर हरिगेज गेट बनाने का प्रस्ताव था। इस पर अमल नहीं हुआ है। निगम कर्मियों के 10वीं और 12वीं की मैरिट लिस्ट में आने वाले बच्चों को 5 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि देने के प्रस्ताव का अमल में लाया जा चुका है।

# ईद की खुशी हुई काफूर, पिता के साथ घर लौट रही मासूम को ट्रक ने कुचला, मौत

## पिता गंभीर रूप से घायल, अस्पताल में भर्ती

सत्ता सुधार ■ भोपाल

थाना प्रभारी हरिसिंह वर्मा ने बताया कि छह साल की आमना पिता के साथ सीहोर में रहने वाले एक रिश्तेदार के यहां ईद मनाने गई थी। मंगलवार देर रात ट्रक ने दोनों को मार दी। हादसे में बच्ची की मौत हो गई, जबकि पिता गंभीर रूप से घायल है। राजधानी भोपाल के गुनगा इलाके में बीती रात एक तेज रफ्तार ट्रक ने पिता-पुत्री को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल हुई बच्ची की हमीदिया अस्पताल में मौत हो गई, जबकि पिता का इलाज चल रहा है। पुलिस ने टक्कर मारने वाले ट्रक को जब्त कर लिया है, जबकि फरार चालक की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।




हादसे के समय पिता-पुत्री बैरसिया जाने के लिए साधन का इंतजार कर रहे थे, जबकि ट्रक गल्ला भरने के लिए मंडी की तरफ जा रहा था। थाना प्रभारी हरिसिंह वर्मा ने बताया कि आमना अली पुत्री सैय्यद जाहिद अली (6) शेरपुरा बैरसिया की रहने वाली थी। सोमवार को वह पिता के साथ सीहोर में रहने वाले एक रिश्तेदार के यहां ईद मनाने गई थी। वहां से लौटने के बाद मंगलवार की शाम को वह अपने परिवार के साथ ग्राम रुसल्ली में रहने वाले रिश्तेदार के यहां पहुंची थी। रात करीब ग्यारह बजे पूरा परिवार बैरसिया वापस लौटने के लिए रुसल्ली चौराहे पर साधन का इंतजार कर रहा था। उस वक्त आमना के साथ परिवार को अन्य बच्चे भी थे। इस दौरान भोपाल से बैरसिया की तरफ जा रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे खड़ी आमना अली और उसके पिता मोहम्मद जाहिद अली को टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया, जहां बच्ची आमना ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे में गंभीर रूप से घायल जाहिद अली का अस्पताल में इलाज चल रहा है। टीआई वर्मा ने बताया कि टक्कर मारने वाले ट्रक को जब्त कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सोशल मीडिया पर दोस्ती: इंजीनियरिंग छात्र ने किया नाबालिग से दुष्कर्म, गर्भवती होने पर हुआ खुलासा

सत्ता सुधार ■ भोपाल

17 साल की पीड़िता की करीब छह महीने पहले सोशल मीडिया के माध्यम से अजय गुप्ता नामक युवक से दोस्ती हुई थी। करीब तीन महीने पहले अजय ने किशोरी को मिलने बुलाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। अब पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। राजधानी भोपाल के पिपलानी थाना क्षेत्र में एक इंजीनियरिंग छात्र द्वारा सोशल मीडिया पर दोस्ती कर दसवीं की छात्रा के साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। तीन दिन पहले पेट में दर्द उठने के बाद छात्रा को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां पता चला कि वह गर्भवती है। उसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। जानकारी के अनुसार 17 वर्षीय पीड़िता बागसेवनिया इलाके में रहती है और दसवीं कक्षा में पढ़ती है। करीब छह




महीने पहले सोशल मीडिया के माध्यम से उसकी दोस्ती अजय गुप्ता नामक युवक से हुई थी। अजय पिपलानी इलाके में किराए से रहता है और निजी कॉलेज से इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा है। इंस्टाग्राम पर दोस्ती होने के बाद उनके बीच चैटिंग और फोन पर बातचीत होने लगी।

### तीन माह पहले किया दुष्कर्म

पीड़िता ने पुलिस को दिए बयान में बताया है कि तीन महीने पहले अजय ने उसे मिलने के लिए बुलाया था। वह मिलने पहुंची तो अजय उसे अपने किराए के कमरे पर लेकर गया और उसकी मर्जी के बगैर शारीरिक संबंध बनाए। उसके बाद भी उसने कई बार शारीरिक शोषण किया।

### पेट में दर्द उठा तो अस्पताल लेकर पहुंचे परिजन

परिजनों के अनुसार तीन दिन पहले किशोरी के पेट में दर्द उठा तो वे उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां पता चला कि छात्रा गर्भवती है। अस्पताल प्रबंधन ने इसकी जानकारी बागसेवनिया पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर शून्य पर केस दर्ज कर डायरी पिपलानी थाने भेज दी। पिपलानी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि कहीं आरोपी ने पीड़िता के अश्लील एमएमएस तो नहीं बनाए हैं। हालांकि, इसका खुलासा आरोपी की गिरफ्तारी के बाद होगा।

# कैमरों से होगी निगरानी, भिक्षा देने-लेने वालों पर सख्त कार्रवाई

### राजस्व सीमा क्षेत्र में भिक्षावृत्ति पूर्ण रूप से प्रतिबंधित

**भोपाल।** भोपाल जिले में भिक्षावृत्ति पर लगाम लगाने के लिए प्रशासन ने सख्त कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निर्देशन में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत जिले की समस्त राजस्व सीमा क्षेत्र में भिक्षावृत्ति पूर्ण रूप से प्रतिबंधित की गई है।

भिक्षावृत्ति के मामलों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि भोपाल स्मार्ट सिटी के ट्रैफिक सिग्नलों पर लगे कैमरों की मदद से भिक्षा देने और लेने वाले लोगों की पहचान की जाएगी और उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही सभी ट्रैफिक सिग्नलों पर ऑडियो-वीडियो विजुअल्स के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, जिसमें कलेक्टर एवं पुलिस आयुक्त भोपाल का संदेश प्रसारित किया जाएगा। नगर निगम भोपाल की कचरा संग्रहण गाड़ियों पर भी भिक्षावृत्ति उन्मूलन संबंधी संदेश चलाए जाएंगे ताकि आम नागरिकों में यह समझ बढ़े कि भिक्षावृत्ति एक सामाजिक बुराई और अपराध है, जिसकी आड़ में कई बार नशा, असामाजिक और आपराधिक गतिविधियां पनपती हैं। भिक्षावृत्ति पर रोक लगाने के लिए एसडीएम की मॉनीटरिंग में सामाजिक न्याय विभाग, महिला एवं बाल विकास, श्रम, नगर निगम और पुलिस विभाग के संयुक्त दल बनाये गये है जो औचक कार्यवाहियां करेंगे। सामाजिक न्याय विभाग जिले के सभी अनुविभागीय क्षेत्रों में कार्यदल गठित करेगा जो इस अभियान को जमीनी स्तर पर क्रियान्वित करेंगे।

## गणगौर चल समारोह




**भोपाल।** श्री मैढ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज, भोपाल के महिला प्रकोष्ठ/मंडल का गणगौर चल समारोह बुधवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। गणगौर चल समारोह नथमल धर्मशाला, लखेरापुरा से दोपहर 3:30 बजे समाज की महिला मंडल की अध्यक्ष शारदा कड़ेल तथा महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष दीपाली सोनी के संयोजन में प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गो से होते हुए नथमल धर्मशाला में चल समारोह का समापन हुआ, चल समारोह का हरिहर ज्वेलर्स, बालाजी भक्त मंडल, श्रृंगार ज्वैलर्स, जरी वाला ज्वैलर्स तथा सेठ जी ज्वेलर्स सहित अनेक स्थानों पर भव्य स्वागत करते हुए जल एवं ठंडाई वितरित की गई। समारोह में मुख्य प्रबंध कार्यकारिणी, युवा प्रकोष्ठ, महिला मंडल, महिला प्रकोष्ठ के समस्त पदाधिकारी/सदस्य तथा सैकड़ों समाज बंधुओं, माता, बहनों, बच्चों ने भाग लिया।

मौसम | दिन-रात का तापमान गिरा, मध्य प्रदेश में पिछले 24 घंटे से बदला है मौसम

# भोपाल, इंदौर और जबलपुर संभाग में आज बारिश का अलर्ट

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मध्य प्रदेश में पिछले 24 घंटे में कई जिलों में बादल छाए हुए हैं। साथ ही कुछ जिलों में हल्की बारिश भी दर्ज की गई है। अगले 24 घंटे में इंदौर, जबलपुर और भोपाल संभाग में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मध्य प्रदेश में पिछले 24 घंटे से मौसम बदला हुआ है। हवाओं के साथ नमी आने के कारण प्रदेश के दक्षिणी क्षेत्र में बादल बने हुए हैं। इसके साथ ही गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं बूंदाबांदी भी हो रही है। हवाओं की रफ्तार भी तेज बनी हुई है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक बुधवार-गुरुवार को नर्मदापुरम, इंदौर, जबलपुर और भोपाल संभाग के जिलों में कहीं-कहीं बारिश हो सकती है। लगातार मौसम में हो रहे बदलाव के कारण प्रदेश के दिन और रात के तापमान में गिरावट आई है। एक दिन पहले प्रदेश के तापमान में में सात डिग्री से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई। सबसे ज्यादा गिरावट सिवनी जिले में देखने को मिली, यहां का अधिकतम तापमान 7-8 डिग्री गिर कर 30.2 डिग्री दर्ज किया गया। इसी प्रकार मलाजखंड में 5.3 डिग्री की गिरावट देखी गई। बादल बने रहने के कारण रात के तापमान में कमी दर्ज की गई है। सबसे कम 12.6 डिग्री सेल्सियस तापमान सीधी में दर्ज किया गया। हिल स्टेशन पचमढ़ी में रात का पारा 20.6 डिग्री सेल्सियस पर रहा। दिन का सबसे अधिक 39.8 डिग्री सेल्सियस तापमान धार में रिकार्ड हुआ।



### इन मौसम प्रणालियों के प्रभाव का असर

मौसम विभाग के सीनियर वैज्ञानिक वेद प्रकाश ने बताया कि वर्तमान में मध्य महाराष्ट्र और उसके आसपास हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात बना हुआ है। दक्षिणी छत्तीसगढ़ से लेकर मध्य महाराष्ट्र तक एक द्रोणिका बनी हुई है। मध्य महाराष्ट्र पर बने चक्रवात से लेकर कर्नाटक और तमिलनाडु तक भी एक द्रोणिका बनी है। इन मौसम प्रणालियों के प्रभाव से हवाओं के साथ नमी आने से बादल बने हुए हैं। दक्षिणी मध्य प्रदेश में कहीं-कहीं बूंदाबांदी भी हो रही है। बुधवार-गुरुवार को नर्मदापुरम, इंदौर, जबलपुर एवं भोपाल संभाग के जिलों में कहीं-कहीं बारिश हो सकती है। गुरुवार से एक नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना है। उसके असर से गुरुवार को ग्वालियर, चंबल संभाग में भी कहीं-कहीं बारिश हो सकती है।

### 3 दिन ऐसा रहेगा मौसम

2 अप्रैल : इंदौर, उज्जैन, रतलाम, झाबुआ, अलीराजपुर, धार, बड़वानी, खरगोन, बुरहानपुर, खंडवा, हरदा, नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, सिवनी, पांढुर्णा में ओले गिरने का अलर्ट है। वहीं, रायसेन, सीहोर, उमरिया, शहडोल, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड में तेज आंधी चल सकती है।

# सतपुड़ा भवन में आईएएस अफसर के खिलाफ कर्मचारियों का हंगामा

**भोपाल।** राजधानी भोपाल में स्थित सतपुड़ा भवन में आदिम जाति कल्याण विभाग के कर्मचारियों ने बुधवार को हंगामा कर दिया। विभाग के कमिश्नर कार्यालय में देरी से पहुंचने पर एक कर्मचारी को सस्पेंड कर दिया गया था, इसके बाद कर्मचारी भड़क गए। भोपाल के सतपुड़ा भवन में आदिम जाति कल्याण विभाग के कार्यालय में बुधवार को कर्मचारियों ने जमकर हंगामा किया। कर्मचारियों का गुस्सा विभाग के एक निम्न श्रेणी लिपिक एलडीसी को सस्पेंड किए जाने को लेकर फूटा। कमिश्नर के खिलाफ कर्मचारियों ने एकजुट होकर जमकर नारेबाजी की। विवाद के चलते पुलिस तक बुलानी पड़ी। कर्मचारियों का आरोप है कि विभाग के कमिश्नर श्रीमन शुक्ला ने एक एलडीसी को किसी आदेश को टाइप करने के लिए फोन कर ऑफिस बुलाया था, लेकिन वह देरी से कार्यालय पहुंचा। इस पर कमिश्नर ने एलडीसी हर्षपाल को जमकर फटकार लगाई और सस्पेंड कर दिया। आरोप है कि उसे बोतल तक फेंक कर मारी। इसके बाद यह खबर अन्य कर्मचारियों तक पहुंची, जिन्होंने इसका विरोध किया और कमिश्नर के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी।

**एलडीसी को सस्पेंड करने पर भड़के**

## अब तक जिले की 35 जरूरतमंद महिलायें बन चुकी हैं 'शक्ति दीदी'

# जिले में सात और शक्ति दीदियों ने पेट्रोल पम्पों पर संभाली फ्यूल डिलेवरी वर्कर की जिम्मेदारी

**ग्वालियर।** सामान्यतः पेट्रोल पंपों पर फ्यूल डिलेवरी वर्कर के रूप में पुरुष ही ज्यादा नजर आते हैं। पर ग्वालियर जिले में जिला प्रशासन के प्रोत्साहन से महिलायें भी यह जिम्मेदारी सफलतापूर्वक निभा रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप महिलाओं के सशक्तिकरण और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिये ग्वालियर जिले में शक्ति दीदी के नाम से कलेक्टर रुचिका चौहान द्वारा यह प्रेरणादायी पहल की गई है। इस पहल के तहत बुधवार को जिले के 5 और व्यस्ततम पेट्रोल पंप पर 7 महिलाओं ने 'शक्ति दीदी' के रूप में फ्यूल डिलेवरी वर्कर का मोर्चा संभाल लिया है। जिला प्रशासन व पुलिस ने इन महिलाओं का हौंसला बढ़ाया है। कलेक्टर रुचिका चौहान ने बुधवार को सचिन तेंदुलकर मार्ग पर डीबी सिटी के



सामने स्थित साई हरिलीला पेट्रोल पंप पर लक्ष्मी सक्सेना एवं आरती सिसौदिया का स्वागत कर एवं उन्हें जैकेट पहनाकर शक्ति दीदी बनाया। इसी कड़ी में उन्होंने कलेक्ट्रेट के पीछे स्थित वैश्य एंड मुखर्जी पेट्रोल पंप पर रजनी नामदेव को यह जिम्मेदारी सौंपी। कलेक्टर ने जिलेवासियों से आह्वान किया है कि वे पेट्रोल पंप पर अपने वाहनों में डीजल पेट्रोल भरवाते समय शक्ति दीदियों के प्रति सम्मान का भाव रखें। साथ ही उनकी हौसला अफजाई भी करें। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी, कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास डी एस जादौन व सहायक संचालक राहुल पाठक एवं सहायक जिला आपूर्ति अधिकारी सौरभ जैन, दोनों पेट्रोल पंपों के संचालक व उनके परिजन मौजूद थे। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार व एसडीएम डबरा दिव्यांशु चौधरी ने डबरा स्थित विजय डीजल्स पंप पर गांधारी बाथम एवं डबरा में ही पारशनाथ फिलिंग पेट्रोल पंप पर खुशी सुबानी व सीमा शाक्य को शक्ति दीदी की जिम्मेदारी सौंपी। संयुक्त कलेक्टर संजीव जैन ने भिण्ड रोड स्थित शारदा फ्यूल पेट्रोल पंप पर आरती राठौर को फ्यूल डिलेवरी वर्कर का दायित्व सौंपा।

**शक्ति दीदियों की सुरक्षा को लेकर विशेष व्यवस्था बनाई:** कलेक्टर रुचिका चौहान एवं पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह ने जिले के पेट्रोल पंप पर शक्ति दीदी के रूप में फ्यूल डिलेवरी वर्कर का काम कर रहीं महिलाओं की सुरक्षा का खास ध्यान रखा है। उन्होंने क्षेत्रीय थाना प्रभारी व पुलिस बल को इन पेट्रोल पंपों का लगातार भ्रमण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही एक वॉट्सएप ग्रुप भी तैयार कराया है, जिसमें सभी शक्ति दीदी एवं संबंधित पुलिस थाना प्रभारी सहित अन्य अधिकारियों के फोन नम्बर जोड़े गए हैं। पेट्रोल पंप पर शक्ति दीदी सुविधाजनक तरीके से काम कर सकें। इसके लिये उनके कार्य का समय प्रातः 9 बजे से सायंकाल 5 बजे तक रखा गया है।

**शक्ति दीदी बनने के लिये महिलाएँ यहाँ कर सकती हैं संपर्क :** शक्ति दीदी बनकर फ्यूल डिलेवरी वर्कर के रूप में पेट्रोल पंपों पर काम करने की इच्छुक महिलायें कलेक्ट्रेट स्थित जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास अथवा अपने नजदीकी बाल विकास परियोजना कार्यालय में संपर्क कर सकती हैं। साथ ही कलेक्ट्रेट स्थित खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के कार्यालय में भी इसके लिये संपर्क किया जा सकता है।

## कम्पू पुलिस थाना में भारतीय न्याय संस्था एवं गर्भ के चिकित्सीय समापन अधिनियम के तहत दर्ज कराई गई एफआईआर

# अवैध गर्भपात प्रकरण से संबंधित पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**ग्वालियर।** गत 26 मार्च को गुड़ा गुड़ी का नाका कम्पू स्थित स्मार्ट सिटी हॉस्पिटल एण्ड मल्टीस्पेशिलिटी ट्रामा सेंटर में किए गए अवैध गर्भपात में लिप्त पाँच आरोपियों के खिलाफ पुलिस थाना कम्पू में एफआईआर दर्ज कराई गई है। इन आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा-94 एवं गर्भ का चिकित्सकीय समापन अधिनियम 1971 की धारा-4 के तहत प्रकरण दर्ज किए गए हैं।




मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सचिन श्रीवास्तव ने बताया कि गत 26 मार्च को सूचना मिली थी कि स्मार्ट सिटी हॉस्पिटल एण्ड मल्टीस्पेशिलिटी ट्रामा सेंटर में अवैध गर्भपात किया जा रहा है। इस सूचना कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान को अवगत कराया गया। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुँचकर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। सीएमएचओ डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि इस क्रम में एमडी मेडीसिन डॉ. बिंदु सिंघल, जिला क्षय अधिकारी डॉ. विजय पाठक, डीएचओ-2 एवं पीसी-पीएनडीटी नोडल अधिकारी डॉ. प्रबल प्रताप सिंह, नर्सिंग होम शाखा प्रभारी श्री जितेन्द्र सिंह तोमर व एमपीटीपी तथा पीसी-पीएनडीटी शाखा श्री संजय जोशी मौके पर पहुँचे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि दल द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान पाया गया कि इस नर्सिंग होम में जिला चिकित्सालय मुरैना में पदस्थ डॉ. नेहा नागौरी द्वारा एक महिला के गर्भ का समापन किया जा रहा है। मौके पर मौजूद मिली संबंधित महिला की सास ने जानकारी दी कि मेरी बहू के पूर्व से ही दो बेटियां हैं। तीसरे बच्चे का गर्भ समापन कराया गया है। जाँच में यह भी पता चला कि यह नर्सिंग होम बगैर पंजीयन के संचालित है। भवन स्वामी द्वारा भी इसकी सूचना कार्यालय में नहीं दी गई। इससे जाहिर हुआ कि संबंधितों द्वारा एमपीटीपी एक्ट एवं नर्सिंग होम एक्ट का स्पष्टतः उल्लंघन किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि इस प्रकरण में जिला क्षय अधिकारी डॉ. विजय पाठक के माध्यम से कम्पू पुलिस थाना में आवेदन देकर आरोपी डॉ. नेहा नागौरी, स्टाफ नर्स स्मार्ट सिटी हॉस्पिटल किरण कश्यप, संबंधित महिला व उसकी सास तथा उस परिवार के एक पुरूष सदस्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी गई है। पुलिस द्वारा यह प्रकरण विवेचना में लिया गया है।

## जिंदगी को जिंदा देखना हो तो वर्तमान को ठीक से जीना सीखना होगा : बलदेव अग्रवाल



**भितरवार।** प्रदेश भर में नवीन शिक्षण सत्र 2025- 26 की शुरुआत 1 अप्रैल से स्कूल चले हम अभियान के रूप में शुरू हो गई है। अभियान के दौरान प्रदेश में 1 से 4 अप्रैल तक प्रवेश उत्सव के दौरान अलग-अलग थीम पर चार दिवसीय कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं। इसी क्रम में अभियान के दूसरे दिन बुधवार को शासकीय सीएम राइज मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल में भविष्य से भेंट की थीम को लेकर नगर परिषद अध्यक्ष बलदेव अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां उन्होंने उपस्थित बच्चों को भविष्य को लेकर अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि, जिंदगी को जिंदा देखना हो तो वर्तमान को ठीक से जीना सीखना होगा। जिसके लिए लक्ष्य बनाकर शिक्षा हासिल करना है और लक्ष्य बनाकर ही हमें अपना मुकाम स्थापित करना है।

## अवंतिका गैस लि. ने निगम को भेंट किए पांच टिपर वाहन



**ग्वालियर।** अवंतिका गैस लि. ने अपनी सीएसआर मद से नगर निगम ग्वालियर को पांच सीएनजी टिपर वाहन दिए हैं। जिसको महापौर डॉ. शौभा सतीश सिंह सिकरवार, एमआईसी सदस्य श्री श्री अवधेश कौरव, श्री नाथूराम ठेकेदार, श्री शकील मंसूरी, श्री विनोद यादव माठू, श्रीमती प्रेमलता धर्मेन्द्र जैन, श्रीमती संध्या सोनू कुशवाह, श्रीमती उपासना संजय यादव एवं नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय, अपर आयुक्त श्री मुनीष सिंह सिकरवार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नोडल अधिकारी कार्यशाला श्री पुष्पेंद्र श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम ग्वालियर के स्वच्छता के कार्य में लगे वाहनों में पांच सीएनजी वाहन और शामिल हो गए हैं। यह वाहन अवंतिका गैस लि. ने अपनी सीएसआर मद से नगर निगम ग्वालियर को दिए हैं तथा यह वाहन 45 लाख 80 हजार रूपये के हैं। इन टिपर वाहनों का उपयोग डोर टू डोर कचरा संग्रहण के लिए किया जाएगा। उक्त वाहनों में चार प्रकार के कचरे के लिए अलग अलग बॉक्स बनाए गए है।

### चराईडांग में होगा बहुउद्देश्यीय केन्द्र का निर्माण

## जिला पंचायत सीईओ विवेक कुमार ने लिया आवंटित जमीन का जायजा



**ग्वालियर।** जिले के विकासखंड घाटीगाँव के आदिवासी बहुल ग्राम चराईडांग में पीएम जनमन योजना के तहत मल्टीपरपज सेंटर (बहुउद्देश्यीय केन्द्र) बनने जा रहा है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विवेक कुमार ने इस केन्द्र के लिये आवंटित जमीन का बुधवार को निरीक्षण किया। साथ ही केन्द्र का काम जल्द से जल्द शुरू कराने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। भ्रमण के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री विवेक कुमार ने ग्रामीणों से जल गंगा संवर्धन अभियान पर भी चर्चा की। उन्होंने अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। साथ ही अभियान के तहत वृहद स्तर पर जल संरक्षण का कार्य करने एवं मिलजुलकर गाँव की जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा इस कार्य में शासन स्तर से मदद दिलाई जायेगी। इस अवसर पर एसडीएम घाटीगाँव श्री राजीव समाधिया सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं ग्रामीणजन मौजूद थे।

## गर्मी से पहले ही लड़खड़ाई पेयजल आपूर्ति

# दो साल इंतजार के बाद वार्ड 63 की महिलाओं के सब्र का बांध टूटा, वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट पर किया प्रदर्शन

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

गर्मी की ठीक से शुरुआत भी नहीं हुई है, इससे पहले शहर पेयजल आपूर्ति लड़खड़ाती नजर आ रही है। इसी के चलते नगर निगम के वार्ड क्रमांक 63 जलालपुर की महिलाओं ने सिर पर खाली मटके रखकर प्रदर्शन किया, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के सामने हुए प्रदर्शन के दौरान कुछ महिलाओं ने मटके भी फोड़े।



स्वच्छ पेयजल आपूर्ति को लेकर शहर के नए वार्डों में आने वाले जलालपुर गांव के निवासियों का सब्र अंततः जवाब दे गया और उन्होंने वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट पर जाकर अपना रोस जताया है। जनप्रतिनिधियों के आश्वासन पर कई सालों से नाले के आस-पास की बोरिंगों का गन्दा पानी पी रहे हैं। जिसके चलते लोग बीमारियों का शिकार हो रहे थे, हालांकि भाजपा विधायक एवं जलालपुर के पूर्व सरपंच प्रीतम लोधी पिछले दो साल से टैंकरों से पानी सप्लाई कर रहे हैं, लेकिन आवादी के अनुपात में यह व्यवस्था नाकाफी साबित हो रही है। भाजपा विधायक के प्रयासों सेदो साल पहले यहां अमृत योजना के तहत पानी की लाइन डाल दी गई मगर उसमें पानी सप्लाई अभी तक नहीं हो सकी। निगम प्रशासन द्वारा ग्रामीणों की समस्या को लगातार अनदेखा किया गया तो उनका धैर्य जवाब दे गया और क्षेत्र की महिलाओं ने एकत्रित हो कर बुधवार को नगर निगम के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पर खाली मटके लेकर प्रदर्शन कर आंदोलन का बिगुल फूंक दिया।

### अब नलों में पानी नहीं आया तो होगा उग्र प्रदर्शन

आक्रोशित महिलाओं को अधिकारियों द्वारा जल्द सप्लाई शुरू करने का आश्वासन दिया गया साथ ही खाली मटकों को शुद्ध पानी से भर कर उनके आक्रोश को कम करने का प्रयास किया गया। इसके बाद वह भरे हुए मटकों के साथ वापस लौट गई। मीडिया से बात करते हुए महिलाओं ने कहा कि हम दो साल से इन्तजार कर रहे हैं लेकिन पानी नहीं मिल रहा आज हमारे मटके अधिकारियों ने भरे हैं यदि ये खाली हुए और घर के नलों में पानी नहीं पहुंचा तो उग्र प्रदर्शन किया जायेगा।

## पड़ोसी ने घर में घुस 14 वर्षीय किशोरी से किया दुष्कर्म का प्रयास

### उटीला थाना क्षेत्र की घटना, आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

**ग्वालियर।** पड़ोसी द्वारा घर में घुसकर 14 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म का प्रयास किए जाने का मामला सामने आया है, यही नहीं पीड़िता के विरोध करने पर आरोपी ने उसे जाने से मारने तक की धमकी दे डाली। घटना उटीला थाना इलाके की है, जिसमें किशोरी की शिकायत पर पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। उटीला थाना क्षेत्र के ग्राम बंधौली निवासी 14 वर्षीय किशोरी के माता- पिता बीती 31 मार्च को खेत पर काम करने गए हुए थे। जबकि तबियत ठीक नहीं होने से किशोरी उनके साथ खेत पर काम करने नहीं जाते हुए घर पर ही सो रही थी। इसी दौरान दोपहर तीन बजे के लगभग पड़ोस में रहने वाला अलबेला धानुक चुपचाप उसके रूम में घुस आया और किशोरी के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। जब किशोरी ने उसका विरोध किया, तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देने लगा। आरोपी को हावी होता देख किशोरी ने बचने के लिए शोर मचा दिया, जिससे पकड़े जाने के डर से वह गाली- गलौज करते हुए भाग निकला। इसके बाद सहमी हुई किशोरी भीतर से रूम की कुंदी लगाकर सो गई, तथा माता- पिता के घर आने पर उन्हें पूरी घटना के बारे में बताया, मामले का पता लगते ही परिजन तुरंत बिटिया को लेकर थाने पहुंचे और शिकायत की। उटीला थाना प्रभारी शिवम सिंह राजावत ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 74, 76, 333, 351(3) व 7/8 पॉक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी गई है, जिसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।




## तीन घंटे में रफ़ी साहेब के 20 गानों की प्रस्तुति, दर्शकों की फइमाइश भी शामिल

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

तानसेन नगरी ग्वालियर की संगीत प्रेमी जनता को ग्वालियर के जाने माने गायक ( रफ़ी साहेब फेम ) के आमजन के बीच होने वाली संगीत कार्यक्रम का इंतजार रहता है। गत 1 अप्रैल को संजय धूपर अपने पत्नी वैशाली और अपनी छात्रायें दीक्षा मिश्रा, चारु भार्गव और अनूप जैन के साथ ग्वालियर के ऐतहासिक स्थल महाराज बाड़े में उपस्थित हुए और टाउन हाल के बाहरी प्रांगण में बॉलीवुड के सुनहरे रफ़ी साहेब के गीतों से कार्यक्रम शाम सात बजे से शुरू किया, जो देर रात्रि साढ़े नौ बजे तक नॉन स्टॉप चल। खास बात रही की प्रोग्राम में हर वर्ग के दर्शक मजदूर, व्यापारी, युवा वर्ग और परिवार वर्ग के लोग बड़ी तादाद में उपस्थित रहे। कुछ छोटे बच्चो ने भी अपनी प्रस्तुति मंच से दी। प्रोग्राम के दौरान पूरा ऐतिहासिक महाराज बाड़ा रफ़ी साहेब के 20 से ज्यादा एकल व युगल गीत प्रस्तुत किये जिसमें अधिकतर दर्शकों की फरमाइश भी शामिल रही।

## स्कूल चलें हमः भविष्य से भेंट कार्यक्रम

# प्रबुद्धजनों व विषय विशेषज्ञों ने स्कूली बच्चों को बताए सफलता के गुर

**ग्वालियर।** सफल जीवन में लक्ष्य निर्धारण का विशेष है। लक्ष्य हासिल करने के लिये संयम, समन्वय व अनुशासन जरूरी है। यह बात राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय की कुलगुरू डॉ. स्मिता सहस्त्रबुद्धे ने कम्पू स्थित सांदीपनि विद्यालय (शासकीय पद्माराजा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय) की छात्राओं से संवाद के दौरान कही। डॉ. सहस्त्र बुद्धे स्कूल चलें हम अभियान के तहत बुधवार 2 अप्रैल को भविष्य से भेंट कार्यक्रम में छात्राओं को प्रोत्साहित कर रही थीं। इस अवसर पर उन्होंने पूर्व पार्षद डॉ. करुणा सक्सेना के साथ विद्यालय की बालिकाओं को भविष्य की संभावनाओं के लिये प्रेरित किया।



स्कूल चलें हम अभियान के दूसरे दिन 2 अप्रैल को ग्वालियर जिले के सरकारी स्कूलों में भविष्य से भेंट'' कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्ध, प्रबुद्ध और सम्मानित गणमान्य नागरिक प्रेरक के रूप में स्कूलों में पहुँचकर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत विशिष्ट उपलब्धियाँ हासिल करने वाले साहित्यकार, कलाकार, मीडिया व संचार मित्र एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी स्कूली बच्चों को प्रोत्साहित करने पहुँचे।

इसी तरह रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव नवल शुक्ला व क्षेत्रीय पार्षद अनिल सांखला ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या गजराराजा स्कूल में छात्राओं का मार्गदर्शन किया। इंडियन मेडीकल एसोसिएशन की सचिव डॉ. स्नेहलता दुबे ने शासकीय उत्कृष्ट उमावि क्र.-1 में विद्यार्थियों को प्रेरक व ज्ञानवर्धक प्रसंग बताए। साथ ही चिकित्सक बनने के गुर भी समझाए। डॉ. अरविंद मित्तल ने शासकीय उमावि क्र.-2 के बच्चों को मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के लिये पौष्टिक भोजन व समय प्रबंधन की बारीकियां समझाईं। भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत वरिष्ठ पत्रकार देव श्रीमाली एवं उप संचालक जनसंपर्क मधु सोलापुरकर ने सांदीपनि विद्यालय हजीरा (सीएम राईज शासकीय उमावि पटेल) में पत्रकारिता के क्षेत्र में कैरियर बनाने से संबंधित रोचक जानकारी दी। साथ ही विभिन्न प्रकार के दृष्टांत देकर बच्चों को जीवन में सफलता के लिये प्रेरित किया। इसी तरह वरिष्ठ पत्रकार अर्पण राउत ने शासकीय उमावि गोरखी में विद्यार्थियों से आत्मविश्वास व मेहनत के साथ जीवन पथ पर आगे बढ़ने और लक्ष्य निर्धारित कर प्रयास करने पर बल दिया।

## मानवता हुई शर्मसार

# कचरे के ढेर पर फेंका हुआ मिला सात से आठ माह का भ्रूण, पुलिस जांच में जुटी

**भितरवार।** बुधवार की अल सुबह मानवता को शर्मसार करने वाला एक मामला सामने आया है। भितरवार नगर के मुख्य बाजार स्थित मस्जिद के पास सड़क मार्ग पर बने डिवाइडर पर लगे कचरे के ढेर में एक सात से आठ माह के बच्चे का भ्रूण सुबह मॉर्निंग वॉक पर जाने वाले लोगों को दिखा तो उन्होंने इसकी सूचना भितरवार पुलिस को दी। सूचना के बाद नगरीय निकाय के अमले की मदद से बच्चे के भ्रूण को सड़क से जप्त कर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक अस्पताल भेजा गया तो वहीं पुलिस ने भ्रूण फेंकने वाले आरोपी की तलाश में आसपास के लगे सभी सीसीटीवी कैमरे तलाशना शुरू करते हुए भ्रूण फेंकने वाले अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। सड़क पर किसी ने रात्रि के अंधेरे का फायदा उठाकर भ्रूण को फेंका है जिसको लेकर सीसीटीवी कैमरा से जांच की जा रही है साथ ही भ्रूण को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भी दिया गया है और मौत के कारण की जांच की जा रही है। फिलहाल मामले में मर्ग कायमी कर ली गई है।



**चंद्रशेखर कुशवाहा- प्रभारी थाना प्रभारी पुलिस थाना भितरवार**

7 से 8 महीने के भ्रूण बच्चे का शव आया था जिसका परीक्षण कर उसका प्ले सेंटर और बिसरा इत्यादि लिया गया है इसके कुछ अंग डीएनए के लिए भेजे गए हैं। इसके बाद ही उसकी पहचान सुनिश्चित की जा सकती है।

**डॉ एस एल माहौर - मेडिकल ऑफिसर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भितरवार**

## जल संरचनाओं को संरक्षित करने के लिए जन श्रमदान है जरूरीः एसडीएम

**भितरवार।** बुधवार को मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, योजना, आर्थिक एवं सांख्यकीय विभाग अंतर्गत नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति छिरेटा के जन सूचनाकेन्द्र, वाचनालय, संस्कार केन्द्र का अवलोकन कर निःशुल्क कोचिंग सेंटर का फीता काटकर शुभारंभ किया गया और उपस्थित ग्रामीणों से शासन की योजनाओं के सम्बंध में जन सम्बाद कर शासन और समाज के प्रयासों से प्रदेश के मुख्यमंत्री जी की मंशानुरूप जल गंगा संवर्धन अभियान के लिए ग्राम की पोखर में गहरीकरण के लिए श्रमदान किया गया। इस अवसर पर भितरवार एसडीएम देवकीनंदन सिंह ने कहा कि जल है तो कल है इसे संरक्षित करने में ही भलाई है जल पंचमहाभूतों में से एक है तथा जल संरचनाओं को संरक्षित करने के लिए जन समुदाय की श्रमदान की जरूरत है।जल गंगा संवर्धन अभियान के संवाद और श्रमदान कार्यक्रम में एसडीएम देवकीनंदन सिंह, ग्वालियर के संभाग समन्वयक सुशील बरुआ, भितरवार तहसीलदार धीरज सिंह परिहार,जिला समन्वयक धर्मेन्द्र कुमार दीक्षित, विकास खण्ड समन्वयक मनोज दुबे, बीसीएम जयंत सिंह यादव, दिनेश शर्मा, नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि पातीराम, नारायण सिंह कुशवाह, मनीष शर्मा, कुलदीप नामदेव, कोमल सिंह रावत, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भावना जाटव, प्रस्फुटन समिति और एमएस डब्ल्यू तथा बीएस डब्ल्यू के छात्रों सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## नोटिस

यह कि प्रार्थीगण 1- वीरेन्द्र कुमार शर्मा 2- उमाशंकर शर्मा 3- विनोद कुमार शर्मा पुत्र गण देवीदयाल शर्मा 4- सुनीता देवी पत्नी उमाशंकर निवासीगण शारदा सिनेमाघर के बगल में ग्वालियर रोड भिण्ड म.प्र. ने आपके विरूद्ध मौजा कीरतपुरा पर. व जिला भिण्ड म.प्र. में स्थित आराजी क्र. 4 रकवा 0.160 एवं 13 रकवा 0.010 के लिए विर्निदिष्ट अनुतोष अधिनियम की धारा 34 व 38 के अंर्तगत स्वत्व घोषणा एवं स्थाई निषेधाज्ञा का वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि दिनांक 29-04-2025 में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 26 March 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(श्रीमती निधि नीलेश श्रीवास्तव)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश**
**वर्ग-ए, जिला भिण्ड(म.प्र.)**

## ब्रीफ न्यूज़

### दक्षिण कोरियाः राष्ट्रपति के खिलाफ आए महाभियोग पर फैसला 5 को

**सोल।** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक योल के खिलाफ आए महाभियोग पर फैसला 5 अप्रैल को होना है। कहीं कोई अप्रिय स्थिति न बने इसके लिए 14 हजार पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। राष्ट्रीय पुलिस एजेंसी ने पुलिस बलों को गैफो अलर्ट पर रखा है, जो उच्चतम स्तर है और सभी उपलब्ध पुलिस बलों को आपातकालीन स्टैंडबाय पर रखता है। सभी संवैधानिक न्यायालय के जजों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है और पुलिस संवैधानिक न्यायालय परिसर में घुसने का प्रयास करने वालों को तुरंत गिरफ्तार कर लेगी। यदि यून फैसले के लिए अदालत में उपस्थित होते हैं, तो पुलिस राष्ट्रपति निवास से संवैधानिक न्यायालय तक के मार्ग को सुरक्षित करने के लिए कदम उठाएगी और रास्ते में उनके पक्ष या विपक्ष में प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों को अलग करेगी। लॉयर्स फॉर ए डेमोक्रेटिक सोसाइटी के अध्यक्ष यून बोक-नाम, जिन्हें मिनब्यून के नाम से भी जाना जाता है, ने बताया कि यून के महाभियोग के फैसले की तारीख बहुत देर से आई है, लेकिन फिर भी यह राहत की बात है।हालांकि, संवैधानिक न्यायालय के पास यून समर्थक प्रदर्शनकारियों ने कोरियाई और अमेरिकी झंडे लहराते हुए महाभियोग खारिज करो के नारे लगाए।

### नहीं थम रहे भूकंप के झटके, म्यांमार और थाईलैंड के बाद हिली पाक की धरती

**इस्लामाबाद।** दुनिया में लगभग हर रोज कहीं न कहीं भूकंप के कम या ज्यादा झटके महसूस हो रहे हैं। म्यांमार और थाईलैंड में तबाही मचाने के बाद भूकंप ने अब पाकिस्तान में खबलची मचाई है। पाकिस्तान में देर रात भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए। इस भूकंप की वजह से पाकिस्तान की धरती कांप उठी। रात में सोए लोगों की नींद खुल गई और वे घर से बाहर भागने लगे। फिलहाल, किसी नुकसान की कोई खबर नहीं है। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक, पाकिस्तान में 2 अप्रैल को तड़के 2 बजकर 58 मिनट पर यह भूकंप आया। इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.3 थी। इसकी वजह से पाकिस्तान की धरती रात में ही डोलने लगी। लोगों को बेड हिलते महसूस हुए। फिलहाल, अब तक किसी के नुकसान की कोई खबर नहीं है। यह भूकंप ऐसे वक्त में आया है, जब म्यांमार और बैंकॉक में भूकंप की विनाशलीला दुनिया देख रही है।

### इजरायली हमले में मार गया हिजबुल्लाह के सीनियर कमांडर हसन अली बदीर

**तेलअवीव।** इजरायली सेना का लेबनान पर हमला जारी है। बेंजामिन नेतन्याहू की सेना ने मंगलवार को बड़ा दावा कर बताया कि हवाई हमले में हिजबुल्लाह के सीनियर कमांडर हसन अली बदीर को मार गिराया है। इजरायली फौज बदीर की मौत को बड़ी सफलता मान रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, बदीर हिजबुल्लाह के साथ ईरान की कुद्स फोर्स का भी प्रमुख ऑपरेटर था। वह बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में रातभर के हमले में ढेर हुआ। यह हमला इजरायल की ओर से मिलिटेंट समूहों के खिलाफ की गई सैन्य कार्रवाई का हिस्सा है।

भाषण में सुनाई खरी खरी, रिकॉर्ड भी बनाया

# राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ 24 घंटे से ज्यादा बोले सांसद



एजेंसी ■ वाशिंगटन

अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों का जमकर विरोध हो रहा है। एक सांसद ने लगातार 24 घंटे और 20 मिनट तक लगातार बोलकर 1957 में सीनेटर स्ट्रॉम थरमंड द्वारा स्थापित पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया। थरमंड ने उस समय सिविल राइट्स एक्ट के खिलाफ 24 घंटे 18 मिनट तक भाषण दिया था।अमेरिकी सांसद कोरी बुकर ने मंगलवार को सीनेट के इतिहास में सबसे लंबा भाषण देकर एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया। न्यू जर्सी से डेमोक्रेटिक सीनेटर ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों के खिलाफ विरोध जताते ये रिकॉर्ड बनाया है।

सीनेट के नियमों के अनुसार, भाषण देने वाले सीनेटर को लगातार खड़े रहना होता है और यदि वे बैठते हैं या मंच छोड़ते हैं, तो वे फ्लोर पर नियंत्रण खो देते हैं। बुकर ने पूरे 25 घंटे और 4 मिनट तक खड़े रहकर और बिना बाथरूम ब्रेक लिए यह चुनौती पूरी की। उन्होंने केवल दो गिलास पानी और अपने नोट्स के सहारे यह उपलब्धि हासिल की। उनके सहयोगी सीनेटर क्रिस मर्फी ने बताया कि बुकर ने अपनी कुर्सी भी हटवा दी थी ताकि बैठने का प्रलोभन न रहे।

बुकर के इस भाषण को सोशल मीडिया पर व्यापक समर्थन मिला। उनके टिकटॉक लाइवस्ट्रीम को 280 मिलियन लाइक्स मिले, और यूट्यूब पर उनके भाषण को देखने वालों की संख्या लाखों में पहुंच गई। डेमोक्रेटिक पार्टी, जो वर्तमान में व्हाइट हाउस, सीनेट और हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में अल्पमत में है, ने इसे ट्रम्प के खिलाफ प्रतिरोध का प्रतीक माना। हालांकि, व्हाइट हाउस के प्रवक्ता हैरिसन फील्ड्स ने इसे वर्चु सिग्नलिंग करार देते हुए खारिज कर दिया और कहा कि यह बुकर का एक और आई एम स्पार्टकस क्षण है जो पहले भी कामयाब नहीं हुआ।

बुकर ने सोमवार शाम 7 बजे (स्थानीय समय) सीनेट के मंच पर अपनी बात शुरू की और मंगलवार रात 8ः05 बजे तक लगातार बोलते रहे। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य संयुक्त राज्य सीनेट के सामान्य कामकाज को तब तक बाधित करना है, जब तक मैं शारीरिक रूप से सक्षम हूं। अपने भाषण की शुरुआत में उन्होंने जोर देकर कहा, मैं आज रात इसलिए खड़ा हूं क्योंकि मुझे पूरा विश्वास है कि हमारा देश संकट में है।बुकर ने अपने भाषण में ट्रंप प्रशासन पर अमेरिकियों की सुरक्षा, वित्तीय स्थिरता और लोकतंत्र की मूलभूत नींव को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, पिछले 71 दिनों में, संयुक्त राज्य के राष्ट्रपति ने अमेरिकियों पर इतना नुकसान पहुंचाया है कि ये सामान्य समय नहीं हैं, और इन्हें सीनेट में सामान्य रूप से नहीं लिया जाना चाहिए।

# इमरान के पुन: नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नॉमिनेट होने पर घिरेगी सरकार?

## उन्हें पाकिस्तान में मानवाधिकारों और लोकतंत्र को बढ़ावा देने के लिए नामांकित किया गया है

एजेंसी ■ इस्लामाबाद

दुनियां में शानदार क्रिकेटर के तौर पर मशहूर पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को दूसरी बार नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। उन्हें पाकिस्तान में मानवाधिकारों और लोकतंत्र को बढ़ावा देने के लिए नामांकित किया गया है। नॉर्वे की राजनीतिक पार्टी 'पार्टियेट सेंट्रम' से जुड़े पाकिस्तान वर्ल्ड अलायंस (पीडब्ल्यूए) ने यह घोषणा की है। इससे पर राजनीतिक तौर पर पाकिस्तान की शाहबाज सरकार घिर सकती है, क्योंकि उस पर जबरन इमरान को जेल में बंद रखने के आरोप भी समय-समय पर लगते रहे हैं। यहां बताते चलें कि इससे पहले, 2019 में भी पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान का नाम नोबेल पीस प्राइज के लिए नॉमिनेट किया गया था। उस वक्त उन्हें भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव कम करने के प्रयासों के लिए यह नामांकन मिला था। दरअसल बालाकोट हवाई हमले के बाद इमरान खान ने दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव को कम करने की पहल की थी, जिसके समर्थन में पाकिस्तान की संसद में एक प्रस्ताव भी पेश किया गया था।



### पीडब्ल्यूए ने सोशल मीडिया पर की घोषणा

पार्टियेट सेंट्रम ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स (ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए कहा, कि हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि हमने नामांकन का अधिकार रखने वाले किसी व्यक्ति के साथ मिलकर पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया है। इमरान खान को बार-बार नोबेल शांति पुरस्कार के लिए यूं नामित किए जाने से पाकिस्तान की मौजूदा सरकार की खासी किरकिरी होना लाजमी है। इमरान समर्थक इसे ढाल बनाकर शाहबाज सरकार पर निशाना साध सकते हैं। जानकारों की मानें तो इस समय पाकिस्तान की मौजूदा सरकार विश्व में हुए बदलाव से खासे दबाव में है। इमरान खान 2023 से पाकिस्तान की रावलपिंडी स्थित अडियाला जेल में बंद हैं। जनवरी 2025 में पाकिस्तान की एक कोर्ट ने उन्हें 14 साल की सजा सुनाई। उन पर राष्ट्रीय खजाने को 50 अरब पाकिस्तानी रुपए का नुकसान पहुंचाने का आरोप है। यहां बताते चलें कि 9 मई 2023 को इमरान की गिरफ्तारी के बाद पूरे पाकिस्तान में सेना के अहम ठिकानों पर हमले हुए थे।

### क्या इमरान को मिल सकता है नोबेल?

नोबेल शांति पुरस्कार के लिए कई चरणों में प्रक्रिया संपन्न होती है। यह तय करना नोबेल समिति के हाथ में होता है कि किसे अंतिम सूची में रखा जाएगा। इमरान खान का नामांकन एक बड़ा मुद्दा बन सकता है, क्योंकि वे इस समय जेल में बंद हैं और पाकिस्तान में राजनीतिक उथल-पुथल जारी है। इसलिए भी यह सवाल अहम हो गया है कि क्या इमरान खान को बाकई नोबेल शांति पुरस्कार मिल सकता है या नहीं?

# दक्षिण कोरियाई की सर्वोच्च अदालत, 4 अप्रैल को महाभियोग पर देगी फैसला



एजेंसी ■ सोल

दक्षिण कोरियाई संवैधानिक न्यायालय ने कहा कि वे शुक्रवार (4 अप्रैल) सुबह 11 बजे राष्ट्रपति यून सूक योल के महाभियोग पर अपना फैसला देगा। उम्मीद है कि फैसले से दिसंबर में मार्शल लॉ लागू होने के बाद से पैदा हुई राजनीतिक उथल-पुथल समाप्त होगी। अदालत ने कहा कि फैसला अदालत से सुनाया जाएगा और इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा, साथ ही लोगों की उपस्थिति की भी अनुमति होगी। यून के खिलाफ नेशनल असेंबली की ओर से महाभियोग पारित करने के करीब चार महीने बाद आएगा यह फैसला आ सकता है।

यून पर मार्शल लॉ लागू करके संविधान का उल्लंघन करने के आरोप में महाभियोग प्रस्ताव लाया गया था। अन्य आरोपों में नेशनल असेंबली में सेना भेजने और प्रमुख राजनेताओं की गिरफ्तारी का आदेश देना। यून ने कोई भी गलत काम करने से इंकार किया है। उन्होंने कहा कि यह आदेश मुख्य विपक्षी दल को विधायी शक्ति के दुरुपयोग के लिए चेतावनी देने के लिए था। संविधान के तहत, महाभियोग प्रस्ताव को बरकरार रखने के लिए कम से कम छह न्यायाधीशों की सहमति की जरुरी होती है। वर्तमान में बेंच पर आठ न्यायाधीश हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक न्यायालय यदि महाभियोग प्रस्ताव को बरकरार रखता है, तब यून को पद से हटाया जाएगा। अगर प्रस्ताव को खारिज किया जाता है, तब उन्हें मई 2027 तक अपने शेष कार्यकाल को पूरा करने के लिए बहाल किया जाएगा। यून की कानूनी टीम ने कहा कि फैसले के लिए अदालत में उनकी उपस्थिति अभी भी अनिश्चित है।

# ट्रंप के फैसलों को लेकर दुनिया ही नहीं अमेरिकन भी दहशत में

## कयामत की रात वाले फैसले से चिंतित दुनिया

एजेंसी ■ वाशिंगटन

डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका का दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद से कई बड़े फैसले लिए हैं। अपने चुनावी वादे के मुताबिक अवैध प्रवासियों को देश से बाहर निकालने का फैसला सख्ती से लागू किया। अब चीन, कनाडा, मैक्सिको, ब्राजील और भारत सहित तमाम देशों से टैरिफ वॉर छेड़ने की भी ट्रंप ने तैयारी पूरी कर ली है। हालात ये हैं कि ट्रंप कब कौन सा फैसला कर लें, इसपर आशंकाओं का दौर जारी रहता है। ट्रंप के फैसलों से दुनिया ही नहीं बल्कि अमेरिका में भी हलचल मची हुई है। एक सर्वे में पता चला है कि 10 में से 7 अमेरिकी यानी दो तिहाई से ज्यादा लोग हमेशा खबरों पर नजर रखते हैं। ऐसा इसलिए ताकि पता चल सके कि ट्रंप ने अब कौन सा फैसला ले लिया है। सर्वे के अनुसार 71 फीसदी लोगों का



कहना है कि वे हमेशा खबरों पर नजर रखते हैं। इसमें से 31 फीसदी लोग गहनता से खबरें पढ़ते या देखते हैं। वहीं 40 फीसदी लोग हैं, जो सामान्य तौर पर खबरों पर नजर रखते हैं। इस सर्वे में 66 फीसदी लोगों ने कहा कि हमें इसकी चिंता रहती है कि आखिर ट्रंप ने अब कौन सा फैसला ले लिया है। इसकारण अक्सर खबरों पर नजर बनाए रखते हैं। वहीं 62 फीसदी लोगों ने कहा कि हमें इस बात की चिंता रहती है कि आखिर ट्रंप के फैसले का उनकी जिंदगी पर क्या असर होगा। वे यह जानना चाहते हैं और इसीलिए खबरों पर भी नजर रखते हैं। वहीं 43 फीसदी लोगों का कहना है कि ट्रंप को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इसलिए वे खबरों पर नजर रखते हैं। वहीं 36 फीसदी लोगों ने ट्रंप के फैसलों को सही करार देकर कहा कि वे उन्हें सही मानते हैं। इसलिए खबरें देखते हैं।

### मलेशिया में गैस पाइप लाइन फटने से लगी आग, उड़ते गोलों का वीडियो वायरल

**कुआलालंपुर।** मलेशिया के एक इलाके में लगी भीषण आग मीलों दूर से दिखाई दे रही हैं। कुआलालंपुर के बाहरी इलाके में एक मलेशियाई शहर में ये भीषण आग लगी है। इसके कारण आसपास के घरों को खाली कराया गया है। मध्य सेलंगोर राज्य के पुत्रा हाइट्स में एक गैस स्टेशन के पास लगी आग की ऊंची लपटें कई किलोमीटर तक दिखाई दे रही थीं। आग की सूचना मिलते ही सेलंगोर के दर्जनों अग्निशमन कर्मियों को घटनास्थल पर भेजा गया है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अग्निशमन कर्मियों ने आग लगने का कारण पाइपलाइन का फटना बताया है। आग इतनी भयंकर थी कि आग के गोले की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। कुछ लोगों ने बताया कि उन्हें अपने घरों के दरवाजे और खिड़कियां हिलती हुई नजअर आई।

# जापान में आ सकता हैं महाभूंकप, एक झटके में 3 लाख लोगों की जान जाएगी

एजेंसी ■ टोक्यो

म्यांमार-थाईलैंड में भूकंप से तबाही से दुनिया उबरी भी नहीं हैं कि जापान ने एक नई चेतावनी जारी कर दी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक मेगाक्वेक यानी महाभूकंप आ सकता है, जो एक झटके में तीन लाख से ज्यादा लोगों की जान ले सकता है। इससे समुद्र में सुनामी उठेगी और कई देशों में व्यापक तबाही मच सकती है।

रिपोर्ट में इसकी चेतावनी दी गई कि देश के प्रशांत तट पर एक लंबे समय से प्रतीक्षित मेगाक्केक आ सकता है, जो विनाशकारी सुनामी लाएगा। सैकड़ों इमारतें जमींदोज होगी। पिछले साल जापान ने पहली बार मेगाक्केक की चेतावनी जारी की थी कि ट्रफ के किनारे पर 7.1 तीव्रता का भूकंप आने के बाद 9 तीव्रता के भूकंप की संभावना है। अगर ऐसा होता हैं तब जापान की अर्थव्यवस्था खरबों डॉलर का नुकसान होगा। इसकारण इस



महाभूंकप से निपटने के लिए अभी से तैयारियां तेज हो गई हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 9 की तीव्रता वाला भूकंप आने पर 13 लाख लोगों को बाहर निकालना पड़ सकता है। यह जापान की कुल जनसंख्या का 10 फीसदी होगा। अगर ऐसा भूकंप सर्दियों में देर रात के समय आता है, तब सुनामी और इमारतों के गिरने से 2,98,000 लोग अपनी जान गंवा सकते हैं। जापान दुनिया के सबसे खतरनाक जोन में हैं। यहां समुद्री क्षेत्र में 8 से 9 तीव्रता के भूकंप की लगभग 80 प्रतिशत संभावना है। यह ट्रफ जापान के दक्षिण-पश्चिम प्रशांत तट से लगभग 900 किमी (600 मील) तक फैला हुआ है, जहां फिलीपीन सागर प्लेट यूरेशियन प्लेट के नीचे धंस रही है। जमा हो रहे टेक्टोनिक तनाव के कारण करीब हर 100 से 150 साल में एक मेगाक्केक आ सकता है। 2011 में 9 तीव्रता के भूकंप ने एक विनाशकारी सुनामी और उत्तर-पूर्व जापान में एक परमाणु ऊर्जा संयंत्र में तीन रिएक्टरों के पिघलने का कारण बना, जिसमें 15,000 से अधिक लोग मारे गए थे।

फैसला | महिला का साथ गूगल ने दिया, जहां पर उसने अपने लिए फ्री स्पर्म डोनर की तलाश की

# 18 साल की उम्र में प्रेग्नेंट हुई बेघर लड़की, अब सोशल मीडिया में छा गई

एजेंसी ■ न्यूयॉर्क

कई लोग समाज और दुनिया के डर से अपने सपनों को दबा देते हैं, लेकिन कुछ लोगों को इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता। जिसने 18 साल की कम उम्र में ही प्रेग्नेंट होकर बच्चा पैदा करने का फैसला किया। इस फैसले में उस महिला का साथ गूगल ने दिया, जहां पर उसने अपने लिए फ्री स्पर्म डोनर की तलाश की।

इस महिला का नाम काई स्लोबर्ट है। लोगों ने जब इस बारे में सुना तो हैरानी जताई, लेकिन काई को कोई फर्क नहीं पड़ा। हाल ही में काई और उनकी पत्नी डी ने यूट्यूब चैनल के एक शो 'माई



एक्स्ट्राडिनरी फैमिली' में अपनी कहानी बताई, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

काई ने कहा कि मैं तब शेल्टर में रहती थी, जब बच्चा पैदा करने का मन बनाया, वो भी फ्री स्पर्म डोनर की मदद से! उस दौरान कई लोगों ने इसे गलत करार दिया। वायरल हो रहे वीडियो में काई बताती हैं, ÷मैं बेघर थी, फिर भी मैंने बच्चा पैदा करने का फैसला किया। मैं इस तरीके को अपनाने का सलाह किसी और को नहीं दूंगी, लेकिन मुझे बच्चे पसंद हैं। इसलिए मैंने अपने तरीके से जिंदगी जीने का फैसला किया। बच्चा कैसे हुआ? इस सवाल पर काई हंसते हुए कहती हैं, मैंने गूगल पर 'फ्री स्पर्म डोनर' सर्च किया और एक मिल गया! इस तरह से वो दो बार प्रेग्नेंट हुईं। बता दें कि उनकी पहली बेटी कैडी अब 5 साल की है और दूसरी बेटी फेथ 3 साल की। वहीं, काई और डी की शादी को भी 5 साल हो चुके हैं। काई किससे शादी करने वाली हैं, इस बात से किसी को फर्क नहीं पड़ा, लेकिन उनके माता-पिता को प्रेग्नेंसी की खबर अच्छी नहीं लगी।

बता दें कि सोशल मीडिया पर अक्सर काई और डी अपनी जिंदगी से जुड़ी बातें शेयर करती रहती हैं, जहां लोग उनकी तारीफ भी करते हैं और आलोचना भी। कुछ कहते हैं,18 साल की बेघर जोड़ी को बच्चे नहीं पैदा करने चाहिए, तो कुछ ने लिखा, ये गैरकानूनी होना चाहिए। दो मांओं का परिवार होने की वजह से भी इन्हें ताने सुनने पड़ते हैं। लेकिन काई कहती हैं, हम अब वो 18 साल की बेघर जोड़ी नहीं हैं। हमने जिंदगी से बहुत कुछ सीखा है। उनकी कहानी दो दिन पहले यूट्यूब पर आई और 20,000 व्यूज बटोर चुकी है। इस वीडियो को देखने के बाद लोग कमेंट भी कर रहे हैं। लेकिन लोगों की राय बंटी हुई है। कुछ कहते हैं, ये जोड़ी अपनी बेटियों को अच्छे से पाल रही है, तो कुछ लिखते हैं, ये स्वार्थीपन है, बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़ क्यों? एक यूजर ने कहा, प्यारा कपल है, तो दूसरे ने तंज कसा, पैसे नहीं हैं, फिर भी और बच्चे चाहिए, दुखद है।

# हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता वैल किल्मर नहीं रहे, 65 वर्ष की उम्र में ली अंतिम सांस

एजेंसी ■ लॉस एंजिल्स

हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता वैल किल्मर का 65 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन की पुष्टि उनकी बेटी मर्सिडीज किल्मर ने की है। बताया जा रहा है कि वे निमोनिया से पीड़ित थे।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार मशहूर अभिनेता वैल किल्मर ने 2014 में गले के कैंसर से जीत हासिल कर ली थी, लेकिन निमोनिया से जिंदगी की जंग वो हार गए। यहां बताते चलें कि वैल किल्मर को 2014 में गले के कैंसर का पता चला था, लेकिन इलाज के बाद वे इस बीमारी से उबर गए। हालांकि, इस बार निमोनिया की गंभीर स्थिति के कारण लॉस एंजिल्स में उन्होंने अंतिम सांस ली।

वैल किल्मर 1990 के दशक में हॉलीवुड के सबसे चर्चित अभिनेताओं में से एक थे। उन्होंने 1984 में फिल्म टॉप सीक्रेट से अपने करियर की शुरुआत की थी। बैटमैन फॉरएवर (1995) में उनकी दमदार परफॉर्मेंस ने उन्हें सुपरस्टार बना दिया। टॉप गन (1986) में टॉम क्रूज के साथ उनकी जोड़ी को खूब पसंद किया गया।

# भारत का नक्सलियों पर शिकंजा कसने की रणनीति

वैश्विक स्तर पर पूरी दुनियाँ 24 फरवरी 2022 से रूस-यूक्रेन युद्ध व 7 अक्टूबर 2023 से इज़राइल- हमास युद्ध में भयंकर नतीजे किसी न किसी रूप में भुगत रही है,व ईरान- इजरायल तनाव के चलते पश्चिम एशिया इस्लामिक देशों सहित पूरी दुनियाँ चिंताओं में फंसी नज़र भी आ रही थी। अगर सभी अंतरराष्ट्रीय मंच मिलकर कोई रणनीतिक एक्शन लेते तो आज बात इतनी गंभीर नहीं होती। परंतु जैसे ही ट्रंप राष्ट्रपति चुने गए इज़राइल-हमास का युद्ध विराम हुआ और अब रूस-यूक्रेन के 30 दिनों के युद्ध हुए राम की तैयारी चल रही है,यानें जो मन में ठान लिया जाए वह क्रियान्वयन होता है अभी जैसे हमारे गृहमंत्री ने 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद, माओवाद जीरो टॉलरेंस नीति का प्रण लिया है उस पर तेजी से काम शुरू है, इसी कड़ी में वे 4-5 अप्रैल 2025 को फिर दंतेवाड़ा समीक्षा करने जा रहे हैं। ठीक उसी तरह अनेक देशों में घरेलू आतंकवाद माओवाद नक्सलवाद लंबे समय से चल रहा है, परंतु मेरा मानना है कि किसी भी देश नें इस तरह के युद्ध आतंकवाद हिंसात्मक गतिविधियों क़ो जीरो टॉलरेंस नहीं कर पाया है,जिसका सबसे अधिक दुष्परिणाम आम आदमियों नागरिकों को ही भुगतना पड़ रहा है,जो वैश्विक स्तरपर या अपने ही देश में राज्य स्तरपर पलायन करते हैं जिनका स्थाई समाधान ढूंढना आज समय की जरूरत है। आज हम इस विषय पर बात इसलिए कर रहे हैं क्योंकि दिनांक 4-5अप्रैल 2025 को इसी नक्सलवाद, माओवाद को टारगेट-2026 रणनीति जीरो टॉलरेंस की समीक्षा के तहत केंद्रीय गृहमंत्री केंद्र व राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारी उप राष्ट्रीय सलाहकार केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के प्रमुखों सहित अनेको सुरक्षा विशेषज्ञों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। बता दें पिछले दिनों केंद्रीय गृहमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ रायपुर दौरे पर 2026 तक माओवादियों नक्सलवादियों को जीरो टॉलरेंस के लिए नीति की बात कही थी। मेरा मानना है कि नक्सलवाद माओवाद आतंकवाद को जीरो ट्रेवल्स करना है तो उनके साथ आत्मसमर्पण रणनीति पर जोर देना अधिक उचित होगा जो एक रणनीति के तहत शुरू भी है और अनेक आत्मसमर्पण हुए भी हैं, हिंसात्मक कार्रवाई से पुलिस व नक्सलवादियों में आपसी तनाव व दुश्मनी बढ़ रही है। बता दें मैं खुद नक्सल प्रभावित महाराष्ट्र के गोंदिया जिला क्षेत्र से हूं तो मैं देखता हूं कि गांव में गांववासियों व वहां की लोकल दुकानों को सब कुछ मालूम होते हुए भी चुप रहते हैं। दुश्मनी केवल पुलिस व नक्सलियों के बीच ही दिखती है कभी नक्सली मारे जाते हैं तो कभी पुलिस वाले शहीद होते हैं जो दशकोंसे चला आ रहा है। अब पैटर्न बदलकर आत्मसमर्पण का जोरदार अभियान चलाना भी शुरू है हालांकि यह अभियान अभी भी तेजी से चल रहा है व हाल ही में सैकड़ो नक्सलवादी आत्मसमर्पण भी किए हैं परंतु इसे अनेक रणनीतियां बनाकर अधिक तेज़ी से चलने की जरूरत है,चूँकि टारगेट माओवाद - 31 मार्च 2026 भारत में नक्सलवाद जीरो टॉलरेंस नीति शुरू है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस



आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, टारगेट माओवाद 2026-भारत में नक्सलवाद जीरो टॉलरेंस नीति अंतिम पड़ाव में-गृहमंत्री का दंतेवाड़ा दौरा 4-5 अप्रैल 2025, भारत का नक्सलियों परशिकंजा कसने की रणनीति- मिट जाएगा नक्सलवाद का नामोनिशान। मेरा मानना है कि अब ज़रूरतहै, भारत में जिला स्तरीय दबंग माफियाओं सट्टा जुआ किंग्स पर भी रणनीतिक शिकंजा कसने उच्च स्तरीय बैठक़े समय की मांग है। साथियों बात अगर हम भारत में टारगेट माओवाद 2026 की करें तो,देश में नक्सली हिंसा को लेकर केंद्र सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है। सरकार का लक्ष्य देश को 31मार्च 2026 तक नक्सल मुक्त करने का है, इसे लेकर गृहमंत्री 4 और 5 अप्रैल को छत्तीसगढ़ का दौरा करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, 5 अप्रैल को गृहमंत्री छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में एडवांस पोस्ट पर जाकर नक्सलमुक्त अभियान को लेकर मुआयना करेंगे, इसी के बाद 5 अप्रैल को गृहमंत्री छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के पूर्ण खात्मे के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन की समीक्षा भी करेंगे।

# वृद्धों के लिये उजाला बना सुप्रीम कोर्ट का फैसला

देश ही नहीं, दुनिया में वृद्धों के साथ उपेक्षा, दुर्व्यवहार, प्रताड़ना, हिंसा तो बढ़ती ही जा रही है, लेकिन अब बुजुर्ग माता-पिता से प्रॉपर्टी अपने नाम कराने या फिर उनसे गिफ्ट हासिल करने के बाद उन्हें यूं ही छोड़ देने, वृद्धाश्रम के हवाले कर देने, उनके जीवनयापन में सहयोगी न बनने की बढ़ती सोच आधुनिक समाज का एक विकृत चेहरा है। संयुक्त परिवारों के विघटन और एकल परिवारों के बढ़ते चलन ने वृद्धों के जीवन को नरक बनाया है। बच्चे अपने माता-पिता के साथ बिल्कुल नहीं रहना चाहते। ऐसे बच्चों के लिए सावधान होने का वक्त आ गया है, सुप्रीम कोर्ट ने इसको लेकर एक ऐतिहासिक फैसला दिया है। अपने इस महत्वपूर्ण फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अगर बच्चे माता-पिता की देखभाल नहीं करते हैं, तो माता-पिता की ओर से बच्चों के नाम पर की गई संपत्ति की गिफ्ट डीड को रद्द किया जा सकता है। यह फैसला माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के



भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम के तहत दिया गया है, जिससे वृद्धों की उपेक्षा एवं दुर्व्यवहार के इस गलत प्रवाह को रोकने में सहयोग मिलेगा। क्योंकि सोच के इस गलत प्रवाह ने न केवल वृद्धों का जीवन दुश्वार कर दिया है बल्कि आदमी-आदमी के बीच के भावात्मक फासलों को भी बढ़ा दिया है।

वसुधैव कुटुम्बकम् की बात करने वाला देश एवं उसकी नवपीढ़ी आज एक व्यक्ति, एक परिवार यानी एकल परिवार की तरफ बढ़ रहे हैं, वे अपने निकटतम परिजनों एवं माता-पिता को भी बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं, उनके साथ नहीं रह पा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के फैसले को पलटते हुए सराहनीय पहल की है जिसमें कहा गया था कि अगर गिफ्ट डीड में स्पष्ट रूप से शर्तें नहीं हैं, तो माता-पिता की सेवा न करने के आधार पर गिफ्ट डीड को रद्द नहीं किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट ने कानून का 'सख्त दृष्टिकोण' अपनाया, जबकि कानून के वास्तविक उद्देश्य को पूरा करने के लिए उदार दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता थी। यह फैसला एक महिला की उस याचिका पर आया जिसमें उसने अपने बेटे के पक्ष में की गई गिफ्ट डीड को रद्द करने की मांग की थी क्योंकि बेटे ने उसकी देखभाल करने से इनकार कर दिया था। परिवारों में संपत्ति के विवाद तो पता नहीं कब से चले आ रहे हैं, लेकिन आधुनिक समाज में ये विशेष रूप से बढ़ गए हैं। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से समाज में बुजुर्ग लोगों की उपेक्षा, दुर्व्यवहार एवं उनके प्रति बरती जा रही उदासीनता की त्रासदी से उन्हें मुक्ति देकर उन्हें सुरक्षा कवच मानने की सोच को विकसित करने की भूमिका बनेगी ताकि वृद्धों के स्वास्थ्य, निष्कंटक एवं कुंठारहित जीवन को प्रबंधित किया जा सकता है। वृद्धों को बंधन नहीं, आत्म-गौरव के रूप में स्वीकार करने की अपेक्षा है।

**ललित गर्ग**

संवेदनशून्य समाज में इन दिनों कई ऐसी घटनाएं प्रकाश में आई हैं, जब संपत्ति मोह में वृद्धों की हत्या कर दी गई। ऐसे में स्वार्थ का यह नंगा खेल स्वयं अपनों से होता देखकर वृद्धजनों को किन मानसिक आघातों से गुजरना पड़ता होगा, इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता। वृद्धावस्था मानसिक व्यथा के साथ सिर्फ सहानुभूति की आशा जोहती रह जाती है। वृद्धों को लेकर जो गंभीर समस्याएं आज पैदा हुई हैं, वह अचानक ही नहीं हुई, बल्कि उपभोक्तावादी संस्कृति तथा महानगरीय अधुनातन बोध के तहत बदलते सामाजिक मूल्यों, नई पीढ़ी की सोच में परिवर्तन आने, महंगाई के बढ़ने और व्यक्ति के अपने बच्चों और पत्नी तक सीमित हो जाने की प्रवृत्ति के कारण बड़े-बूढ़ों के लिए अनेक समस्याएं आ खड़ी हुई हैं। वरिष्ठ नागरिकों के हितों की रक्षा की आवश्यकता पर जोर देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऐसे कई वरिष्ठ नागरिक हैं जिन्हें उनके बच्चे अनदेखा कर देते हैं और संपत्ति हस्तांतरित करने के बाद उन्हें अपने हाल पर छोड़ देते हैं। जस्टिस सीटी रविकुमार और संजय करोल की पीठ ने कहा कि यह अधिनियम एक लाभकारी कानून है जिसका उद्देश्य उन बुजुर्गों की मदद करना है जिन्हें संयुक्त परिवार प्रणाली के कमजोर होने के कारण अकेला छोड़ दिया जाता है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए इसके प्रावधानों की व्याख्या उदारतापूर्वक की जानी चाहिए, न कि संकीर्ण अर्थों में। पहले परिवार से किसी भी मनुष्य की पहचान जुड़ी होती थी, इसलिए लोग परिवार से जुड़े रहते थे। अब उसकी पहचान उसकी कार या कपड़ों के ब्रांड आदि भौतिकतावादी चीजों से होती है। यह भौतिकवाद की मृगतृष्णा इंसान की सामाजिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक पहचान पर हावी हो गई है, बल्कि अब तो संस्कृति और आध्यात्मिकता भी उपभोक्ता वस्तु की तरह बाजार में हैं। एक बड़ी समस्या भारत जैसे देशों में है, जो इस दौड़ में शामिल हो गए हैं, पर इतने समृद्ध नहीं हुए हैं कि इस जीवनशैली को आसानी से अपना सकें। भारत में परिवार के सदस्यों में परस्पर दूरियां लगातार बढ़ रही हैं। भूमि संबंधी विवाद भाई-भाई के बीच होते-होते अब पिता-पुत्र के बीच भी होने लगे हैं और मामला हत्या तक पहुंच जाता है। ताजा मामला भी संपत्ति विवाद का ही है। आज के बेटों को पुश्तैनी संपत्ति का लाभ तो चाहिए, पर पिता-माता के साथ रिश्ते अच्छे रखना उनकी प्राथमिकता नहीं है। ऐसे में, कई माता-पिता भी अपनी संतानों को बेदखल करने के लिए मजबूर हो जाते हैं। यह वक्त है, जब हमें जानना होगा कि अपने लोगों से संबंध और संवाद ही जीवन को सार्थक बनाता है। हमें अपने रिश्तों का दायरा इतना तो जरूर बढ़ाना चाहिए, जिसमें कम से कम अपना निकटतम परिवार पूरी तरह से शामिल हो जाए। नये विश्व की उन्नत एवं आदर्श संरचना बिना वृद्धों की सम्मानजनक स्थिति के संभव नहीं है।

# वक्फ विधेयक को समझना: मिथक बनाम उजागर किये गए तथ्य



▪ हर्ष रंजन

## वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ भ्रामक जानकारी फैलाने के अभियान का पर्दाफाश

**कुछ राजनीतिक संस्थाओं और मुस्लिम समुदाय के भीतर निहित स्वार्थी समूहों द्वारा जानबूझकर अशांति का वातावरण बनाने के लिए भ्रामक जानकारी फैलाने के कारण, वक्फ संशोधन विधेयक 2024 विवाद का विषय बन गया है।**

पारदर्शिता सुनिश्चित करने, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने और वक्फ संपत्तियों के शासन को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से बनाए गए इस विधेयक को इन समूहों द्वारा इतना अधिक विकृत किया गया है कि इसकी मूल पहचान ही बदल गयी है। ये निहित स्वार्थ से भरे समूह समुदाय के कल्याण की तुलना में अपने स्वयं के विशेषाधिकारों की रक्षा करने को लेकर अधिक चिंतित हैं।

**संशोधन के पीछे का सच:** इस विधेयक का विरोध मुख्य रूप से उन लोगों द्वारा किया जा रहा है, जो लंबे समय से वक्फ संस्थानों में पारदर्शिता की कमी से लाभान्वित हुए हैं। ऐतिहासिक रूप से, कुछ समूहों ने वक्फ संपत्तियों पर महत्वपूर्ण नियंत्रण बनाए रखा है और उनकी पहचान सर्वविदित है। उनका विरोध धार्मिक अधिकारों से जुड़ी वास्तविक चिंताओं से नहीं, बल्कि वर्षों से कुप्रबंधित अकूत संपत्तियों और वित्तीय संसाधनों पर अपना नियंत्रण बनाए रखने की इच्छा से प्रेरित है। यदि उनके इरादे वास्तव में समुदाय के कल्याण से जुड़े थे, तो क्या वे बता सकते हैं कि वक्फ संपत्तियों से होने वाली आय में साल दर साल लगातार गिरावट क्यों आ रही है?

इसमें से सबसे बड़ी विकृतियों में से एक का दावा है कि यह विधेयक सरकार को वैध वक्फ संपत्तियों को जब्त करने में सक्षम बनाता है। वास्तव में, संशोधन केवल जिला कलेक्टर को गलत तरीके से वर्गीकृत संपत्तियों की समीक्षा करने का अधिकार देता है, खासकर ऐसे मामलों में जहां सरकारी या निजी भूमि को गलत तरीके से वक्फ की संपत्ति का नाम दिया गया है। यह उपाय सही स्वामित्व सुनिश्चित करता है और धोखाधड़ी के दावों से बचाता है, जिससे समुदाय और व्यापक सार्वजनिक हित दोनों को लाभ होगा।

एक और व्यापक रूप से फैलाया गया मिथक यह है कि विधेयक वक्फ संपत्तियों के सर्वेक्षण को समाप्त कर देता है। इसके विपरीत, यह जिला कलेक्टर को जिम्मेदारी सौंपकर प्रक्रिया को मजबूत करता है, जो स्थापित राजस्व प्रक्रियाओं का उपयोग करके सर्वेक्षण पूरा करेंगे, जिससे निहित स्वार्थी तत्वों द्वारा अशुद्धियों और संभावित हेरफेर को समाप्त किया जा सकेगा।

**विरोधियों के पाखंड को उजागर करना:** इस विधेयक के सबसे मुखर आलोचक वे हैं, जो लंबे समय से वक्फ संपत्तियों के प्रमुख लाभार्थी रहे हैं। उनका विरोध इन संपत्तियों पर बने अपने वित्तीय साम्राज्यों की रक्षा करने से जुड़ा एक सुनियोजित कदम है। इन संगठनों ने ऐतिहासिक रूप से वक्फ संसाधनों पर एकाधिकार बनाए रखा है तथा वे समुदाय के वंचित वर्गों के लिए निर्धारित धनराशि का अपने स्वयं के एजेंडों के लिए उपयोग करते रहे हैं।

पाखंड बहुत बड़ा है ! वे मुस्लिम समुदाय के हितों की वकालत करने का दावा करते हैं, जबकि उन्होंने दशकों से व्यक्तिगत लाभ के लिए वक्फ बोर्डों में हेरफेर किया है। भारत में कई वक्फ बोर्ड इन समूहों से जुड़े व्यक्तियों द्वारा संचालित हैं, जो राजनीतिक और वित्तीय लाभ के लिए इन निधियों का गलत इस्तेमाल करते रहे हैं। इस अनियंत्रित गलत इस्तेमाल को संशोधन समाप्त करना चाहता है, जिससे वे सुधार के सबसे मुखर विरोधी बन गये हैं।

**वक्फ को सच्चे लाभार्थियों के लिए मजबूत करना:** चुनिंदा समूहों के एकाधिकार को तोड़ने के अलावा, यह विधेयक सुन्नी, शिया, बोहरा, आगाखानी और पिछड़े मुस्लिम समुदायों सहित विभिन्न मुस्लिम संप्रदायों के प्रतिनिधित्व को अनिवार्य करके समावेशी भावना को बढ़ाता है, जिससे वक्फ संपत्तियों का निष्पक्ष और लोकतांत्रिक शासन सुनिश्चित होगा। इसके अलावा, वक्फ बोर्डों में गैर-मुस्लिम विशेषज्ञों को शामिल करने से मुस्लिम नियंत्रण को खतरा नहीं है, बल्कि इससे जवाबदेही बढ़ती है और कुप्रबंधन को रोकने में बाहरी निगरानी की सुविधा प्राप्त होती है। इस विधेयक में वित्तीय ऑडिट और पारदर्शी लेखा पद्धतियों को भी शामिल किया गया है, ताकि वक्फ कोष का दुरुपयोग रोका जा सके। समय-समय पर रिपोर्टिंग की आवश्यकताएँ और वक्फ न्यायाधिकरण के निर्णयों के विरुद्ध उच्च न्यायालयों में अपील करने की सुविधा कानूनी निगरानी को और मजबूत करेगी, जिससे वक्फ संपत्तियों द्वारा अपने इच्छित उद्देश्य पूरा करना, जरूरतमंदों को लाभ पहुँचाना और भारत की समृद्ध समन्वयकारी विरासत को संरक्षित करना सुनिश्चित होगा।

**सुधार की आवश्यकता:** उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ प्रावधान को हटाने की सरकार की पेशकश वक्फ संपत्ति के दावों में अस्पष्टता को समाप्त करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। इस प्रावधान का दुरुपयोग बिना औपचारिक वक्फ समर्पण के भूमि पर अवैध रूप से दावा करने के लिए किया गया है, जिससे अंतहीन कानूनी विवाद और भूमि अतिक्रमण हुए हैं। पंजीकरण प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करके, संशोधन निजी और सार्वजनिक दोनों प्रकार की भूमि को गलत दावों से बचाता है, यह सुनिश्चित करता है कि केवल कानूनी रूप से घोषित वक्फ संपत्तियों को ही मान्यता मिले।

**आगे का रास्ता:** वक्फ संशोधन विधेयक 2024 वक्फ संपत्तियों की पारदर्शिता और कुशल प्रबंधन सुनिश्चित करने की दिशा में एक प्रगतिशील कदम है। इसके प्रावधान; वैध वक्फ संपत्तियों की रक्षा करने, शासन में सुधार करने और इन संसाधनों से लंबे समय से लाभ उठाने वाले निहित स्वार्थी तत्वों को खत्म करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं।

मुस्लिम समुदाय के लिए यह ज़रूरी है कि वे गलत सूचनाओं को समझें और पहचानें कि इस विधेयक का विरोध करने वाले लोग अपने फ़ायदे के लिए ऐसा कर रहे हैं, न कि व्यापक हित के लिए। इस सुधार का समर्थन करके, हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि वक्फ संपत्तियों का उपयोग उनके वास्तविक उद्देश्य - वंचितों का उत्थान और सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत का संरक्षण - के लिए किया जाए।

**वरिष्ठ पत्रकार**

## प्रखर पत्रकार माखनलाल चतुर्वेदी



हम सिर्फ इस गौरव की अनुभूति कर सकते हैं। जो मध्य प्रदेश में रहने वाले नागरिकों को होना चाहिए। यहां पर माखनलाल जी जैसे महापुरुष ने जन्म लिया और अपने संपूर्ण जीवन में संपूर्ण मानव की आकृति कैसी होती है उसका प्रत्यक्ष दर्शन कराया ।वैसे तो स्वतंत्रता संग्राम के दौरान इस देश में पृथक-पृथक हिस्सो में बड़े-बड़े महापुरुषों ने अपना योगदान दिया और उन सबके जीवन से हम चिर परिचित हैं। लेकिन यदि मैं यह कहूं कि माखनलाल जी ने साहित्य और स्वतंत्रता संग्राम का संबंध कितना करीब का हो सकता है और वह एक दूसरे के प्रेरक हो सकते हैं। शायद इतना सुंदर समन्वय और और किसी महापुरुष के जीवन में हमें उस दौरान नहीं मिलेगा और यही वजह है कि जहां स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बीच में उनका एक विशिष्ट और महत्वपूर्ण स्थान है । वहीं पर साहित्य जगत में शायद उनसे भी ज्यादा विशिष्ट और महत्वपूर्ण स्थान उनका है । पंडित माखनलाल चतुर्वेदी का जन्म 4अप्रैल 1889को मध्य प्रदेश के बाबई में हुआ था। इनके पिता का नाम नंदलाल और मां का नाम सुदरबाई था। चतुर्वेदी जी के बचपन में ही उनके पिता का निधन हो गया था।फलत बाल्यकाल के उन सुहाने दिनों से वंचित हो गए, खेलने खाने की आयु में उन्हें संघर्ष का सामना करना पड़ा। उन्होंने अपने जीवन काल में कभी भी संघर्ष से मुंह नहीं मोड़ा। वे अध्यापक के पुत्र होने के कारण सन् 1914-15में खंडवा के प्रायमरी स्कूल के अध्यापक बने। उन्होंने गांव देखा । जमींदारों द्वारा लुटतीं फसलें देखी गरीबी देखी ही नहीं,भोगी भी। अपने समय की ललकार और चुनौतियों को भी उन्होंने सुना, उन्होंने विद्यार्थीयो को सिर्फ पाठ्यक्रम में शामिल पुस्तक ही नहीं पढाई, बल्कि स्वदेश मुकित का पाठ भी पढ़ाया। उनके पढ़ाए विद्यार्थी काफी बड़ी संख्या में राष्ट्रीय कार्यकर्ता बनकर देश भर में बिखर गए। जो प्रतिभा संपन्न थे। वे कवि ,लेखक और पत्रकार बन गए ।उनकी अध्यापिकी के क्या कहने उन्हें वेतन मिलता था सिर्फ सात रुपए। लेकिन वेतन लेकर घर लौटते लौटते कुछ आने बच जाए तो बहुत बड़ी बात होती थी। विद्यार्थी उनके कपड़े तक उनसे मांग कर ले जाते थे ।ऐसी स्थिति में कभी-कभी तो वे स्कूल में शाल ओढ लेते थे। अक्सर घर लौटते समय वह भी नदारद मिलती थी ।वह अपने लिए कभी भी किसी से कुछ नहीं मांगते थे।धन एकत्र करना उनका लक्ष्य नहीं था ।वह असमर्थ साहित्यकारों और दीन हीन विद्यार्थियों के लिए किसी से कुछ भी मांग सकते थे । कैसा ट्यूशन उस दौर में इसका चलन भी नहीं था। माखनलाल जी छात्रों को अपने घर पर निशुल्क पढ़ाया करते थे । दद्दा जेल तो 1921और 1930मे ही ग ए। 1921 में सी क्लास में रहे और 1930 में बी क्लास में । लेकिन वे महाकौशल से असहयोग आंदोलन में जेल जाने वाले वे पहले सत्याग्रही थे । और 31 वर्ष की अवस्था में एक सफल लेखक, पत्रकार और ओजस्वी वक्त के रूप में काफी शोहरत हासिल कर ली थी। उनसे अंग्रेजी सरकार डर गई थी। 1921 में सिर्फ तीन सत्याग्रही जेल गए, महात्मा भगवान दीन, पंडित सुंदरलाल और दादा माखनलाल चतुर्वेदी ,महात्मा जी नागपुर के माने जाते थे ।पंडित जी सुंदरलाल उत्तर प्रदेश से आए थे। सिर्फ दादा माखनलाल चतुर्वेदी ही ऐसे थे जो महाकौशल के भूमिपुत्र और सही मायने में जनता के आदमी थे। इसलिए उनके जेल जाने और सी क्लास की यातनाए सहने से एक इतिहास बन गया। 1921 का जेल और वह भी सी क्लास है। एक ऐसे तरुण के लिए जो कुछ समय पहले मरणासन्न हो चुका था और बड़ी मुश्किल से उसे बचाया गया था।

**फीचर**



# क्या उबालने पर खत्म हो जाते हैं दूध के पोषक तत्व

**हमारे दादा–दादी हमेशा से बच्चों को दूध पीने की सलाह देते रहे हैं क्योंकि यह बहुत पोष्टिक और ताकतवर होता है । लेकिन समय के साथ दूध को लेकर तो धारणाएं हैं वो बदलती रही है ।**

कुछ लोग ठंडा दूध पीना चाहते हैं तो कुछ उबालकर पीना पसंद करते हैं। कुछ ऐसे भी हैं जो मानते हैं कि दूध को बार-बार उबालने से उसके पोषक तत्व खत्म हो जाते हैं। आइए जानते हैं क्या है हकीकत।

ज्यादातर लोग मानते हैं कि दूध ही कैल्शियम का एकमात्र विकल्प है। यह पूरी तरह से सच नहीं हैं। दो चम्मच चिया सीड्स में दूध से 6 गुना अधिक कैल्शियम होता है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूट्रीशन के मुताबिक, 100 एमएल दूध में 125 मिग्रा. कैल्शियम होता है, जबकि 100 ग्राम रागी में 344 मिग्रा कैल्शियम होता है। एक्सपर्ट कहते हैं, शरीर में कैल्शियम को एब्जॉर्ब होने के लिए विटामिन-डी भी पर्याप्त मात्रा में होना जरूरी है। दूध को खराब होने से बचाने के लिए उबाला जाता है। हालांकि इसे उबालने से इसके पोषक तत्वों पर असर नहीं पड़ता। आहार विशेषज्ञ मानते हैं कि दूध को कई बार उबालने से भी इसके पोषक तत्व नहीं खत्म होते। आहार विशेषज्ञों के मुताबिक, दूध सुबह ले सकते हैं, लेकिन ध्यान रखें इसे खाली पेट न लें। ऐसा करने से पाचन बिगड़ सकता है। गैस बन सकती है। आयुर्वेद कहता है, अगर आपको वात और कफ दोष है तो सुबह खाली पेट दूध न लें। जिन्हें अक्सर खांसी की शिकायत रहती है, उन्हें भी सुबह खाली पेट दूध लेने से बचना चाहिए। दूध को पोषक तत्वों के आधार पर कम्प्लीट फूड कहते हैं, लेकिन इसे भोजन का विकल्प नहीं बनाया जा सकता है। शरीर को विटामिन-सी, फाइबर समेत कई पोषक तत्वों की जरूरत होती है जो दूध में नहीं होते। इसलिए इसे लंच या डिनर से रिप्लेस नही किया जाना चाहिए।

## प्रेरणा

# श्रद्धा के मुताबिक पूजा

हरेक व्यक्ति में चाहे वह जैसा भी हो, एक विशेष प्रकार की श्रद्धा पाई जाती है। लेकिन उसके द्वारा अर्जित स्वभाव के अनुसार उनकी श्रद्धा उत्तम (सतोगुणी), राजस (रजोगुणी) अथवा तामसी कहलाती है। अपनी श्रद्धा के अनुसार ही वह कतिपय लोगों से संगति करता है। अब वास्तविक तथ्य तो यह है कि जैसा कि गीता के 15 वें अध्याय में कहा गया है कि प्रत्येक जीव परमेर का अंश है। अतएव वह मूलतः इन समस्त गुणों से परे होता है। लेकिन जब वह भगवान के साथ अपने सम्बन्ध को भूल जाता है और बद्ध जीवन में भौतिक प्रकृति के संसर्ग में आता है तो वह विभिन्न प्रकार की प्रकृति के साथ संगति करके अपना स्थान बनाता है। इस प्रकार से प्राप्त कृत्रिम श्रद्धा तथा अस्तित्व मात्र भौतिक होते हैं। भले ही कोई किसी धारणा या देहात्मबोध द्वारा प्रेरित हो लेकिन मूलत~ वह निगरुण या दिव्य होता है। अतएव भगवान के साथ अपना सम्बन्ध फिर से प्राप्त करने के



लिए उसे भौतिक कल्मष से शुद्ध होना पड़ता है। यही एकमात्र मार्ग है, निर्भय होकर कृष्णभावनामृत में लौटने का। श्रद्धा मूलत~ सतोगुण से उत्पन्न होती है। मनुष्य की श्रद्धा किसी देवता, किसी कृत्रिम ईश्वर या मनोधर्म में हो सकती है लेकिन प्रबल श्रद्धा सात्त्विक कार्यो से उत्पन्न होती है। किंतु भौतिक बद्धजीवन में कोई भी कार्य शुद्ध नहीं होता। वे मिश्रित होते हैं। वे शुद्ध सात्त्विक नहीं होते। शुद्ध सत्त्व दिव्य होता है। इसमें रहकर मनुष्य भगवान के स्वभाव को समझ सकता है। जब तक श्रद्धा पूर्णतया सात्त्विक नहीं होती, वह प्रकृति के किसी भी गुण से दूषित हो सकती है। ये दूषित गुण हृदय तक फैल जाते हैं।

## अपनी बात



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि नक्सल समस्या अब देश के 12 जिलों से घटकर सिर्फ छह जिलों में समिति रह गई है। केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि मोदी सरकार नक्सलवाद के प्रति निर्मम दृष्टिकोण और सर्वांगीण विकास के लिए अथक प्रयासों के साथ सशक्त, सुरक्षित और समृद्ध भारत का निर्माण कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद को पूरी तरह से उखाड़ फेंकने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।



वक्फ बिल को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर अच्छे काम का विरोध होता है। कोई एक काम भी वक्फ बोर्ड गिना सकता है क्या कि उसने समाज के कल्याण के लिए कोई काम किया है। ये सब व्यक्तिगत स्वार्थ के अड्डे बने हैं। सरकारी संपत्ति पर काबिज होने के ये जरिया बने हुए हैं। हर सुधार का विरोध होता है, लेकिन देश, काल और परिस्थिति के मुताबिक हमें बदलाव के लिए तैयार रहना चाहिए।

## ब्रीफ न्यूज

### टी-स्टाल और कोल्ड ड्रिंक्स की दुकान पर मिली अवैध शराब

गुना। चांचौड़ा थाना क्षेत्र के एबी रोड कालापहाड़ स्थित पीताम्बरा टी-स्टाल और कोल्ड ड्रिंक्स की दुकान पर पुलिस ने चेकिंग के दौरान बिना लाइसेंस शराब बेचने का मामला पकड़ा। दुकान में एक कार्टून में पावर बीयर की 12 बोतल और एक कार्टून में हंटर बीयर के 6 केन बरामद किए गए। गत दिवस एसडीओपी महेंद्र सिंह गौतम द्वारा ग्राम कालापहाड़ स्थित ढाबों पर बिना लाइसेंस शराब बिक्री की सूचना मिलने पर पुलिस टीम के साथ मौके पर रवाना होकर जांच की गई। चेकिंग के दौरान पीताम्बरा टी-स्टाल के संचालक से पूछताछ की गई, जिसने अपना नाम रानू उर्फ रणधीर पुत्र रामसिंह मीना निवासी खातोली, थाना चांचौड़ा, जिला गुना बताया। आरोपी के कब्जे से पावर बीयर की 12 बोतल और हंटर बीयर के 6 केन, जिनकी कीमत लगभग 3600 रुपये है, को जब्त कर पंचनामा तैयार किया गया। आरोपी पर धारा 34 आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई ।

### शहर में दो जगहों पर चोरी, मोटरसाइकिल और कॉपर वायर पार

**गुना।** शहर में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों पर चोरी की वारदातें सामने आई हैं। एक मामले में बैंक के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी हो गई, जबकि दूसरे मामले में निर्माणाधीन मकान से एसी की कॉपर वायर और अन्य तार चोरी कर लिए गए। पहली घटना गत शाम करीब 6:10 बजे की है। फरियादी बंटी पुत्र कैलाश सिंह राजपूत निवासी हनुमान टेकरी रोड, मर्दन सिंह की वाड़ी, बुढ़े बालाजी, गुना ने पुलिस को बताया कि वह अपनी होंडा शाइन मोटरसाइकिल एमपी 08-0194 को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, ए.बी. रोड शाखा के बाहर लॉक करके बैंक के अंदर चला गया था। जब कुछ देर बाद वापस आया, तो बाइक वहां से गायब थी। अज्ञात चोर मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए। फरियादी ने बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग न मिलने पर थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। दूसरी घटना कोकाटे कॉलोनी स्थित एक निर्माणाधीन मकान की है। मकान मालिक ने बताया कि गत शाम को उसने पूरे घर की जांच कर मुख्य दरवाजा बंद कर दिया था। लेकिन जब दोबारा मकान पर गया, तो वहां से एसी की कॉपर वायर और अन्य बिजली की वायर चोरी हो चुकी थी। इस दौरान मकान का चौकीदार होली के लिए अपने गांव गया हुआ था, जिसका फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने घटना को अंजाम दिया।

# नानाखेड़ी मंडी में गेहूं की बंपर आवक



## ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लगी लंबी कतारें

सत्ता सुधार ■ गुना

पांच दिन के अवकाश के बाद गुना की नानाखेड़ी उपज मंडी में किसानों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मंगलवार शाम से ही करीब 1500 से अधिक ट्रैक्टर-ट्रॉलियां मंडी में पहुंच गई, जिससे मंडी पूरी तरह भर गई। हालात को देखते हुए प्रशासन ने अतिरिक्त ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को दशहरा मैदान में खड़ा करवाया, जहां किसानों के लिए पानी और लाइट की व्यवस्था की गई। हालांकि, किसानों में इस बात की चिंता बनी हुई है कि अगर बारिश हो गई तो उनकी उपज खराब हो सकती है और उन्हें बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है।

**प्रशासन ने की व्यवस्थाएं, लेकिन किसान परेशान :** प्रशासन ने किसानों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए दशहरा मैदान में लाइट और पानी की उचित व्यवस्था करवाई है, लेकिन किसानों का कहना है कि उनकी सबसे बड़ी चिंता खराब मौसम है। मौसम में अचानक बदलाव होने और बारिश की संभावना को देखते हुए किसान परेशान हैं। कई किसान अपनी उपज की सुरक्षा को लेकर चिंतित नजर आए और जल्द से जल्द अनाज की बिक्री की मांग कर रहे हैं। किसानों ने यह भी बताया कि मंडी में अव्यवस्थाओं के चलते उन्हें कई दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है। अगर जल्द बोली नहीं लगाई गई, तो उनकी मेहनत पर पानी फिर सकता है।

**प्रशासन का दावा, जल्द होगा समाधान :** इस पूरे मामले पर प्रशासन का कहना है कि अतिरिक्त ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को संभालने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है और जल्द ही मंडी में सुचारू रूप से नीलामी प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। किसानों से अपील की गई है कि वे धैर्य बनाए रखें और प्रशासन का सहयोग करें। हालांकि, किसानों का कहना है कि वे अपनी मेहनत का उचित दाम चाहते हैं और उनकी उपज सुरक्षित रहे, इसके लिए प्रशासन को जल्द ठोस कदम उठाने होंगे।

### मंडी में हाउसफुल, किसानों को दशहरा मैदान भेजा गया

छुट्टियों के कारण मंडी में कई दिनों से फसल की बिक्री नहीं हो सकी थी, जिसके चलते मंगलवार शाम से ही बड़ी संख्या में किसान मंडी पहुंचने लगे। मंडी में पहले से ही ट्रैक्टर-ट्रॉलियां भरी हुई थीं, जिसके चलते प्रशासन को अतिरिक्त ट्रॉली लेकर आए किसानों को दशहरा मैदान में रुकवाना पड़ा। बुधवार दोपहर तक दशहरा मैदान भी पूरी तरह भर चुका था। इस दौरान बमोरी के निकट ग्राम देहरा के किसान करण सिंह ने बताया कि वे अपनी उपज लेकर तीन दिन से इंतजार कर रहे हैं, लेकिन अभी तक बोली लगने की संभावना नहीं दिख रही। उन्होंने बताया कि जब वे मंगलवार को फिर से मंडी पहुंचे, तो अंदर जाने की अनुमति नहीं मिली और उन्हें दशहरा मैदान में रुकने के लिए कहा गया। किसानों को रातभर खुले में रहना पड़ा और उन्हें डर सता रहा था कि अगर बारिश हो गई तो उनकी उपज भीगकर खराब हो सकती है।

# संदिग्ध हालात में मां-बेटे की मौत, ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप

### रामपुरा में फंदे से लटके मिले मां और बेटे के शव

सत्ता सुधार ■ गुना

जिले के राघौगढ़ क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां 24 वर्षीय महिला और उसके दो साल के बेटे की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का बताया जा रहा है, लेकिन मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। घटना मंगलवार रात की बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवानी नाम की महिला की शादी तीन साल पहले रामपुरा निवासी रामेश्वर लोधा से हुई थी। उनका एक दो साल का बेटा शिवाय भी था। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, रामेश्वर शराब का आदी था और नशे की हालत में अक्सर पत्नी से मारपीट करता था। बताया जाता है कि घटना से दो दिन पहले भी पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था, जिसके चलते पुलिस को भी बुलाया गया था।

मंगलवार रात फिर से दोनों के बीच झगड़ा हुआ, जिसके बाद शिवानी अपने कमरे में चली गई। कुछ देर बाद जब ससुराल वालों ने कमरे का दरवाजा खोला तो मां और बेटे के शव फंदे से लटके मिले। ससुराल पक्ष का कहना है



कि उन्होंने तुरंत शिवानी को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे और उसके बेटे को मृत घोषित कर दिया।

### पिता ने लगाया गंभीर आरोप

मृतका के पिता बुंदेल सिंह लोधा ने अपनी बेटी की मौत को आत्महत्या मानने से इनकार कर दिया है। उनका आरोप है कि शिवानी के ससुराल वालों ने उसकी हत्या की है। उन्होंने बताया कि शिवानी का पति उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करता था और मारपीट करता था। घटना से कुछ घंटों पहले ही शिवानी ने पिता से फोन पर बात की थी और बताया था कि उसका पति फिर से मारपीट कर रहा है। पिता ने उससे घर आने की बात कही, लेकिन उसने कहा कि जरूरत पड़ी तो खुद बुला लेगी। बुंदेल सिंह का आरोप है कि उनकी बेटी की मौत के बाद भी ससुराल वालों ने उन्हें इसकी सूचना नहीं दी। वे शव को सीधे गुना जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जबकि पहले नजदीकी राघौगढ़ अस्पताल ले जाना चाहिए था। जब परिजनों को इस घटना की खबर लगी तो वे तुरंत अस्पताल पहुंचे, लेकिन उन्हें सही जानकारी नहीं दी गई।

**शव पर चोट के निशान, जांच की मांग :** मृतका के परिवार का कहना है कि अगर शिवानी ने खुद फांसी लगाई होती, तो उसके गले पर स्पष्ट निशान होते, लेकिन उनके अनुसार, उसकी गर्दन पर ऐसे कोई निशान नहीं थे। बल्कि, सिर पर चोट के निशान पाए गए हैं, जो यह इशारा करते हैं कि उसके साथ कोई अप्रिय घटना हुई है। परिवार ने शिवानी के पति रामेश्वर लोधा, उसके ससुर चैन सिंह और अन्य ससुराल पक्ष के लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है।

**पुलिस कर रही जांच :** घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मृतका के परिजनों की मांग है कि उन्हें जल्द न्याय मिले और दोषियों को सख्त सजा दी जाए।

### ससुराल आए पति के साथ पत्नी और साली ने की जमकर मारपीट

**गुना।** जिले में कुंभराज और राघौगढ़ थाना क्षेत्रों में महिलाओं द्वारा मारपीट के दो मामले सामने आए हैं। कुंभराज में एक व्यक्ति के साथ उसकी पत्नी और साली ने मारपीट की, जबकि राघौगढ़ में एक महिला के साथ उसके मायके वालों ने मारपीट कर धमकी दी। दोनों मामलों में पुलिस ने शिकायत लेकर जांच शुरू कर दी है। फरियादी सोनू पुत्र भैयालाल साहू (34), निवासी आरोन ने कुंभराज थाने में शिकायत दर्ज कराई कि उसकी पत्नी लक्ष्मी साहू उसके साथ नहीं रहती और भरण-पोषण का केस भी लगा रखा है। सोनू ने बताया कि वह किसी काम से कुंभराज आया था, तभी अस्पताल के सामने उसकी पत्नी और साली संतोष साहू से सामना हो गया। दोनों ने उसे देखते ही गाली-गलौज शुरू कर दी और थप्पड़ मारने लगीं। उन्होंने उसे धमकी भी दी कि अगर दोबारा कुंभराज में दिखा तो जान से खत्म करवा देंगी। इस दौरान राहुल साहू नामक युवक ने उसे बचाया। पीड़ित ने थाने पहुंचकर कार्रवाई की मांग की है।

**मायके वालों ने महिला के साथ मारपीट कर दी धमकी :** इधर फरियादिया आर्शिफा खान, निवासी वार्ड नंबर 11, बरबटपुरा, राघौगढ़ ने पुलिस को बताया कि वह अपने ससुराल में रहना चाहती है, लेकिन उसके मायके वाले जबरन उसे अपने घर ले जाना चाहते हैं। जब उसने उनके साथ जाने से मना किया तो उसके मामा आविद खान, जावेद खान, मां चांदनी और मौसी यासमिन ने गालियां देना शुरू कर दिया।

# अक्षय तृतीया पर होगा मैथिल ओझा समाज का निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन



सत्ता सुधार ■ गुना

हर साल की तरह इस साल भी मैथिल ओझा समाज द्वारा आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह सम्मेलन अक्षय तृतीया के अवसर पर 30 अप्रैल को होगा। आयोजन ओझा समाज मित्र मंडल सेवा समिति के तत्वाधान में किया जा रहा है।

समाज के पदाधिकारियों ने पाएगा मोहल्ला स्थित शिव मंदिर में सामूहिक विवाह सम्मेलन का प्रथम निमंत्रण पूजन कर तैयारियाँ शुरू कर दी हैं। इस वर्ष सम्मेलन के संयोजक भूरेलाल ओझा होंगे, जबकि सहसंयोजक ओमप्रकाश ओझा को बनाया गया है। कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी नन्नू लाल ओझा को सौंपी गई है, वहीं सह कोषाध्यक्ष विजय ओझा होंगे। सम्मेलन अध्यक्ष बनवारी लाल ओझा को बनाया गया है, जबकि उपाध्यक्ष पद पर चंद्र मोहन ओझा और कल्याण ओझा को नियुक्त किया गया है। युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने और समाज में एकता स्थापित करने के उद्देश्य से हाल ही में युवा मंडल का गठन किया गया है। गुना जिले के युवा मंडल अध्यक्ष के रूप में सोनू ओझा को चुना गया है, जबकि महिला मंडल अध्यक्ष पिस्ता ओझा होंगी। प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण ओझा ने बताया कि यह विवाह सम्मेलन पूरी तरह निःशुल्क होगा। वर-वधु के परिवारों से पंजीयन के समय किसी भी प्रकार की राशि नहीं ली जाएगी। आयोजन समिति के संयोजक भूरेलाल ओझा ने समाज के सभी लोगों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस विवाह सम्मेलन में रजिस्ट्रेशन कराएँ और फिजूल खर्चों से बचते हुए अपने बच्चों का विवाह संपन्न कराएँ। साथ ही, समाजजन इस पुनीत कार्य में तन, मन और धन से सहयोग करें ताकि आयोजन सफल हो सके।

# सीएम राइज बरखेड़ा हाट में हर्षोल्लास से मनाया प्रवेशोत्सव

सत्ता सुधार ■ गुना

सीएम राइज विद्यालय बरखेड़ा हाट में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेशोत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर नए प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं फूलमालाओं से स्वागत किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



**रैली निकालकर किया जागरूकता अभियान :** कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्राचार्य बृजनारायण धाकड़ के नेतृत्व में ढोल-नगाड़ों और साउंड सिस्टम के साथ एक भव्य रैली निकाली गई। रैली में छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय स्टाफ ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान गांव के अभिभावकों और ग्रामीणों को मुख्यमंत्री राइज विद्यालय में उपलब्ध कराई जा रही शासकीय सुविधाओं की जानकारी दी गई।

**बच्चों को वितरित की गई पाठ्यपुस्तकें :** प्रवेशोत्सव के दौरान विद्यालय में नए प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकों का वितरण भी किया गया। इस मौके पर प्राचार्य ने कहा कि सरकार द्वारा शिक्षा को सुलभ और गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका लाभ अधिक से अधिक छात्रों को मिलना चाहिए। विद्यालय परिवार ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ उठाएं। प्रवेशोत्सव का यह आयोजन बच्चों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करने के साथ ही शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का माध्यम बना।

# आउटसोर्स एवं संविदा कर्मचारियों के शोषण के खिलाफ यूनियन ने दिया ज्ञापन



सत्ता सुधार ■ गुना

नगरपालिका परिषद गुना सहित जिले के विभिन्न विभागों में कार्यरत आउटसोर्स एवं संविदा कर्मचारियों के शोषण, न्यूनतम वेतन वृद्धि का एरियर सहित भुगतान और अन्य कानूनी प्रावधानों को लागू कराने की मांग को लेकर दैनिक वेतन भोगी आउटसोर्स एवं कार्यभारित कर्मचारी एकता यूनियन (सीटू) ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। यूनियन के बैनर तले बड़ी संख्या में कर्मचारी नारेबाजी करते हुए कलेक्टरेट पहुंचे और अपनी मांगों को लेकर विरोध दर्ज कराया। यूनियन के पदाधिकारियों ने बताया कि नगरपालिका परिषद गुना द्वारा वर्ष 2020-21 में वाहन चालकों की सीधी भर्ती की गई थी, लेकिन बिना किसी सूचना के इन चालकों को आउटसोर्स कंपनियों को सौंप दिया गया। इससे उनके वेतन, बोनस और अन्य वैधानिक लाभों पर सीधा असर पड़ा है। इसके अलावा जिले के अस्पतालों और अन्य सरकारी विभागों में कार्यरत आउटसोर्स और संविदा कर्मचारियों को श्रम कानूनों के तहत मिलने वाले अधिकारों से भी वंचित रखा जा रहा है।

यूनियन ने प्रशासन के समक्ष सात प्रमुख मांगें रखीं, जिनमें वेतन भुगतान, बोनस, अवकाशों का लाभ, ओवरटाइम भुगतान, श्रेणीवार न्यूनतम वेतन, कोविड काल के लंबित वेतन का भुगतान और न्यायालय के आदेश के अनुसार पुनरीक्षित वेतन देने की मांग शामिल थी। यूनियन ने मांग की कि नगरपालिका परिषद गुना और अन्य शासकीय विभागों में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों को विभागीय अधिकारियों की जिम्मेदारी के तहत न्यूनतम वेतन और अन्य वैधानिक लाभ दिलाए जाएं। यूनियन अध्यक्ष कान्हा मालवीय और महासचिव भानू शाक्यवार ने कहा कि यदि प्रशासन जल्द से जल्द इन मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं करता है, तो कर्मचारियों को मजबूरन उग्र आंदोलन करना पड़ेगा। उन्होंने श्रमपदाधिकारी से अपील की कि आउटसोर्स कर्मचारियों के शोषण पर रोक लगाने और श्रम कानूनों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। इस दौरान यूनियन के कई पदाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ग्राम सकतपुर में नवरात्रि के पावन पर्व पर गौ रक्षा यज्ञ एवं गौमाता आरती संपन्न

**गुना।** मां श्री सुवार्चला सिद्ध गौधाम ग्राम सकतपुर में नवरात्रि के पावन पर्व पर तृतीय दिवस में सुंदरकांड का पाठ हवन सहित किया गया। यजमान अन्नू पंडा, जिला सदस्य संतोष धाकड़, सीएमओ तेज सिंह यादव, सतीश शिवहरे, भगवत बडोनिया, प्रशांत, अभय सिंह एवं मां श्री सुवार्चला सिद्ध गौधाम समिति के सदस्य राजू कुशवाह, नितपल सिंह जाट, पंडित विवेक महाराज एवं समस्त ग्रामवासी ने बड़ी धूमधाम से गौ माता का पूजन नवरात्रि पर्व पर किया गया। यह काम हनुमान जी की कृपा से 9 दिन तक चलता रहेगा। चतुर्थ दिवस की यजमान नर्मदा आयुर्वेदिक मानस गुप्ता, संतोष धाकड़, तेज सिंह यादव द्वारा गौ माता एवं बाबा की आरती की गई ।



**प्रदर्शन** | भ्रष्टाचारियों को सरकारी संरक्षण का आरोप लगाकर कांग्रेस हुई उग्र

# चालान पेश नहीं हुआ इसलिए करोड़पति आरक्षक को मिल गई जमानत

सत्ता सुधार ■ गुना

मध्य प्रदेश परिवहन विभाग के करोड़पति पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा और उसके साथियों को लोकायुक्त द्वारा 60 दिन में चालान पेश न करने के कारण जमानत मिल गई है। इस मामले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हनुमान चौराहे पर प्रदर्शन किया, जहां भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी हुई।

**भारी संपत्ति का खुलासा, फिर भी कार्रवाई नहीं :** सौरभ शर्मा और उसके साथियों पर 52 किलो सोना, करोड़ों की नकदी और रियल एस्टेट में किए गए भारी निवेश का मामला सामने आया था। कांग्रेस का आरोप है कि लोकायुक्त ने जानबूझकर चालान पेश नहीं किया, जिससे उन्हें जमानत मिल गई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह साफ दर्शाता है कि भ्रष्टाचार के तार केवल कुछ अधिकारियों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह सत्ता के शीर्ष तक फैला हुआ है।


**भ्रष्टाचार के खिलाफ कांग्रेस की लड़ाई जारी रहेगी :** कांग्रेस नेताओं ने घोषणा की कि पार्टी भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष जारी रखेगी। कांग्रेस सरकार बनने पर भ्रष्टाचार के मामलों की विशेष जांच आयोग से गहन जांच कराई जाएगी। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मांग की कि सौरभ शर्मा और उसके साथियों की जमानत रद्द की जाए और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़, हरिशंकर विजयवर्गीय पूर्व अध्यक्ष,विश्वनाथ तिवारी जिला संगठन प्रभारी, रजनीश शर्मा, शेखर वशिष्ठ, रमेश सैंडो, प्रकाश सिंह धाकड़, रति राम धाकड़ के अलावा वरिष्ठ समाज सेवी शंभूनाथ तिवारी, हरिशंकर विजयवर्गीय, रजनीश शर्मा, शेखर वशिष्ठ, प्रकाश सिंह धाकड़, राजेन्द्र तिवारी, माधो महाराज, रति



राम धाकड़, पंकज कनेरिया, गजेंद्र सिंह चौहान अध्यक्ष चांचौड़ा, रणवीर सिंह कुशवाह, सीमा यादव महिला कांग्रेस, ममता गोतम, नारायण सिंह विंडल, राजू कोरी सेवा दल, प्रमोद रघुवंशी, राजू जाटव, नरेंद्र कुशवाह, तरुण सेन, रामवीर जाटव, ओम प्रकाश शर्मा, महेश कुशवाह, हलीम गाजी, रहीश खान, संदीप श्रीवास्तव, इकरार बल्ला, धर्मेन्द्र धाकड़, प्रशांत शर्मा, खूब सिंह धाकड़, बनवारीलाल ओझा, भगवान सिंह अहिरवार, कृष्णपाल सिंह तोमर, नारायण लाल मैयर, अर्जुन रघुवंशी युवा कांग्रेस, रविन्द्र रघुवंशी, अनुज रघुवंशी, शिवलाल नायक, पर्वत सिंह यादव, महेन्द्र ओझा, बृजेश भार्गव, संजय जाटव, बनवारीलाल ओझा, रामकृष्ण धाकड़, आर्यन सेंड़ो, डॉ.जाहिर अली, मोहित शर्मा, दुर्गेश ओझा, गौरव कदम, सहदेव बाल्मीकि, गोलू कुशवाह आदि उपस्थित थे।

### कांग्रेस का आरोप - भ्रष्टाचारियों को बचा रही सरकार

गुना में हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष मेहरबान सिंह ने कहा कि भ्रष्टाचार की नई परतें खुल रही हैं, लेकिन सरकार भ्रष्टाचारियों को बचाने में लगी है। उन्होंने कहा कि यह मामला केवल एक घोटाले का नहीं, बल्कि पूरे सरकारी तंत्र की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े करता है। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा शासन में बड़े आर्थिक अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण मिल रहा है, जिससे लोकायुक्त जैसी एजेंसियां भी निष्पक्ष कार्रवाई करने में असफल हो रही हैं।



# प्लेटलेट्स कैसे बढ़ाएं, खून की कमी है तो आजमाएं 5 उपाय

**एक स्वस्थ शरीर की निशानी है शरीर में प्लेटलेट्स की सही मात्रा होना एवं उनका सही तरीके से काम करना। लेकिन प्लेटलेट्स की कमी होने का नुकसान आपके शरीर एवं स्वास्थ्य को भुगतना पड़ता है। अपने खानपान के माध्यम से आप आसानी से प्लेटलेट्स की संख्या में इजाफा कर सकते हैं।**

- प्रोटीन, विटामिन ए, सी, के, फोलेट, जिंक, फोलिक एसिड, सेलेनियम आदि पोषक तत्वों से भरपूर आहार लेना, प्लेटलेट्स में वृद्धि करने में कारगर उपाय साबित होगा।
- अपनी डाइट में दही, आंवला, लहसुन, ग्रीन टी के साथ ही नारियल पानी और अनार, पपीता, सेब, चुकंदर जैसे फलों को भी शामिल करें साथ ही पपीते के पत्तों का रस पीना भी एक लाभप्रद उपाय है।
- रोजाना एलोवेरा का सेवन भी इसके लिए फायदेमंद है। 20 से 25 ग्राम की मात्रा में प्रतिदिन एलोवेरा का गुदा खाएं या फिर इसका जूस बनाकर पिएं।
- व्हीटग्रास यानि ज्वारों का उपयोग भी प्लेटलेट्स को बढ़ाने में काफी मददगार है। रोजाना सुबह खाली पेट ज्वारे का रस निकालकर पीने से धीरे-धरे प्लेटलेट्स की संख्या में इजाफा होगा।
- गिलोय का प्रयोग भी इसके लिए एक रामबाण उपाय है। गिलोय को तुलसी के साथ मिलाकर दोनों को अच्छी तरह उबालें और काढ़ा तैयार करें। इस काढ़े का रोजाना प्रयोग लाभदायक होगा।

आम तौर पर खून की कमी को एनीमिया के रूप में देखा जाता है। आयरन की कमी होना भी इसका एक प्रमुख कारण है। छोटे बच्चों, महिला खिलाड़ियों, सर्जरी या एक्सीडेंट के मरीजों में एनीमिया का खतरा अधिक होता है। वहीं महिलाओं में माहवारी के दौरान होने वाले रक्तस्त्राव एवं गर्भावस्था के कारण यह समस्या हो सकती है।

### रक्ताल्पता से बचने के 5 आसान टिप्स

- एनीमिया की समस्या से बचने के लिए, रेड मीट, सी-फूड और अंडा फायदेमंद होता है। लेकिन अगर आप शाकाहारी हैं, तो सोयाबीन, मटर, सूखे मेवे और एप्रिकॉट आपके लिए बेहतर विकल्प है।
- ताजी हरी सब्जियों के साथ मक्का और अलग-अलग तरह की दालों को अपने भोजन में शामिल करें। इससे शरीर में आयरन की कमी नहीं होगी, जो एनीमिया का प्रमुख कारण है।
- नाश्ते और खाने में फलों को शामिल करें। इनमें मौजूद विटामिन-सी, शरीर में आयरन को सोखने में एवं उसकी क्षमता बढ़ाने में सहायक होता है।
- चाय या कॉफी को ज्यादा कड़क करके न पिएं, इससे शरीर को आयरन को सोखने में कठिनाई होती है ।
- बगैर डॉक्टर की सलाह के, आयरन की गोलियों का सेवन बिल्कुल न करें। खून की जांच और डॉक्टर की सलाह लेने के बाद ही इनका सेवन करें, क्योंकि शरीर में आयरन की अधिकता आपके लिए मुसीबत बन सकता है।



# खांसी, जुकाम को ठीक करने के साथ इम्यूनिटी स्ट्रॉन्ग बनाती है काली मिर्च

**काली मिर्च को न सिर्फ इम्युनिटी बूस्टर माना जाता है बल्कि इसे इंफेक्शन से बचाव के लिए भी कारगर माना जाता है। ऐसे में कई लोगों के मन में सवाल आता है कि क्या वाकई काली मिर्च कोरोना से बचाव में कारगर है?**

कोरोना से बचाव के लिए पूरे देश में वैक्सीनेशन हो रही है। ऐसे में एक उम्मीद बंधी है कि देश जल्दी ही इस समस्या से मुक्ति पा लेगा लेकिन वैक्सीनेशन के बाद भी कुछ बातों की सावधानी रखना बेहद जरूरी है। जिनमें सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों के साथ अपनी इम्युनिटी बूस्ट करने के उपाय शामिल है। कोरोना के इंफेक्शन से बचाव के लिए कई घरेलू नुस्खे भी आजमाए गए।

### सर्दी, खांसी और जुकाम में कारगर

सर्दी, खांसी और जुकाम से पीड़ित लोगों को ही लिए काली मिर्च एक बेहतरीन औषधि के रूप में कार्य कर सकती है। आयुर्वेद में भी इसके सेवन से सर्दी और जुकाम की समस्याओं को ठीक करने की बात कही गई है। इसलिए जो लोगों को सर्दी, खांसी और जुकाम की समस्या है उन्हें शहद के साथ काली मिर्च के पाउडर को खाना चाहिए। यह प्रभावी रूप से इन समस्याओं को दूर करने के लिए अपना असर दिखा सकता है।

### रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाती है

कोरोना वायरस महामारी से बचने के लिए रोग प्रतिरोधक क्षमता का मजबूत होना कितना जरूरी है, यह बात तो आप सभी लोग जान चुके हैं। यही वजह है कि अस्पताल में मरीजों को दिए जाने वाले काढ़े को तैयार करने में भी काली मिर्च का प्रयोग किया जा रहा है। यह कोरोना वायरस के लक्षणों को ठीक करने और रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाने में काफी प्रभावी माना जा रहा है। आप चाहें, तो इसे गर्म पानी में उबालकर भी ड्रिंक के रूप में पी सकते हैं।

### ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में कारगर

ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने का सबसे ज्यादा फायदा डायबिटीज के खतरे को कम करने के लिए मिलता है। डायबिटीज की चपेट में आने के कारण हर साल हजारों लोगों की मौत हो जाती है। वहीं, काली मिर्च का सेवन अगर नियमित रूप से किया जाए तो यह ब्लड शुगर लेवल को संतुलित बनाए रखकर डायबिटीज के खतरे को काफी हद तक कम कर देती है।




# टाइप-1 और टाइप-2 डायबिटीज में क्या है अंतर? जानें लक्षण और बचाव

**खराब लाइफस्टाइल और वर्कआउट की कमी की वजह से आज अधिकतर लोग डायबिटीज की चपेट में हैं। डायबिटीज एक ऐसी बीमारी है, जिस पर अगर समय रहते कंट्रोल ना किया जाए, तो यह कई अन्य हेल्थ प्रॉब्लम्स जैसे हाई ब्लड प्रेशर, हार्ट , किडनी रोग, स्ट्रोक, आंखों में समस्याएं, पैरों में अल्सर आदि जैसे रोगों के होने का खतरा बढ़ा देती है।**

### क्या है डायबिटीज

दरअसल, इंसुलिन शरीर में बनने वाला एक ऐसा हॉर्मोन है जो ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करता है। यह हमारे शरीर में पैंक्रियाज नामक एक ग्लैंड में बनता है। इसके असर से ब्लड में मौजूद शुगर हमारे शरीर के सेल्स में स्टोर होती है। डायबिटीज से पीड़ित व्यक्ति के शरीर में या तो इंसुलिन बनता ही नहीं है या फिर बॉडी के सेल्स इंसुलिन के प्रति संवेदनशील नहीं रह जाते है और शुगर उनमें स्टोर न होकर ब्लड में मौजूद रहती है।

### दो तरह की होती है डायबिटीज

डायबिटीज दो तरह की होती है-टाइप-1 और टाइप-2। इसमें टाइप-1 डायबिटीज वह होती है जो व्यक्ति को अनुवांशिक तौर पर होती है। मतलब जब किसी के परिवार में उसके मम्मी-पापा, दादी-दादा में से किसी को शुगर की बीमारी रही हो तो ऐसे व्यक्ति में इस बीमारी की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। जबकि कुछ लोगों में गलत लाइफस्टाइल और खान-पान की गलत आदतों की वजह से यह बीमारी घर कर जाती है। इस स्थिति को टाइप-2 डायबिटीज कहा जाता है। डायबिटीज टाइप-1 की समस्या किसी बच्चे में जन्म से भी देखने को मिल सकती है। इस स्थिति में शरीर के अंदर इंसुलिन बिल्कुल नहीं बनता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि वंशानुगत कारणों से पैंक्रियाज में इंसुलिन बनना बंद हो जाता है। यह एक ऑटोइम्यून डिसऑर्डर है।

### टाइप 1 डायबिटीज के लक्षण

- बार-बार पेशाब आना
- रोगी को को बहुत प्यास लगना
- रोगी कमजोरी महसूस करने लगता है
- दिल की धड़कन का बढ़ जाना
- चोट लगने पर घाव भरने में ज्यादा समय लगना
- हाथों में झुनझुनी, कंपकंपी जैसी समस्याएं

### टाइप 2 डायबिटीज के लक्षण

- थकान ट कम दिखना
- सिर दर्द जैसी समस्या
- चोट या घाव लगने पर वह जल्दी ठीक नहीं होता
- आंखों की रोशनी प्रभावित

## किसे टाइप-2 डायबिटीज का सबसे ज्यादा खतरा




- 45 साल की उम्र के बाद टाइप-2 डायबिटीज का खतरा बढ़ जाता है।
- जिन परिवारों में डायबिटीज अनुवांशिक है, उसके सदस्य विशेषतौर पर सावधान रहें।
- मोटापे के शिकार लोगों पर टाइप-2 डायबिटीज सबसे पहले हमला करती है।
- जन लोगों में हाई ब्लड प्रेशर, लॉ एचडीएल या हाई कॉलेस्ट्रॉल होता है, उनमें टाइप-2 डायबिटीज का खतरा रहता है।

### डायबिटीज से बचाव के उपाय

डायबिटीज की शुरुआती अवस्था में लाइफस्टाइल में थोड़े बहुत बदलाव करके इसे कंट्रोल किया जा सकता है। लेकिन ज्यादा समस्या होने पर इसके रोकथाम के लिए व्यक्ति को इंसुलिन दिया जाता है। इंसुलिन द्वारा पहुंचाई गई शुगर से ही कोशिकाओं को ऊर्जा मिलती है।

# डायबिटीज के मरीजों को जरूर करना चाहिए मेरूवक्रासन

बदलती जीवनशैली में शरीर को फिट रखना किसी चुनौती से कम नहीं है खासकर डायबिटीज के मरीजों को अपनी सेहत का ध्यान रखने के लिए कई जतन करने पड़ते हैं। डायबिटीज के मरीजों को कोरोना का सबसे ज्यादा खतरा है। ऐसे में हम आपको ऐसे उपाय बता रहे हैं, जो न सिर्फ बीमारी से बचाएंगे बल्कि फिट रखने में भी मदद करेंगे। सूर्य नमस्कार के कुछ चक्रों का नियमित अभ्यास करने पर इस समस्या को अपने से दूर रखा जा सकता है। इसके साथ ही वे लोग, जो इस रोग से एक-दो साल पहले ही ग्रस्त हुए हैं, वे भी योग्य मार्गदर्शन में सूर्य नमस्कार के नियमित अभ्यास से रोग को पूर्णतया दूर कर सकते हैं। किन्तु गंभीर रोगी को अन्य आसनों का भी अभ्यास करना चाहिए। इनमें पवनमुक्तासन, जानुशिरासन, उष्ट्रासन, सुप्त वज्रासन, मेरूवक्रासन, अर्धमत्स्येन्द्रासन तथा हलासन प्रमुख हैं।

### मेरूवक्रासन की अभ्यास विधि

दोनों पैरों को सामने की ओर सीधा फैला कर बैठ जाएं। पैरों को आपस में जुड़ा रखें। दाएं पैर को घुटने से मोड़ कर इसके पंजे को बाएं पैर के घुटने के बायीं ओर रखें। बाएं हाथ की कुहनी को दाएं पैर के घुटने के पास रखते हुए इसके पंजे को स्पर्श करने का प्रयास करें। दाएं हाथ को पीठ के पीछे रखते हुए धड़ को दायीं ओर यथासंभव मोड़ने का प्रयास करें। इस स्थिति में आरामदायक अवधि तक रुकें। इसके बाद वापस पूर्व स्थिति में आएं। यही क्रिया दूसरी तरफ भी करें।

### प्राणायाम

मधुमेह जैसी बीमारी को दूर करने के लिए प्राणायाम की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इस के लिए कपालभाति, अग्निसार, बंध तथा नाड़ी शोधन प्राणायाम का अभ्यास बहुत महत्वपूर्ण है।

### अग्निसार की अभ्यास विधि

ध्यान के किसी भी आसन, पद्मासन, सिद्धासन या सुखासन पर रीढ़, गला व सिर को सीधा कर बैठ जाएं। ज्यादा बेहतर पद्मासन होता है। एक गहरी श्वास अंदर लेकर पूरी श्वास मुंह के द्वारा बाहर निकालें। अब श्वास को बाहर रोक कर दोनों हाथों को घुटनों पर सीधा रख कर पेट को जल्दी-जल्दी अंदर-बाहर करें। जब तक श्वास को सहजता से रोक सकते हैं, तब तक पेट को अंदर बाहर करते रहें। किसी भी प्रकार की असहजता होने के पहले ही पेट को सामान्य करें और फिर हाथ को सामान्य रखते हुए श्वास को अंदर लेकर सहज करें। इसकी तीन-चार आवृत्तियों का अभ्यास करें।

### इन पर भी ध्यान दें

कार्बोहाइड्रेट, स्टार्च तथा वसायुक्त आहार कम लेना चाहिए। चोकर वाली रोटी, दही, सब्जियां, सलाद का सेवन प्रतिदिन करें। भोजन नियमित समय पर लें। भूख से अधिक भोजन नहीं करें। बार-बार भोजन करना भी ठीक नहीं होता।





# मानसून की मस्ती के बीच जरूर याद रखें ये बातें

**बारिश के दिनों में बीमारियों का सबसे ज्यादा खतरा रहता है इसलिए आपको कुछ ऐसे टिप्स अपनाने चाहिए जिससे कि आप बीमारियों से बचते हुए सेफ रह सकें। आइए, जानते हैं कैसे रखें मानसून में अपना ख्याल**

### डाइट का खास ख्याल रखें

इस समय ठंडी चीजें जैसे आइसक्रीम, कोल्ड ड्रिंक, खट्टी-मसालेदार, तली हुई चीजें न खाएं। इस मौसम में हेल्दी डाइट लेना बहुत जरूरी है। हरी पत्तेदार सब्जियां, घर का बना खाना, सूप, फाइबर युक्त आहार और फ्रूट खाने से आप हेल्दी रहेंगे।

### पानी पीते रहें

सर्दी हो या गर्मी शरीर में पानी की कमी नहीं होनी चाहिए। गुनगुने पानी का सेवन पाचन क्रिया को भी दुरुस्त रखता है। खाना खाने के एक घंटा पहले और खाना खाने के आधे घंटे बाद ही पानी पीएं। ठंडा पानी पीने से गला ज्यादा खराब हो सकता है।

### हरी साग-सब्जियां जरूर खाएं

सब्जियों के साथ-साथ अपने आहार में कुछ जरूरी हर्ब भी शामिल करें। इससे शरीर को ऊर्जा मिलेगी और रोग प्रतिरोधक क्षमता भी मजबूत होगी। आंवला, ब्राह्मी, तुलसी, एलोवीरा, अदरक, इलायची, अजवाइन, सौंफ आदि भी सेहत के लिए बहुत जरूरी है।

### बच्चों का रखें खास ख्याल

छोटे बच्चे मौसम में बदलाव आने के कारण बीमारी के चपेट में बहुत जल्दी आ जाते हैं। इनका खास ख्याल रखने की बहुत जरूरत होती है। कई बार तो इससे बच्चों को डायरिया होने की आशंका रहती है। ऐसे में उन्हें अच्छी डाइट दें। बाजार की बनी चीजें न खिलाएं। समय-समय पर उन्हें लिक्विड दें ,ताकि शरीर में पानी की कमी न हो।


### तापमान में तुरंत बदलाव का ध्यान रखें

दिन में मौसम जिस तरह से कभी धूप, कभी बादल बारिश वाला हो रहा है उसे हल्केम में नहीं लेना चाहिए। इस तरह टेम्पौरेचर फ्लक्चुएशन से तबियत बिगड़ सकती है। बाहर से आकर एकदम पानी न पिएं या कपड़े न बदलें। चिलचिलाती धूप से एकदम से एसी में प्रवेश न करें। अपने आस-पास सफाई रखें, धूल-मिट्टी और गंदगी के कारण एलर्जी होने का डर रहता है।









# पोस्ट कोविड थकान से रोगियों को उबरने के लिए क्या सेवन करें

हमारा देश कोविड-19 महामारी से जूझ रहा है। हालांकि इस बीच इस संक्रमण से अधिक संख्या में लोग ठीक भी हो रहे हैं। कोविड से उबरने के बाद लोगों में थकान एक आम समस्या देखी जा रही है। ऐसे में कुछ खाद्य पदार्थों को अपने आहार में शामिल कर अपनी ऊर्जा को पुनः प्राप्त कर सकते हैं। पोस्ट कोविड रोगियों को अपने भोजन में हाई प्रोटीन वाले फूड को अवश्य शामिल करना चाहिए जैसे बीन, टोफू, पनीर, अंडे, दही, दाल मूंगफली, नट सीट्स स्प्राउटेड ऐसे पदार्थ आपको तुरंत एनर्जी देंगे। इनमें से अधिकांश मैग्नीशियम में समृद्ध है।जो ऊर्जा के स्तर को बहाल करने में मदद करते हैं। प्रोटीन युक्त आहार आपकी मांसपेशियों को कम होने से बचाएगा और साथ ही रेस्पिरेट्री मसल्स को मजबूत भी करेगा। डॉक्टर वशिष्ठ ने बताया कि इसके अतिरिक्त इसमें मौजूद जरूरी अमीनो एसिड आपको हानिकारक रोगाणुओं से बचाते हैं।इसके साथ-साथ माइक्रोन्यूट्रिएंट्स भी आपके लिए बहुत जरूरी है यह फल और रंग बिरंगी सब्जियों में पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है। जैसे सेब, खजूर पपीता, केला, कीवी, लौकी, पत्तेदार साग आदि।इसके साथ ही पांच ऐसे आहार हैं जिससे इम्यूनिटी बढ़ती है तथा साथ ही साथ कोविड-19 की थकान से उबरने में बहुत मदद मिलती है।

### भीगे बादाम और किशमिश

कोविड-19 की थकान से बचने के लिए भीगे बादाम और किशमिश खाकर अपने दिन की शुरुआत करें। बादाम में पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन होता है और किशमिश शरीर को अच्छा आयरन प्रदान करती है। इसलिए नियमित भीगे बादाम और किशमिश का सेवन फायदेमंद है।

### रागी दोसा और दलिया

उन्होंने कहा कि थकान को दूर करने के लिए रागी दोसा या एक कटोरी दलिया खाना सबसे बेहतर विकल्प है। यह सुबह के लिए एक अच्छा आहार है। इससे शरीर को एनर्जी मिलती है और थकान महसूस नहीं होती है।

### गुड़ और घी

लंच के दौरान या बाद में गुड़ और घी का सेवन करना फायदेमंद है। पोषक तत्वों से भरपूर इस कॉम्बिनेशन को आप रोटी के साथ भी खा सकते हैं। यह तेजी से रिकवर होने में मदद करते हैं। गुड और घी दोनों ही शरीर को गर्म और मजबूत रखने में मदद करते हैं।

### रात में खाएं खिचड़ी

उन्होंने बताया कि कोरोना से उबरने के बाद रात का खाना अधिक भारी नहीं लेना चाहिए। डिनर में खिचड़ी खाना एक बेहतर विकल्प है। खिचड़ी में सभी तरह के जरूरी पोषक तत्व होते हैं और यह पेट के लिए हल्की होती है। कई सारे फायदों के अलावा खिचड़ी खाने से अच्छी नींद आती है। इसमें हम स्वाद अनुसार हरी सब्जियां भी मिलाकर बना सकते हैं।

### पर्याप्त पानी पिएं

डॉक्टर वशिष्ठ ने जोर देकर कहा कि शरीर को अच्छी तरह हाइड्रेट करना बहुत जरूरी है। पर्याप्त पानी पीने के अलावा घर पर बने लाइम जूस और बटर मिल्क का नियमित सेवन करें। इससे आप तरोताजा महसूस करेंगे और शरीर में जमा विषाक्त पदार्थ बाहर निकल जाएगा।



# द भूतनी में दिखाई देंगे सनी सिंह

अपनी आगामी फिल्म भूतनी के ट्रेलर लॉन्च पर अभिनेता सनी सिंह ने कहा कि वह हमेशा से हॉरर कॉमेडी करना चाहते थे। नी सिंह, मौनी रॉय, पलक तिवारी, संजय दत्त, निक और आसिफ खान 'द भूतनी' में नजर आएंगे। फिल्म का ट्रेलर फैंस को पसंद आ रहा है। कॉमेडी और हॉरर का मिक्सअप इस फिल्म में देखने को मिलेगा। ल्म के बारे में अपनी उत्सुकता साझा करते हुए सनी ने कहा, मैं हमेशा से हॉरर कॉमेडी करना चाहता था। जब मैंने स्क्रिप्ट पढ़ी और सिद्धांत सचदेव से मिला, तो मुझे पूरा कॉन्सेप्ट पसंद आया। संजू सर के साथ, मुझे पता था कि यह एक अविस्मरणीय अनुभव होगा। द्धांत सचदेव द्वारा निर्देशित और दीपक मुकुट और संजय दत्त द्वारा बनाई गई यह हॉरर-कॉमेडी एक भरपूर मनोरंजन करने का वादा करती है। नी ने कहा कि लोगों को फिल्म का पोस्टर बहुत पसंद आया है और मुझे भी। हर हॉरर कॉमेडी अनोखी होती है, लेकिन यह कॉन्सेप्ट पहले देखी गई किसी भी चीज से अलग है। इसे खूबसूरती से शूट किया गया है, और मेरे दोस्त पहले से ही उत्साहित हैं। दर्शकों ने पहले भी मेरी फिल्मों में मुझे पसंद किया है, और मुझे लगता है कि इस बार भी वे मुझे उतना ही प्यार देंगे।

यह फिल्म 18 अप्रैल को रिलीज होगी। सनी ने 2007 में धारावाहिक कसौटी जिंदगी की टेलीविजन पर अपनी शुरुआत की, जिसमें उन्होंने कृतिका सेंगर द्वारा निभाए गए किरदार के प्रेमी की भूमिका निभाई। इसके बाद, उन्होंने 2009 के धारावाहिक शकुंतला में करण की भूमिका निभाई। सनी ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत 2010 में पाठशाला से की थी, जिसमें उन्होंने शाहिद कपूर के साथ काम किया था। 2011 में उन्होंने मधुर भंडारकर की कॉमेडी फिल्म दिल तो बच्चा है जी में काम किया, जिसमें उन्होंने एक छोटी सी भूमिका निभाई थी। उनकी पहली प्रमुख भूमिका रोमांटिक ड्रामा आकाश वाणी में थी। न्होंने प्यार का पंचनामा 2 में कार्तिक आर्यन के साथ काम किया। 2011 में फिल्म प्यार का पंचनामा रिलीज हुई थी। जिसमें कार्तिक, नुसरत, ओमकार कपूर, इशिता राज शर्मा और सोनाली सह-कलाकार थे। ख्य अभिनेता के रूप में उनकी पहली रिलीज उजड़ा चमन थी, जो गंजेपन की अवधारणा पर आधारित थी। 2023 में उन्होंने रामायण पर आधारित फिल्म आदि पुरुष में लक्ष्मण की भूमिका निभाई।



# सावित्रीबाई फुले का किरदार पर्दे पर निभाना बड़ी जिम्मेदारी थी

अभिनेत्री पत्रलेखा की अपकमिंग बायोपिक 'फुले' का ट्रेलर हाल ही में लॉन्च हुआ। फिल्म में अभिनेत्री सावित्रीबाई फुले की भूमिका में हैं। अभिनेत्री ने बताया कि पर्दे पर सावित्रीबाई फुले का किरदार निभाना, उनके लिए एक बड़ी जिम्मेदारी थी और उनका यह सफर भावनाओं से भरा रहा। इसे एक परिवर्तनकारी और बेहद प्रेरणादायक अनुभव बताते हुए, पत्रलेखा ने कहा कि समाज सुधारक की भूमिका निभाना उनके लिए बहुत बड़ी जिम्मेदारी थी, उन्होंने उनके संघर्ष, ताकत और विरासत को पर्दे पर दिखाने का प्रयास किया।

उन्होंने बताया, जब मुझे इस भूमिका के लिए संपर्क किया गया, मेरे विचार स्पष्ट थे। जब मैंने पहली बार अनंत सर से बात की, तो उन्होंने मुझे स्क्रिप्ट भेजी, जो काफी बड़ी थी। मुझे याद है कि मैंने उन्हें फोन करके कहा था, सर, यह स्क्रिप्ट बहुत बड़ी है। मेरे पास पढ़ने के लिए बहुत कुछ है, लेकिन उन्होंने मुझे आश्वस्त करते हुए कहा कि यह सिर्फ पहला ड्राफ्ट है और वे इसे और बेहतर बनाएंगे। डेढ़ साल बाद, मुझे अंतिम स्क्रिप्ट मिली और यह खूबसूरती से लिखी गई थी। मैं मना नहीं कर सकी। मुझे बस इतना पता था कि मुझे इसका हिस्सा बनना है। पत्रलेखा ने सावित्रीबाई फुले के रूप में चुने जाने पर अपनी शुरुआती प्रतिक्रिया के बारे में भी बताया, उन्होंने स्वीकार किया कि वह इतनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए उत्साहित और चिंतित दोनों थीं। अभिनेत्री ने बताया, ईमानदारी से कहूं तो मैं तुरंत ही इस किरदार की ओर आकर्षित हो गई। यह सिर्फ एक ऐतिहासिक शख्सियत का किरदार निभाने के बारे में नहीं था, यह साहस की कहानी के बारे में था। जब अनंत सर और मैंने पहली बार बात की, तो मैं ऐसे महत्वपूर्ण व्यक्ति का किरदार निभाने को लेकर चिंतित थी, लेकिन उन्होंने मेरी मदद की। उन्होंने कहा, अपनी चिंताओं को छोड़ो और बस करो। उस आश्वासन ने मुझे बहुत आत्मविश्वास दिया। बेशक यह चुनौतीपूर्ण था, लेकिन एक बार जब मैं सेट पर गई, तो घबराहट गायब हो गई।

फिल्म में सावित्रीबाई का किरदार निभाना उनके लिए कितना चुनौतीपूर्ण था, इस बारे में अभिनेत्री ने कहा, मैं पहले तो काफी चिंतित थी, लेकिन अनंत सर ने मेरी मदद की। उन्होंने मुझे चीजों को समझने और अपना आत्मविश्वास पाने का मौका दिया। इस तरह के महत्वपूर्ण ऐतिहासिक किरदार को निभाना कोई आसान काम नहीं है। टीम के सहयोग से मुझे किरदार में पूरी तरह से ढलने का आत्मविश्वास मिला। अनंत महादेवन के निर्देशन में बनी इस फिल्म में ज्योतिराव फुले की भूमिका में प्रतीक गांधी हैं। यह महात्मा फुले की 197वीं जयंती के मौके पर 11 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# कजिन जान्हवी-खुशी को कड़ी टक्कर देंगी शनाया, हाथ लगी बड़ी फिल्म

शनाया कपूर अपनी पहली फिल्म की रिलीज से पहले ही कई बड़े प्रोजेक्ट्स से जुड़ चुकी हैं। इस लिस्ट मे करण जौहर की रोमांटिक ड्रामा फिल्म के अलावा मुंजा स्टार अभय वर्मा के साथ भी एक फिल्म शामिल है। एक खबर के मुताबिक शनाया कपूर स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3 में नजर आएंगी। इस फिल्म में शनाया एक नहीं बल्कि डबल रोल निभाती नजर आएंगी। करण के इस बड़े प्रोजेक्ट के अलावा शनाया मुंजा स्टार अभय वर्मा के साथ भी एक फिल्म में नजर आएंगी।

## शनाया का वर्कफ्रंट

इन फिल्मों से पहले शनाया की फिल्म तू या मैं का टीजर रिलीज हो चुका है, जिसमें वह आदर्श गौरव के साथ नजर आईं। यह एक रोमांचक थ्रिलर फिल्म है, जिसे आनंद एल. राय ने सपोर्ट किया है। प्रशंसकों को यह टीजर बहुत पसंद आया और वह लगातार शनाया की तारीफ कर रहे हैं। इसके अलावा शनाया विक्रांत मैसी के साथ फिल्म आंखों की गुस्ताखियां में भी आएंगी।

## शनाया की तारीफ कर रहे हैं फैंस

सोशल मीडिया पर शनाया के फैंस उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। कुछ फैंस का मानना है कि वह सबसे अलग और स्मार्ट तरीके से काम कर रही हैं। तो वहीं कुछ फैंस का कहना है कि वह अपनी कजिन सिस्टर जान्हवी और खुशी से भी आगे निकल सकती हैं।

## फिल्मी बैकग्राउंड से हैं शनाया कपूर

शनाया कपूर बॉलीवुड अभिनेता संजय कपूर की बेटी और महीप कपूर की बेटी हैं। संजय कपूर कई बॉलीवुड फिल्मों में बतौर हीरो अपनी छाप छोड़ चुके हैं। वहीं महीप को आपने सिंगर इला अरुण के प्रसिद्ध गाने निगोड़ी कैसी जवानी है में देखा होगा। महीप का करियर कुछ खास नही रहा, लेकिन अब उनकी बेटी शनाया कई फिल्मों में नजर आने वाली हैं।

# तारक मेहता का उल्टा चश्मा से पूरी तरह कटा दिशा वकानी का पत्ता

दिशा वकानी कई फिल्मों और टीवी शो का हिस्सा रही हैं, लेकिन उनका सबसे मशहूर किरदार तारक मेहता का उल्टा चश्मा की दया बेन का रहा है। उन्होंने 2017 में शो छोड़ दिया था। इसके बाद कई बार उनकी वापसी की खबरें आईं, लेकिन हर बार वह महज अफवाह साबित हुईं। अब शो में दया बेन की वापसी की खबरें फिर सामने आई हैं, लेकिन दिशा वकानी के रूप में नहीं, बल्कि नए कलाकार की कास्टिंग की खबरें सामने आई हैं। अब कथित तौर पर निर्माताओं ने दिशा का रिप्लेसमेंट ढूंढ लिया है। इससे पहले शो के निर्माता असित मोदी ने पुष्टि की थी कि दिशा शो में वापस नहीं आएंगी, जिसका मतलब था कि निर्माताओं को उनका रिप्लेसमेंट ढूंढना होगा। अब न्यूज 18 की रिपोर्ट के अनुसार, शो के निर्माता असित मोदी दया बेन की भूमिका के लिए ऑडिशन ले रहे थे और आखिरकार उन्होंने किसी को शॉर्टलिस्ट कर लिया है। एक सूत्र ने बताया है कि हां, यह सही है। असित नई दया बेन की तलाश में थे और हाल ही में एक ऑडिशन ने उन्हें काफी प्रभावित किया। अभिनेत्री के साथ मॉक शूट चल रहे हैं। वह हमारे साथ शूटिंग करते हुए यहां करीब एक सप्ताह से हैं।

दिशा की शादी नवंबर 2015 में हुई थी और 2017 में वह गर्भवती हो गईं। वह मातृत्व अवकाश पर चली गईं और फिर कभी शो में वापस नहीं आईं। बीच में चर्चा थी कि वह वापसी कर सकती हैं, लेकिन 2022 में उन्हें अपने दूसरे बच्चे का आशीर्वाद मिला। अभिनेत्री ने कथित तौर पर अभिनय छोड़ने का फैसला किया है।



# ज्वेल थीफ में जयदीप और सिद्धार्थ के साथ काम करना रहा शानदार



सैफ अली खान की अपकमिंग थ्रिलर 'ज्वेल थीफ' नेटफ्लिक्स पर रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म में अभिनेता जयदीप अहलावत और निर्माता-निर्देशक सिद्धार्थ आनंद के साथ काम करने को लेकर उत्साहित नजर आए। सैफ ने बताया कि उनके साथ काम करने का उनका अनुभव शानदार रहा। फिल्म में सैफ एक ठग की भूमिका में हैं। उन्होंने बताया कि निर्माता सिद्धार्थ आनंद के पास कहानी को पेश करने का खास तरीका है और इसी वजह से वह काफी उत्साहित हैं। सैफ ने बताया, सिद्धार्थ आनंद के साथ फिर से काम करना उत्साह और खुशियां देता है - वह एक्शन, स्टाइल और कहानी को एक ऐसे तरीके से ब्लेंड करना जानते हैं और ये खास होता है। ज्वेल थीफ के साथ हमने एकदम अलग और शानदार काम किया है, जिसे करने में बहुत मजा भी आया। सैफ ने कहा कि जयदीप ने प्रोजेक्ट में रोमांच को और बढ़ा दिया। अभिनेता जयदीप अहलावत के साथ स्क्रीन शेयर करने के उत्साह को जाहिर करते हुए सैफ ने कहा, जयदीप ने अनुभव को और भी रोमांचक बना दिया। मैं नेटफ्लिक्स पर इस फिल्म की रिलीज को लेकर उत्साहित हूं। फिल्म में माफिया की भूमिका निभा रहे जयदीप ने कहा, यह एक ऐसी फिल्म है जो दिलचस्प, चुनौतीपूर्ण और रोमांचक है। यह एक नए यूनिवर्स में जाने का अनुभव है, जिसमें ऐसे लोग हैं जो सर्वश्रेष्ठ देने के लिए उतने ही उत्साहित हैं, जितने आप।





# 25 साल बाद सलमान संग काम करने पर बोले संजय

बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त ने शनिवार, 29 मार्च को सलमान खान के साथ एक नई एक्शन फिल्म पर काम करने की पुष्टि की। हाल ही में सलमान ने एक प्रेस मीट में खुलासा किया कि वह संजय के साथ एक बड़ी देहाती एक्शन फिल्म में काम करेंगे। अभिनेताओं ने रोमांटिक म्यूजिकल साजन और कॉमेडी फिल्म चल मेरे भाई में साथ काम किया था।

## संजय ने की सिकंदर की तारीफ

संजय दत्त शनिवार को मुंबई में अपनी आने वाली हॉरर-कॉमेडी फिल्म द भूतनी के ट्रेलर लॉन्च में शामिल हुए। इस मौके पर बात करते हुए अभिनेता ने सलमान खान की फिल्म सिकंदर के ट्रेलर की तारीफ की, जो 30 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। संजय ने कहा, ट्रेलर सुपरहिट है। सलमान मेरा छोटा भाई है। मैं हमेशा उसके लिए प्रार्थना करता हूं। भगवान ने उसे बहुत कुछ दिया है। सिकंदर एक सुपरहिट फिल्म होगी। सलमान के साथ 25 साल बाद फिर से काम करने के बारे में उन्होंने कहा, हां, हम साथ काम कर रहे हैं। साजन और चल मेरे भाई के बाद आप हमारा टशन देखेंगे। यह एक एक्शन फिल्म है। मैं बहुत खुश हूं कि मैं 25 साल बाद अपने छोटे भाई के साथ काम कर रहा हूं। इससे पहले सलमान ने मुंबई प्रेस से बात करते हुए फिल्म के बारे में कहा था, सिकंदर के बाद मैं एक और बड़ी फिल्म कर रहा हूं, जिसमें अगले स्तर का एक्शन होगा। मेरा मतलब है देहाती एक्शन। मैं इसे इंडस्ट्री में अपने बड़े भाई संजय दत्त के साथ कर रहा हूं।

## द भूतनी की कहानी

पहले खबर आई थी कि सलमान और संजय दत्त मध्य पूर्व में फिल्माई गई एक अमेरिकी थ्रिलर में नजर आएंगे। वहीं, बात करें द भूतनी की तो यह एक हॉरर-कॉमेडी है, जो एक भूतिया पेड़ के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म में संजय दत्त एक भूत-शिकारी की भूमिका निभा रहे हैं, जबकि मौनी रॉय फिल्म में भूतनी का किरदार निभा रही हैं। यह फिल्म 18 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# धोखाधड़ी के आरोपों पर श्रेयस तलपदे ने तोड़ी चुप्पी

अभिनेता श्रेयस तलपदे गुरुवार को उस समय मुश्किल में पड़ गए जब उन पर उत्तर प्रदेश में करोड़ों रुपये के चिटफंड घोटाले में शामिल होने का आरोप लगा, लेकिन शुक्रवार को उनकी टीम ने आधिकारिक बयान जारी कर इन खबरों को खारिज कर दिया और कहा कि उनका इस धोखाधड़ी से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि ये खबरें निराधार और बेसलेस हैं। बयान जारी करते हुए अभिनेता की टीम ने कहा, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज की दुनिया में एक व्यक्ति की कड़ी मेहनत से अर्जित प्रतिष्ठा निराधार अफवाहों के कारण अनुचित रूप से धूमिल होने की चपेट में आती है। श्रेयस तलपदे पर धोखाधड़ी में शामिल होने का आरोप लगाने वाली हालिया रिपोर्टें पूरी तरह से झूठी और किसी भी तरह से निराधार हैं।

**धोखाधड़ी में शामिल नहीं हैं अभिनेता**

बयान में आगे कहा गया है, एक पब्लिक फिगर के रूप में श्रेयस को कई अन्य मशहूर हस्तियों की तरह अक्सर विभिन्न कॉर्पोरेट और वार्षिक कार्यक्रमों में आमंत्रित किया जाता है, जहां वे यथासंभव भाग लेते हैं। कहने की आवश्यकता नहीं है कि तलपदे का किसी भी धोखाधड़ी या गैरकानूनी कार्य से कोई संबंध नहीं है, जैसा कि आरोप लगाया जा रहा है और प्रसारित किया जा रहा है।



## ब्रीफ न्यूज़

### सड़क हादसे में म्यूजिक प्रोडक्शन डायरेक्टर की मौत

**इंदौर।** तेजाजी नगर में एक सड़क हादसे में म्यूजिक प्रोडक्शन डायरेक्टर की मौत हो गई। वह मंगलवार रात में अपनी बाइक से घर के लिए निकले थे, जब किसी गाड़ी ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। देर रात, पुलिस ने नंबर के आधार पर उनके परिचित दोस्त को जानकारी दी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए एमवाय अस्पताल भेजा है। तेजाजी नगर पुलिस ने बताया कि अंशुल पुत्र आशुतोष जोशी की सड़क हादसे में मौत हो गई। वह रात में लसूड़िया इलाके में स्थित अपने खुशरंग स्टूडियो से घर, सिल्वर स्प्रिंग जाने के लिए निकले थे। देर रात, होटल शेरेटन के सामने किसी बड़े वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। वह काफी देर तक सड़क पर गंभीर हालत में पड़े रहे। बाद में, उन्हें एम्बुलेंस से एमवाय अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### अधिकतम दूध देने वाली गायों के पशु पालकों को दिये जायेंगे पुरस्कार

**इन्दौर।** राज्य शासन ने प्रदेश की मूल गौवंशीय नस्ल (मालवी) एवं भारतीय उन्नत नस्ल की दुधारू गायों (गीर-साहीवाल) के पालन को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कार योजना प्रारंभ की है। इसके तहत अधिकतम दूध देने वाली गायों का चयन कर उन्हें पुरस्कार दिया जायेगा। पशुपालन एवं डेयरी विभाग के प्रभारी उप संचालक डॉ. अमृतलाल शर्मा ने बताया कि योजना में जिले के अंतर्गत समस्त विकासखंडों से ऐसे पशुपालक जिनके पास प्रदेश की मूल गौवंश (मालवी) नस्ल की गाय जिसका प्रतिदिन दुग्ध उत्पादन 04 लीटर अथवा उससे अधिक है तथा भारतीय उन्नत नस्ल की दुधारू (गीर-साहीवाल) गाय जिसका दुग्ध उत्पादन 06 लीटर प्रतिदिन या उससे अधिक है, उन्हें पुरस्कृत किया जायेगा। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु इच्छुक एवं पात्र पशुपालकों से पृथक-पृथक आवेदन विकासखंड के पशु चिकित्सालयों से प्राप्त किए जाएंगे।

### नगर निगम आयुक्त बने शिक्षक, कार्यक्रम में हुए सम्मिलित

**इन्दौर।** शासन के निर्देशानुसार स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा ने सीएम राइज शासकीय अहिल्या आश्रम एवं चंद्रावती कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक- 1 पोलो ग्राउंड में भविष्य से भेंट कार्यक्रम में बच्चों से संवाद किया एवं अध्यापन कार्य में सहभागिता निभाई। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों से कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल गतिविधियों में भी भाग लें। भविष्य से भेंट में छात्राओं को लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हमेशा खुश रहिए और खुश रहकर किया गया काम हमेशा सफलता की ओर ले जाता है। इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आर.पी. अहिरवार द्वारा स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत भविष्य से भेंट कार्यक्रम के माध्यम स्कूली बच्चों के बीच बैठकर शिक्षण बिन्दुओं एवं कैरियर आदि से चर्चा की।

### कैंसर अस्पताल में भोजन वितरण ट्राली को चेक किया कैंसर मरीज़ को दिये जाने वाली रोटियों की भी जांच की

# मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. अरविंद घंघोरिया ने किया कैंसर अस्पताल का निरीक्षण



सत्ता सुधार ■ इन्दौर

महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सालय महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अरविंद घंघोरिया ने एमजीएम मेडिकल कॉलेज से संबंधित पोस्टमार्टम व कैंसर अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान डीन ने कैंसर अस्पताल में भोजन वितरण ट्राली को चेक किया कैंसर मरीज़ को दिये जाने वाली रोटियों की भी जांच की। अच्छी व्यवस्था बनाने के दिशा निर्देश दिए। साथ ही साथ डॉक्टरों का रोस्टर भी चेक किया एवं समय पर न आने वाले कर्मचारी व डॉक्टरों को चेतावनी भी दी तथा मरीजों के जल्दी इलाज, साफ चादर के लिए विभाग को भी निर्देशित किया। पोस्टमार्टम के निरिक्षण में व्यवस्थाओं को ठीक करने, मरीजों के परिजनों से व्यवहार कुशल होने पर जोर दिया और पूछा बताओ मरीजों के परिजनों से कैसे बात करते हो, साथ ही मॉर्चुरी में एक पीजी छात्रा के होने की और यह सबजेक्ट चुनने की प्रशंसा की। सभी कर्मचारी व डॉक्टरों को पैसे न मांगने की तथा ऐसी किसी भी स्थिति उजागर होने पर कार्रवाई होने की हिदायत भी दी। डीन डॉ. घंघोरिया ने बाथरूम की साफ सफाई व फिसलने वाले डोरमैट, परिसर और पोस्टमार्टम कक्ष में पौधों के साथ डॉक्टरो व छात्रों को स्पेशलाईड मास्क भी लगाने के साथ ही परिसर में एक शिकायत पेटी रखने के निर्दश दिये। डीन डॉ. अरविंद घंघोरिया ने मॉर्चुरी में बॉडी रखने वाले फ्रिजर को भी देखा और उसकी क्षमता बढ़ाने के लिए भी कहा। इस दौरान कैंसर अस्पताल के सुपरीटेंडेंट डॉ. रमेश आर्य डॉ. विजयर्गीय के साथ अन्य स्टाफ का सहयोग रहा।

# भगवान अजितनाथ के मोक्ष कल्याणक पर निकली प्रभात फेरी

### अधिकतर पुरुष सफेद एवं महिलाएं केसरिया परिधान में पालकी यात्रा में भक्ति नृत्य करते हुए चल रही थी




सत्ता सुधार ■ इन्दौर

दिगंबर जैन समाज की तीन प्रमुख संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को सुबह प्रभात फेरी गुमास्ता नगर के महावीर दिगंबर जैन मंदिर से श्री जी को रजत पालकी में विराजित कर निकली व आसपास के क्षेत्रों में भ्रमण कराया। अधिकतर पुरुष सफेद एवं महिलाएं केसरिया परिधान में पालकी यात्रा में भक्ति नृत्य करते हुए चल रही थी। प्रभु के जयकारों के साथ पूरा क्षेत्र गूंजायमान हो रहा था। समाज के प्रचार प्रमुख सतीश जैन ने बताया कि आज की इस प्रभात फेरी में महावीर पाठशाला के बहुत अधिक बच्चों ने अपने स्वयं के बैंड के साथ, उनकी संचालिका श्रीमती प्रीति - मनोज सिंघई के साथ भाग लिया।आज की प्रभात फेरी में समाज श्रेष्ठियों के साथ सोशल ग्रुप मेन एवं अरिहंत ग्रुप के दंपति सदस्य भी बड़ी संख्या में चल रहे थे। मंदिर प्रांगण पर मुकेश-चंदन बाला पाटोदी, प्रितपाल टोंग्या, सुशील पांड्या , राकेश विनायका, सुभाष सेठिया, अनिल जैन ने ध्वजारोहण किया। तत्पश्चात श्री जी के अभिषेक व शांति धारा हुई। गुमास्ता नगर के जैन समाज द्वारा जैन समाज के सभी पदाधिकारीयों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर टीके वेद , राजेंद्र सोनी, भूपेंद्र जैन, आशीष जैन सूत वाला, संजय कासलीवाल, संजय जैन, श्रीमती रुचिता सेठी, कुसुम टोंग्या, मीना पाटोदी, सुनीता सेठी, रीना कासलीवाल, संजय जैन मैगनस, पंकज पापड़ीवाला ,रितेश पाटनी, संजय पापड़ीवाल, मनीष जैन, सहित बहुत अधिक संख्या में समाज जन उपस्थित थे।

### अपना दल ने बैठक में ओबीसी को सरकारी और निजी क्षेत्र में 27 फीसदी आरक्षण की उठाई मांग

**इंदौर।** इंदौर में अपना दल (एस) की मध्य प्रदेश इकाई की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में ओबीसी वर्ग के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण की प्रमुख मांग उठाई गई। राष्ट्रीय महासचिव युवा मंच डॉ. अखिलेश पटेल और राजनीतिक रणनीतिकार डॉ. अतुल मलिकराम ने बैठक का नेतृत्व किया। डॉ. पटेल ने सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में ओबीसी आरक्षण को कड़ाई से लागू करने की मांग की। उन्होंने निजी क्षेत्र की चौथी श्रेणी की नौकरियों में भी आरक्षण की मांग रखी। डॉ. मलिकराम ने पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वार्ड स्तर पर प्रतिनिधि नियुक्त किए जाएंगे। इससे पार्टी की विचारधारा अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सकेगी। बैठक में पार्टी की भविष्य की योजनाओं का प्रेजेंटेशन भी दिया गया। सभी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश में पार्टी की मजबूत उपस्थिति बनाने का संकल्प लिया।

# सराफा में टीआई ने कराई मुनादी, लोगों को दी समझाइश



सत्ता सुधार ■ इन्दौर

सराफा बाजार में शनिवार को हुई छेड़छाड़ की घटना के बाद थाना प्रभारी (टीआई) ने स्टाफ के साथ रात में बाजार में मुनादी करवाई। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों को व्यवस्थित तरीके से दुकान लगाने और आने-जाने वाले लोगों को किसी भी प्रकार के विवाद से बचने व दूरी बनाए रखने की समझाइश दी। साधु वासवानी नगर की रहने वाली एक युवती अपनी बहन और दोस्त के साथ खाना खाने पहुंची थी। इसी दौरान वहां मौजूद दो लोगों ने उसके साथ छेड़छाड़ की, जिससे विवाद हो गया। युवती ने इसका विरोध किया, जिसके बाद आरोपियों ने उसके साथ जमकर मारपीट की। घटना के बाद देर रात पुलिस ने छेड़छाड़ और मारपीट का मामला दर्ज किया। इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। मंगलवार देर रात टीआई सुरेंद्र सिंह पुलिसकर्मियों के साथ इलाके में घूमे और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने फुटपाथ के दोनों ओर पीली लाइन खिंचवाकर दुकानदारों को इसके अंदर ही दुकान लगाने के निर्देश दिए। इसके अलावा, उन्होंने बाजार में आने-जाने वाले लोगों को भी किसी तरह के विवाद से बचने की हिदायत दी।

#### पहले भी हो चुके हैं विवाद

जानकारी के मुताबिक, सराफा में देर रात विवाद की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं। कुछ दिन पहले यहां कॉलेज के युवकों और युवतियों के बीच झगड़ा हुआ था। इसके अलावा, दुकानदारों और कुछ युवतियों के बीच हुए विवाद का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इन घटनाओं के बाद पुलिस ने बाजार में सख्ती बढ़ा दी थी।

# ट्रैफिक सुधार पर हुई बैठक, रिंग रोड सहित सभी दूर से अवैध स्टॉप हटाएंगे

सत्ता सुधार ■ इन्दौर



ट्रैफिक सुधार को लेकर मंगलवार को हुई बैठक में एक बार फिर बसों के अवैध स्टॉप का मुद्दा उठा। ट्रैफिक पुलिस ने परेशानी बताई तो महापौर पुष्यमित्र भार्गव बोले कि रिंग रोड पर ब्रिज की चेन है। यातायात सरपट जाता है लेकिन इसी एरिया में गाड़ियों की गति धीमी पड़ जाती है। इसलिए इन बसों को वहां से हटाना जरूरी है।

महापौर ने आरटीओ को निर्देश दिए कि तुरंत कार्रवाई की जाए। निर्देश के बाद दोपहर में अफसरों ने रिंग रोड पर सड़क पर खड़ी बसों के खिलाफ कार्रवाई की। बसों के अवैध स्टॉप की समस्या रिंग रोड के अलावा एमआर-10, इंदौर-खंडवा रोड पर भंवरकुआं चौराहे के पास, राजीव गांधी चौराहे के पास, विजय नगर क्षेत्र, सरवटे बस स्टैंड के साइड और रेलवे स्टेशन के सामने भी है। इससे ट्रैफिक जाम होता है। विजय नगर पर भी ट्रैफिक फंसता है, चौराहा रीडिजाइन होगा स्मार्ट सिटी ऑफिस में बैठक में यातायात एडिशनल पुलिस कमिश्नर मनोज श्रीवास्तव, डीपीसी ट्रैफिक अरविंद तिवारी, आरटीओ प्रदीप शर्मा, निगम इंजीनियर और यातायात प्रभारी वैभव देवलासे, आईटीएमएस की टीम के साथ ट्रैफिक एक्सपर्ट विक्रम देसाई, ऋषभ बागौरा भी मौजूद थे। बसों को बाहर किए जाने का पॉइंट यातायात पुलिस ने रखा। पुलिस ने समस्याएं बताते हुए कहा कि बापट चौराहा पर रंबल स्ट्रीप लगाना जरूरी है। वन-वे पर टायर किलर लगाने पर सहमति बनी। विजय नगर चौराहे पर यातायात गुत्थमगुत्था हो रहा है, इसे ठीक करने का मुद्दा उठा तो इसे रीडिजाइन करने के आदेश दिए। अफसर बोले नौलखा पर लेफ्ट टर्न पर गाड़ियां खड़ी हो रही हैं। वहां जाम लगा रहता है। बसें भी खड़ी हो जाती हैं। उसे भी हटाने के लिए कहा। आईटीएमएस का काम डेढ़ साल पहले पूरा हो जाना था, लेकिन अब तक यह प्रोजेक्ट अधूरा है। दो दिन में पूरी रिपोर्ट तलब की गई।

### सोलर मित्र अभियान ने बनाया रिकार्ड, 2 महीने में डेढ़ करोड़ बिजली यूनिट बचाई

**इंदौर।** इंदौर में शुरू किए गए सोलर मित्र अभियान ने लोगों को गौरव का अवसर दिया है। सोलर ऊर्जा क्षेत्र में इंदौर ने 100 मेगा वाट विद्युत उत्पादन की क्षमता हासिल कर ली है। ये अपने आप में एक रिकॉर्ड है। महापौर पुष्य मित्र भार्गव द्वारा चलाए गए सोलर मित्र अभियान से इंदौर ने यह बड़ा लक्ष्य हासिल किया है। इंदौर की कुल ऊर्जा खपत का 15 से 20 प्रतिशत ऊर्जा सोलर से आ रही है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि बीते वित्तीय वर्ष में हमने एक हजार करोड़ का राजस्व एकत्रित किया है। ये राजस्व इंदौर की जनता की सेवा के लिए ही लगने वाला है। जहां एक तरफ एक हजार करोड़ का राजस्व एकत्रित हुआ है। दूसरी तरफ हमने सोलर सिटी के संकल्प को भी बहुत आगे बढ़ाकर पूरे शहर में पिछले एक साल में सौर ऊर्जा पर बचत को 100 मेगा वाट पर ले जाने का काम किया है। यह अपने आप में किसी शहर के लिए रिकॉर्ड है। सस्टेनेबल शहर की कल्पना में 100 मेगावाट सोलर ऊर्जा पर जाने वाला शहर बना है। साथ ही दो महीने में डेढ़ करोड़ बिजली यूनिट बचाने का काम भी इंदौर ने किया है वह अपने आप में विश्व कीर्तिमान है।

# निगम घोटालों को लेकर विरोध, पूर्व मंत्री ने महापौर को बताया एक्सीडेंटल मेयर

### संभागायुक्त कार्यालय का कांग्रेसियों ने किया घेराव

सत्ता सुधार ■ इन्दौर



इंदौर नगर निगम के चर्चित सीवरेज घोटाले की जांच की मांग को लेकर कांग्रेसियों द्वारा बुधवार को संभाग आयुक्त कार्यालय का घेराव किया गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने घोटाले की जांच करने और दोषियों को दंडित करने की मांग की। प्रदर्शन में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मंत्री सज्जनसिंह वर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे। पुलिस ने एहतियात के लिए वाटर कैनन और बेरिकेडिंग की है। सज्जन वर्मा ने कहा सड़क पर थे, सड़क पर हैं, सड़क पर रहेंगे।

पूर्व मंत्री ने वर्मा ने नगर निगम पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। उन्होंने महापौर को एक्सीडेंटल महापौर बताया। गुजरात ब्लास्ट, सौरभ शर्मा की जमानत विरोध जताते हुए कहा कि इतने बड़े भ्रष्टाचार में कैसे जमानत दी। टोल पर हजारों करोड़ की वसूली सौरभ और बीजेपी नेताओं ने ली। 12 को लोकायुक्त का घेराव करने के बात कही। जमानत के विरोध में 5 अप्रैल को पूरे प्रदेश में पुतला जलाएंगे। इंदौर नगर निगम में हाल ही में 11 करोड़ रुपए की नई फर्जी फाइल का घोटाला उजागर होकर सामने आया है। इसके पहले भी 1000 करोड़ रुपए की फर्जी फाइल के घोटाले सामने आ चुके हैं। इन घोटाले के दोषियों पर कोई कार्रवाई नहीं किए जाने के विरोध में इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी और इंदौर जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा कांग्रेस पार्षद दल के साथ मिलकर आंदोलन किया जा रहा है।

# व्यापारी के घर चोरी, माल खरीदने वाला सुनार भी गिरफ्तार




सत्ता सुधार ■ इन्दौर

खजराना पुलिस ने चोरी के मामले में एक आरोपी और सुनार को पकड़ा है। आरोपी ने अपने सगे भाई के साथ मिलकर एक माह पहले व्यापारी के यहां वारदात की थी। पुलिस के मुताबिक पकड़ाए आरोपियों पर पूर्व में भी गंभीर अपराध दर्ज हैं। टीआई मनोज सेंधव की टीम ने अकरम पुत्र अब्दुल गफ्फार, निवासी खजरानी कांकड़ को पकड़ा है।

#### सुनार ने खरीद लिया था पूरा माल

खजराना पुलिस ने इस मामले में सुनार शेख फराज पुत्र अकबर अली उमेर, निवासी ग्रीन पार्क कॉलोनी को भी आरोपी बनाया है। आरोपी ने बिना बिल के दोनों चोरों से माल खरीद लिया था। शेख फराज के बारे में जानकारी मिली है वह काफी समय से दोनों चोरों से चोरी का माल खरीदता आ रहा है। पुलिस शेख फराज से भी इस मामले में पूछताछ कर रही है

### आयोजन | इंदौर में तैयार हो रहे दो पार्क; 19 हजार को मिलेगा रोजगार

# 27 अप्रैल को आईटी कॉन्क्लेव, 200 कंपनियां आएंगी

सत्ता सुधार ■ इन्दौर

शहर में 27 अप्रैल को आईटी कॉन्क्लेव का आयोजन होने वाला है। मुख्यमंत्री डॉ. सीएम मोहन यादव ने इसके लिए तैयारियां करने को कहा है और आईटी कॉन्क्लेव के लिए देश की बड़ी आईटी कंपनियों को बुलाने के लिए कहा गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एक दिनी आईटी कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा। इसमें देश-विदेश की महत्वपूर्ण आईटी और इससे जुड़ी सेवाएं देने वाली कंपनियों को न्योता भेजा जा रहा है। प्रदेश सरकार के अफसर व्यक्तिगत रूप से कंपनी प्रतिनिधियों से संपर्क कर रहे हैं, ताकि कॉन्क्लेव में ज्यादा से ज्यादा आईटी कंपनियों की सहभागिता हो सके। इंदौर में होने वाले आईटी कॉन्क्लेव का आयोजन कहां और




किस स्वरूप में होगा यह अभी तय नहीं हुआ है। हालांकि, सूत्रों का कहना है कि यह कॉन्क्लेव इंदौर में ब्रिलियंट कन्वेशन सेंटर में आयोजित किया जाएगा। इस आईटी कॉन्क्लेव में आईटी कंपनियां, आईटी से जुड़े स्टार्टअप, एआई, सेमीकंडक्टर और प्रॉपर्टी से जुड़ी कंपनियों को निमंत्रण भेजा जाएगा। बताया जा रहा है कि आईटी कॉन्क्लेव में देश-विदेश की लगभग 200 कंपनियां हिस्सा लेंगी।

#### इंदौर में तैयार हो रहे दो आईटी पार्क

इंदौर में आईटी पार्क 3 और 4 का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। यह दोनों ही आईटी पार्क लगभग 3 हेक्टेयर जमीन पर तैयार किए जा रहे हैं। इन्हें तैयार करने में लगभग 550 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। आईटी पार्क 3 का 38 प्रतिशत पूरा हो चुका है और 4 का काम 30 प्रतिशत पूरा हो चुका है। आईटी पार्क 3 में 1 हज़ार करोड़ का निवेश प्रस्तावित है जहां पर 15 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। वहीं, आईटी पार्क 4 में 500 करोड़ का निवेश प्रस्तावित है जहां पर 4 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। आईटी पार्क 3 दिसंबर 2025 तक तो वहीं और आईटी पार्क 4 जनवरी 2026 तक पूरा हो जाएगा।

## ब्रीफ न्यूज

### रोटरी कैम्प में अंतिम दिन 1728 लोगों के हुये पंजीयन

**मरैना।** रोटरी मेडीकल मिशन राहत-2 के तहत अंतिम दिन 02 अप्रैल बुधवार को पुलिस परेड ग्राउंड मुरैना में 1 हजार 728 लोगों ने पंजीयन कराये। डॉक्टरों ने मरीजों के परीक्षण किये एवं समुचित इलाज दिया। रोटरी के पदाधिकारी डॉ. संजीव बांदिल ने बताया कि 53 जनरल ओपीडी, 898 मेडीसन, 144 ऑर्थोपैडिक्स, 64 ईएनटी, 29 गायनकलॉजी, 22 सर्जरी, 220 ऑपथामॉलोजी, 108 डेंटल, 10 यूरोलॉजी, 06, सायकायट्री, 02 ऑनकोलॉजी, 75 डरमैटलॉजी, 61 पुलमोनरी, 1 कार्डियोलॉजी और 35 एनसीडी क्लीनिक लोगों ने पंजीयन कराये।

### जीवाजी विश्वविद्यालय की परीक्षा के लिये कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त

**मुरैना।** जीवाजी विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षायें ली जा रहीं है। परीक्षाओं में अनुचित साधन का उपयोग न हो। इसलिये अपर कलेक्टर सीबी प्रसाद ने कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किये है। जिनमें ऋषि गालव मुरैना के लिये संयुक्त कलेक्टर राजन नाडिया, टीएसएस कॉलेज मुरैना के लिये शुभम शर्मा, केएस महाविद्यालय मुरैना के लिये डिप्टी कलेक्टर वीरेन्द्र कटारे, एसडीएमजे कॉलेज मुरैना के लिये सुश्री मेघा तिवारी, शासकीय कॉलेज दिमनी के लिये एसडीएम भूपेन्द्र कुशवाह, शा.क.महाविद्यालय मुरैना के लिये तहसीलदार कुलदीप दुबे, शासकीय विधि महाविद्यालय के लिये तहसीलदार वंदना यादव और शासकीय महाविद्यालय बानमौर तथा नेहरू हायर सेकेण्डरी स्कूल बानमौर के लिये तहसीलदार महेश कुशवाह और सौमित्र शर्मा को नियुक्त किया है। ये अधिकारी परीक्षा समय प्रातः 9 से 12 बजे और कॉलेज में उपस्थित रहेंगे।

### राणा सांगा के सम्मान को ठेस पहुंचाने को लेकर करणी सेना का जंगी प्रदर्शन आज

**कैलारस।** करणी सेना सबलगढ़ के ब्लॉक अध्यक्ष गोविंद सिंह जादौन ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि विगत दिनों पूर्व उत्तर प्रदेश के सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा प्रतापी राजपूत सम्राट राणा सांगा जी के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाले शब्दों का उपयोग किया है। इस सांसद को सबक सिखाने की आवश्यकता है। गुरूवार को दोपहर 3.00 बजे महाराणा प्रताप स्मारक सबलगढ़ पर इसके खिलाफ समस्त राजपूत समाज एवं करणी सेना के नेतृत्व में प्रदर्शन और पुतला दहन किया जाएगा एवं अनुविभागीय अधिकारी सबलगढ़ को ज्ञापन प्रस्तुत किया जाएगा। करणी सेना सबलगढ़ के ब्लॉक अध्यक्ष गोविंद सिंह जादौन ने कहा कि हमारे देश और राजपूत समाज के वीर रत्नों का अपमान किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जावेगा। उन्होंने समस्त राजपूत साथियों से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर हमारे वीर महापुरुषों के सम्मान एवं गौरव की रक्षा के लिए एकजुट होकर मुंह तोड़ जवाब देने में पूर्ण सहयोग करें। प्रदर्शन के उपरांत महाराणा सांगा जी की जन्म जयंती पर रक्त स्वाभिमान सम्मेलन 12 को आगरा जाने हेतु सभी बड़े बुजुर्गों से चर्चा की जायेगी।

# आक्रोशित कांग्रेसियों ने जलाया मुख्यमंत्री मोहन यादव का पुतला



सत्ता सुधार ■ मुरैना

मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी मुरैना के निर्देशानुसार पुरानी कलेक्ट्रेट पर, मुरैना जिले के परिवहन विभाग में पदस्थ सौरभ शर्मा के खिलाफ लोकायुक्त की छापेमारी के चलते एक इनोवा कार में 11 करोड़ रुपये का काला धन और 52 किलो सोना बरामद हुआ और अन्य कई अवैध संपत्तियां बरामद हुई। यह मध्य प्रदेश का अब तक का परिवहन विभाग का भारी भ्रष्टाचार है। सौरभ शर्मा की संपत्ति के स्त्रोंतों को लेकर कई सवाल खड़े हुए। कांग्रेस पदाधिकारियों के अनुसार सूत्रों से यह भी खुलासा हुआ कि सौरभ शर्मा का भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं से संबंध था। सौरभ शर्मा के उच्च स्तर पर भाजपा सरकार के वरिष्ठ नेताओं से संबंध होने के कारण न्यायालय द्वारा सौरभ शर्मा को रिहा कर दिया गया है, जिसके विरोध में पश्चिम ब्लॉक अध्यक्ष रिंकू पचौरी के नेतृत्व में पुरानी कलेक्ट्रेट पर समस्त आक्रोशित कांग्रेसियों द्वारा मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री मुर्दाबाद, भाजपा सरकार मुर्दाबाद की नारेबाजी करते हुए मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पुतला दहन किया गया। पुतला दहन में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मधुराज तोमर, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष दीपक शर्मा, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी सत्यपाल सिंह सिकरवार, मुरैना सभापति राधारमण डंडोतिया, निगम नेताप्रतिपक्ष विनीत कंसाना, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष जितेंद्र सिंह डंगस, उदयवीर सिकरवार, राजेन्द्र यादव, रामलखन डंडोतिया, महिला कांग्रेस की शहर अध्यक्ष नजमा बेगम, गजेंद्र सिंधी, राजेश राठौर, अशोक तोमर, गौरव चतुर्वेदी, नरोत्तम माहौर, हरीराम गुर्जर, धर्मेन्द्र गुर्जर, विनोद जोनवार, प्रदीप रजक, रहीश खान, किशन पंडित, मनीष शर्मा, रामू टुंडेलकर, रमेश अर्गल, सोनू जोनवार, राकेश गर्ग, बलवीर दौनेरिया, कद्दू खान, हरिओम राजोरिया, अनिल गुर्जर, अवनीश कटारे, सरफुद्दीन खान, रघुवीर शर्मा, बंगाली जाटव, भैरो बघेल, आशा बेपुरिया, खलील उस्मानी, हकीम कुरेशी, नम्मो कुरेशी, हिमांशु गुर्जर एवं सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# रोटरी मेगा कैम्प में अंतिम छोर तक के व्यक्ति को लाभान्वित करने का किया प्रयासः तोमर

### 02 अप्रैल की पूर्व संध्या पर रोटरी कैम्प में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को किया सम्मानित

सत्ता सुधार ■ मुरैना

स्व. श्रीमती मोहनप्यारी देवी जी की स्मृति में विवेक तन्खा फाउंडेशन, रोटरी व जिला प्रशासन के सहयोग से जिला मुख्यालय पर 26 मार्च से 02 अप्रैल तक वृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में चम्बल-ग्वालियर संभाग के सभी लोगों को स्वास्थ्य शिविर में लाभान्वित करने का प्रयास किया है। यह बात विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने 02 अप्रैल की पूर्व संध्या पर पुलिस परेड ग्राउण्ड मुरैना में रोटरी कैम्प में सहयोग करने वाले समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों को पुरस्कार वितरण करते समय कही।

इस अवसर पर महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी, जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती आरती गुर्जर, कलेक्टर अंकित अस्थाना, सीईओ जिला पंचायत कमलेश कुमार भार्गव, रोटरी के पदाधिकारी भूपेन्द्र जैन, डॉ. संजीव बांदिल सहित विभिन्न प्रांतो से पधारे



चिकित्सक और उनकी टीम एवं मेघा शिविर में सहयोग करने वाले समस्त पदाधिकारी उपस्थित थे।

विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर ने कहा कि रोटरी मेगा शिविर में भिण्ड, मुरैना, श्योपुर, ग्वालियर, दतिया, शिवपुरी, गुना और अशोक नगर आदि के लोगों ने कैम्प में पहुंचकर लाभ लिया। कैम्प का मकसद था कि जरूरतमंद लोगों को लाभान्वित करने का प्रयास। उन्होंने कहा कि कैम्प के पूर्व विभिन्न जिलों में लोगों के पंजीयन किये गये थे, जिनमें 2 लाख 15 हजार 804 लोगों के पंजीयन किये गये थे। उनमें से 3248 लोगों के ऑपरेशन भी कराये गये है।

उन्होंने कहा कि इस शिविर में समस्त पदाधिकारियों ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया है, मैं उन्हें हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। कार्यक्रम में सभी ने सहयोग किया है, मरीजों को लाने से लेकर अन्य व्यवस्था में लगे हुये कर्मचारियों ने जी जान से भरपूर सहयोग दिया है। कार्यक्रम के अंत में वृंदावन से आये कलाकारों ने फूलों की होली खेली। विधानसभा अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## 38वें अधिवेशन में जैन मिलन महिला मुरैना को मिला श्रेष्ठ शाखा अवार्ड

सत्ता सुधार ■ मुरैना



गत दिवस सौनागिरी में आयोजित भारतीय जैन मिलन के 38वें अधिवेशन में जैन मिलन महिला की स्थानीय शाखा को सेवा के क्षेत्र के किए गए उत्कृष्ट कार्यो व सामाजिक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित कराने के लिये श्रेष्ठ शाखा अवार्ड मिला। भारतीय जैन मिलन क्षेत्र क्रमांक-2 में 125 शाखाओं ने अपनी सोनागिर अधिवेशन में आकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सभी शाखाओं को अपने कार्य को देखते हुए उत्तम अवार्ड, अति उत्तम, श्रेष्ठ अवार्ड, सर्वश्रेष्ठ अवाड्र्स से सम्मानित किया गया।

इस दौरान जैन मिलन महिला मुरैना शाखा सपना को अपनी टीम के साथ हरियाली तीज, शाखा शुक्ल जमा, स्वास्थ्य शिविर, वृक्षारोपण अवार्ड, स्क्रैपबुक और भी लकी ड्रा अवार्ड मिलें। चम्बल संभाग क्षेत्रीय संयोजिका सरिता जैन की प्रभार की शाखाओं में से जौरा, मुरैना व पोरसा की शाखा को सर्वश्रेष्ठ अवाड्र्स से सम्मानित किया गया। इसके अलावा जैन मिलन महिला वर्धमान शाखा मुरैना को भी सर्वश्रेष्ठ अवाड्र्स मिले। वहीं कल्पना जैन और सुप्रिया जैन को भी सर्वश्रेष्ठ मंत्री अवार्ड से सम्मानित किया गया और चंबल संभाग क्षेत्रीय संयोजिका सरिता जैन को भी अपने प्रभार की उत्कृष्ट शाखाओं में कार्य करने के लिए भी सम्मानित किया गया। इस दौरान अधिवेशन कार्यक्रम की समन्वयक शीला जैन टोंग्या राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, क्षेत्रीय अध्यक्ष अनीता जैन, क्षेत्रीय मंत्री महेंद्र जैन, समारोह अतिथि विजय जैन गुना राष्ट्रीय अध्यक्ष, मुख्य अतिथि राकेश शुक्ला कैबिनेट मंत्री मध्य प्रदेश शासन, सुरेश जैन रितुराज राष्ट्रीय विशिष्ट संरक्षक भारतीय जैन मिलन, अति विशिष्ट अतिथि अजय जैन सहारनपुर, महेंद्र जैन एडवोकेट आदि उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान कर दी भावभीनी विदाई

सत्ता सुधार ■ झुण्डपुरा

जनशिक्षा केन्द्र शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झुण्डपुरा संकुल केन्द्र शासकीय कन्या हाईस्कूल अन्तर्गत के एकीकृत माध्यमिक विद्यालय धोबीपुरा में पदस्थ माध्यमिक शिक्षक श्रीनिवास शर्मा एवं सामंतलाल को सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में मौजूद अतिथियो ने कहा कि सेवानिवृत्त एक ऐसा पल है जो प्रत्येक कर्मचारी के जीवन मे आता है। श्रीनिवास गुरु ने विधालय में रहते हुए सभी के बीच मे सामजस्य बनाया और विधालय का जी जान लगाकर विकास किया तथा विधालय का लिए सदैव तत्पर रहे तथा छात्र-छात्राओं की पढाई के लिए हर संभव प्रयास किया। इस अवसर पर विधालय एवं अन्य विद्यालयों के स्टाफ द्वारा उनका शाल श्रीफल, स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही साथी शिक्षक को बैंड बाजा के साथ घोड़े पर बैठकर उनके निज निवास पर छोड़ने गए तथा धोबीपुरा स्टाफ के साथी शिक्षको ने



साफा पहनाकर स्वागत सम्मानित किया। इस अवसर पर बाबूलाल त्रिपाठी, गिरीश व्यास, अनिल सोनी, देवीप्रसाद, बृजमोहन शुक्ला, रमेश शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, अशोक बुधौलिया, भूषण तिहरिया, सुरेश रावत, मनीष ओझा, मंजू मरैया, डॉ राधेश्याम, शिवकुमार रावत, जिला अध्यक्ष म प्र शिक्षक संघ पवन परिहार, खण्ड स्रोत समन्वयक सबलगढ़ मानिक चंद धाकड़, पूर्व ब्लाक शिक्षा अधिकारी सबलगढ़ अक्षयशरण मिश्रा, प्राचार्य लोकेन्द्रसिंह, रोहितास बैरागी, एम एल धाकड़, वकील रावत, जनशिक्षक प्रताप रावत, सहित स्थानीय लोग एवं शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहा।

## गजेन्द्र सिंह श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष मनानीत



**मुरैना।** श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा द्वारा धर्मेन्द्र सिंह राजावत राष्ट्रीय कार्यालय प्रभारी वरिष्ठ प्रदेश अध्यक्ष की अनुशंसा पर गजेन्द्र सिंह जादौन निवासी ग्राम सुमावली को जिला अध्यक्ष मुरैना के पद पर मनोनीत किया गया है। इस दौरान संगठन ने उन्के आगामी 30 दिनों के अन्दर अपनी कार्यकारिणी का गठन करके संगठन को सूचित करने की बात कही है। संगठन ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष को नियुक्ति पत्र जारी करते हुए कहा है आप ययाशक्ति क्षत्रिय समाज के संगठन व संवर्धन हेतु प्रयासरत रहेंगे व राष्ट्र के सर्वांगीण विकास कार्य हेतु महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगें। इसके साथ ही राष्ट्र के मान बिन्दुओं को संज्ञान में रखते हुए मर्यादा में रहकर कार्यरत रहेंगें। श्रीराष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा आपके सफल एवं मंगलमय भविष्य की कामना करता है।

## 9 अप्रैल को मुरैना में गुंजायमान होगा णमोकार महामंत्र

सत्ता सुधार ■ मुरैना



जैन दर्शन का मूल आधार णमोकार महामंत्र है। विश्व शांति एवं कल्याण की भावना के साथ सम्पूर्ण विश्व में 09 अप्रैल को महामंत्र णमोकार दिवस मनाया जा रहा है। इस दिन सम्पूर्ण विश्व में जैन धर्मावलंबी प्रातःकालीन वेला में एक साथ महामंत्र णमोकार का वाचन करेंगे। जैन मित्र मंडल के मुख्य संयोजक सतेंद्र जैन एवं आयोजन संयोजक राजकुमार जैन द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक की पूर्व संध्या को आयोजित होगा। विश्व शांति एवं कल्याण, जीवदया, अहिंसा की पावन भावना के साथ जैन मित्र मंडल द्वारा 09 अप्रैल को अम्बाह रोड पर स्थित श्री महावीर दिगंबर जैन नसियां जी जैन मंदिर में सैकड़ों बंधुओं की उपस्थिति में प्रातःकालीन वेला में महामंत्र णमोकार का वाचन किया जाएगा। कार्यक्रम से संबंधित सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

आयोजकों के अनुसार 09 अप्रैल को पूरी दुनिया एक ऐतिहासिक और आध्यात्मिक दिन का अनुभव करेगी। सुबह ठीक 08 बजकर 01 मिनट से 09 बजकर 36 मिनिट तक लाखों लोग णमोकार महामंत्र के सामूहिक जाप में भाग लेकर विश्व कल्याण के संदेश को फै लाएंगे। जीतो द्वारा आयोजित होने वाले इस अद्भुत आयोजन का उद्देश्य आध्यात्मिकता को बढ़ावा देना और शांति व सद्भाव का संदेश प्रसारित करना है। इस आयोजन में 108 देशों के लोग भाग लेंगे। भारत सहित विश्व भर में 100 से अधिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। 6000 से अधिक मंदिरों, तीर्थक्षेत्रों और अन्य स्थानों से इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा, जिससे हर व्यक्ति इस आध्यात्मिक यात्रा का हिस्सा बन सकेगा।

### सद्भावना जन सेवा समिति ने सहकारी बैंक में लगाया वाटर कूलर



**मुरैना।** गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी सद्भावना जन सेवा समिति द्वारा गर्मी के मौसम ठंडे पानी की आवश्यकता को देखते हुए कृषि उपज मंडी प्रांगण में संचालित जिला सहकारी बैंक में वाटर कूलर स्थापित किया। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि के तौर पर ब्रह्माकुमारी आश्रम की रेखा बहन द्वारा रोरी तिलक लगाकर व फीता काटकर एवं मिष्ठान वितरण कर किया गया। इस मौके पर बैंक प्रबंधक पुष्पराज सिंह सिकरवार, सद्भावना जन सेवा समिति के अध्यक्ष अनूप गुप्ता, डॉ अनार सिंह जादौन, रामनिवास त्यागी, पवन शुक्ला, बनवारी लाल कुशवाहा, रवि गुप्ता, ऋषिकेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## दीखत पुरा' अम्बाह शाखा नहर पर किया जंगल सफाई एवं चोई हटाने का कार्य

**मुरैना।** जल संसाधन संभाग मुरैना द्वारा मंगलवार को ग्राम दीखत पुरा के पास अम्बाह शाखा नहर पर जल गंगा संवर्धन अभियान-2025 के अंतर्गत जंगल सफाई एवं चोई निकालने का कार्य जन भागीदारी व जन सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में जल संसाधन संभाग मुरैना के कार्यपालन यंत्री पी.एस. जाटव एवं संबंधित अनुविभागीय अधिकारी,



उपयंत्री तथा गणमान्य नागरिकों एवं विभागीय मैदानी कर्मचारियों ने उपस्थित होकर श्रमदान किया। कार्यपालन यंत्री पी.एस. जाटव द्वारा नागरिकों को जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल की महत्ता एवं जल स्त्रोतों व संसाधनों के रखरखाव तथा इनके संरक्षण पर जोर देते हुये इस धरोहर को बचाने हेतु जागरुक किया गया।

### युवक-युवतियों के लिये निःशुल्क प्रशिक्षण हेतु आवेदन आरसेटी में आमंत्रित

**मुरैना।** सेन्ट आरसेटी मुरैना में ग्रामीण क्षेत्र एवं मनरेगा जॉब कार्ड धारक के 18 से 45 वर्ष के आयु के युवक, युवतियों के लिये निःशुल्क प्रशिक्षण प्रारंभ किये जा रहें है। जिनमें मोबाइल रिपेयरिंग, बकरी पालन, मुर्गी पालन, मधुमक्खी पालन, कृत्रिम आभूषण बनाना, मशरूम की खेती, घरेलू अगरबत्ती निर्माण, कागज के लिफाफे एवं फाइल बनाना, कम्प्यूटर अकाउंटिग, मखमली खिलौने, ब्यूटि पार्लर एवं महिला सिलाई प्रशिक्षण के फार्म 02 अप्रैल से भरना प्रारंभ हो चुके है। प्रशिक्षण के लिये मनरेगा जॉब कार्ड, बीपीएल, एसएचजी रजिस्टर की कॉपी, 04 फोटो, आधार कार्ड, बैंक पासबुक और मार्कशीट की फोटोकॉपी लाना अनिवार्य है। इच्छुक उम्मीदवार सेन्ट आरेसटी मुरैना में कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते है।

### शा.मा.वि. विद्यालय चम्बल कोलोनी में डिप्टी कलेक्टर ने छात्र-छात्राओं को दिया मार्गदर्शन

# भविष्य की नींव शिक्षा है आप भारत का भविष्य होः प्रतिज्ञा शर्मा

सत्ता सुधार ■ मुरैना

गत 1 अप्रैल 2025 से नवीन शिक्षण शस्त्र प्रारंभ हो चुका है।शासन के निर्देशानुसार वरिष्ठ अधिकारियो को विद्यालयों में प्रवेश उत्सव एवं स्कूल चले अभियान के लिए छात्र एवं पालकों को मार्गदर्शन देने के लिए नियुक्त किया गया है।

तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ म.प्र.के जिला अध्यक्ष रामनरेश दंडोतिया ने प्रेस को दी गई विज्ञप्ति में बताया कि जिलाधीश के निर्देश पर बुधवार को शासकीय माध्यमिक विद्यालय चंबल कॉलोनी मुरैना पर डिप्टी कलेक्टर श्रीमती प्रतिज्ञा शर्मा द्वारा प्रवेश उत्सव एवं स्कूल चले अभियान में उपस्थित



रहकर बालक-बालिकाओं, पालकों एवं शिक्षकों को मार्गदर्शन दिया। श्रीमती शर्मा ने कहा कि शिक्षा भविष्य की नींव है इससे व्यक्ति का सर्वांगीण विकास होता हैं। तरक्की के द्वार खुलते हैं। उन्होंने सभी शिक्षकों और पालकों से कहा कि इस अभियान में कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, सभी का शत-प्रतिशत प्रवेश हो, इसके लिए आप निरंतर पालकों से संपर्क करें और हम भी आपके साथ सहयोग करेंगे। शासन द्वारा निशुल्क शिक्षा दी जा रही है जिसमें अनेक सुविधाएं विद्यार्थियों को दी जा रही है, जैसे निशुक्ल पुस्तक, साइकिल, वितरण मिड डे मील, एवं सभी को गणवेश इतयादि, इसका सभी लाभ उठाएं। इस अवसर पर मुख्य रूप से रामनरेश दंडोतिया, संदीप यादव, अजय दंडोतिया, नीरू शर्मा, राजकुमारी शर्मा, रामप्यारी माहौर, आशा पाराशर, राम मूर्ति शर्मा, मिथिलेश चौहान, मनोज शर्मा, नीलम शर्मा सहित समस्त बालक बालिका, पालक उपस्थित रहे।

## 'भविष्य से भेंट' कार्यक्रम के तहत कलेक्टर पहुंचे उत्कृष्ट विद्यालय



सत्ता सुधार ■ मुरैना

भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत शिक्षा विभाग से प्रत्येक अधिकारी को एक स्कूल में 1 घण्टे की क्लास लेने के आदेश जारी किये गये थे। इस कार्यक्रम के तहत कलेक्टर अंकित अस्थाना भी शासकीय उत्कृष्ट उमा विद्यालय क्र. 1 मुरैना में पहुंच कर बच्चों को पाठ पढ़ाया। भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत इसी प्रकार अन्य अधिकारी भी स्कूलों में पहुंचे और उन्होंने बच्चों को शिक्षा के अलावा अन्य आवश्यक व्यवहारिक ज्ञान से भी अवगत कराया।

## ब्रीफ न्यूज

### हाईस्कूल मड़ियादो में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम सम्पन्न



**दमोह।** शासन की मंशा अनुरूप आज हाई स्कूल मडियादो में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और शिक्षकों ने मां सरस्वती जी के पूजन के साथ प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों ने छात्र-छात्राओं को निशुल्क पुस्तक प्रदान की। प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में अभिषेक जैन, बसंत अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, शिक्षक सुरेश मिश्रा ने अपने विचार रखे और शिक्षकों, अभिभावकों से अपील की छात्र-छात्राओं के बीच समन्वय स्थापित कर शिक्षा में सुधार हेतु हम सभी प्रयास करें ताकि बेहतर शिक्षा से छात्र-छात्राएं उन्नति कर स्कूल का नाम रोशन करें।

### आगामी नेशनल लोक अदालत 10 मई को आयोजित होगी

**हरदा ।** नालसा, नई दिल्ली और म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार पूरे जिले में लंबित तथा प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण के लिये 10 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदा श्रीमती तृप्ति शर्मा ने बताया कि जिला न्यायालय हरदा के साथ-साथ टिमरनी व खिरकिया के न्यायालय में भी लोक अदालत आयोजित होगी। सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण चंद्रशेखर राठौर ने बताया कि इस नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य सिविल और आपराधिक शमनीय प्रकरण, परक्राम्य अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, बैंक रिकवरी संबंधी मामलें, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा संबंधी प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण, श्रम विवाद प्रकरण, भूमि अधिग्रहण के प्रकरण, विद्युत एवं जलकर के चोरी के मामलों को छोड़कर बिल संबंधी प्रकरण, सेवा मामलें जो सेवा निवृत्त संबंधी लाभों से संबंधित है, राजस्व प्रकरण, दीवानी मामलें तथा अन्य सभी प्रकार के राजीनामा योग्य, प्रीलिटिगेशन अर्थात मुकदमा पूर्व प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा। सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण श्री राठौर ने आमजन से अपील की है कि अपने राजीनामा योग्य प्रकरण का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से करायें व लोक अदालत का लाभ उठायें।

### पार्थ योजना के अंतर्गत आवेदन 10 अप्रैल से 30 मई तक

**शहडोल।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं प्रभारी जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी ने जानकारी दी है कि मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार खेल और युवा कल्याण विभाग शहडोल द्वारा पार्थ योजना के अंतर्गत पुलिस, आर्मी, रिक्रूटमेंट ट्रेंनिंग और हुनर लिखित और शारीरिक प्रशिक्षण का आयोजन 10 अप्रैल से 30 मई 2025 तक संभागीय मुख्यालय शहडोल के महात्मा गांधी स्टेडियम में प्रातः 5 से 8 तक शाम 5 से रात्रि 7 बजे तक आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण में शारीरिक प्रशिक्षण जैसे 800 मीटर की दौड़, लंबी कूद, गोला फेंक एवं लिखित परीक्षा जैसे सामान्य ज्ञान, तार्किक ज्ञान, बौद्धिक क्षमता, एवं मानसिक अभिरुचि और विज्ञान एवं सरल अंक गणित की तैयारी भी कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण हेतु 500 शुल्क एवं लिखित परीक्षा की तैयारी हेतु 500 रुपए निर्धारित किया गया है।

# लोगों की समस्याएं उनके घर के पास ही निराकृत हो जाए : कलेक्टर

- 25 पंचायत मुख्यालयों पर जनसुनवाई सम्पन्न
- 86 से अधिक आवेदनों पर हुई जनसुनवाई

## 51 आवेदन निराकृत

सत्ता सुधार ■ दमोह

मुझे लगता है जन सुनवाई एक ऐसी चीज़ है, जो कि मुख्य रूप से यह जनतंत्र का एक बड़ा उत्सव है और इसमें कई तरह के नई पहल की जा सकती है, जो कि जनता को लाभ देती है। इसी उद्देश्य से कि क्यों ना अब जनसुनवाई को पंचायत लेवल पर किया जाए। इस सबंध में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा एक आदेश भी निकाला हुआ है, कि मंगलवार के दिन पटवारी, पंचायत सचिव सब अपने मुख्यालय पर रहेंगे। उन्होंने कहा सामान्य तौर पर ये होता है, कि लोग इधर उधर चले जाते हैं। वो मुख्यालय पर रहते नहीं तो उन सबको मुख्यालय पर रखने का एक अच्छा तरीका यह था कि हम जन सुनवाई करें उस दिन।

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा जन सुनवाई करते हुए सभी कृषि विभाग के अधिकारी, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, पटवारी, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सभी लोग एक ही जगह पर रहेगें। इन सभी लोगों को हमने एक आदेश जारी करके कहा कि मंगलवार



को प्रातः 11 से दोपहर 02 बजे तक आपको वहीं रहना है, और हमने इसमें भी केवल 25 ग्राम पंचायत जो सबसे बड़ी ग्राम पंचायत है, हमारे जिनकी जनसंख्या काफी अधिक है, तो उनको चुनकर के हमने अभी इसको शुरू किया है, और अभी इसको लंबे समय तक 25 पंचायतों पर ही रखेंगे। हम एकदम से नहीं बढ़ाएंगे।

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा सभी जगह 2 दिन पहले से मुनादी कराई गई और लोगों को प्रचार प्रसार किया गया कि आपको आना है और उसी का परिणाम है कि अभी तक जो भी डेटा प्रारंभिक आया है, 86 से भी अधिक आवेदन इसमें आए हैं इसमें से लगभग 51 निराकृत भी हुए हैं। उन्होंने कहा लोगों की समस्याएं उनके घर के पास ही निराकृत हो जाए उनको जिला लेवल तक या उप-संभाग स्तर पर ना आना पड़े। ये हमारा प्रयास था । जनपद पंचायत दमोह की ग्राम पंचायत बांसा तारखेडा, बांदकपुर एवं अभाना, जनपद पंचायत पटेरा की ग्राम पंचायत कुम्हारी एवं लुहारी, जनपद पंचायत हटा की ग्राम पंचायत मड़ियादो, रनेह, बर्धा, भैंसा एवं गैसाबाद, जनपद पंचायत जबेरा की ग्राम पंचायत नोहटा, सिंग्रामपुर एवं बनवार, जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा की ग्राम पंचायत तारादेही, पतलोनी, तेजगढ एवं झलौन, जनपद पंचायत पथरिया की ग्राम पंचायत बांसाकला, बोतराई, नरसिंहगढ एवं सीतानगर, जनपद पंचायत बटियागढ़ की ग्राम पंचायत फुटेराकलॉ, खडेरी, मगरोन एवं फतेहपुर आदि ग्राम पंचायतों में जनसुनवाई की गई।

# हरी चनी बेचने भटक रहे किसान कृषि विभाग का बीज बना सरदर्द

सत्ता सुधार ■ हरदा

जिले में कृषि विभाग द्वारा हरि चनी का बीज किसानों को अनुदान पर उपलब्ध कराया गया। किसानों की फसल जब तैयार हो गई और हरी चनी बेचने के लिए किसान मंडी सोसायिटी जा रहे हैं तो कोई हरि चनी खरीदने को तैयार नहीं है। ऐसे में किस इधर-उधर भटक रहे हैं। गरीब किसानों ने अनुदान से मिले बीज से खेती की अब अनाज बेचने के लिए भटक रहे हैं। किसानों की समस्या की कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। बाहर के बाजार में हरी चनी बिक रही है किंतु किसान किस दो-तीन क्विंटल हरि चनी बेचने इंदौर भोपाल मंडी जायेंगे तो परिवहन पर अधिक व्यय होगा। इससे किसानों की चिंता परेशानी बढ़ गई है। जिसे नजरंदाज किया जा रहा है। इससे किसान परेशान है।

**अनुदान का बीज कहां से मिला :** कृषि विभाग द्वारा अनुदान का बीज जो किसानों को 40 किलोग्राम प्रत्येक किसान की दर से उपलब्ध कराया गया वह हरि चनी कहां से मिला और किस आधार पर उपलब्ध कराया गया यह जांच का विषय बन गया है। जब हरि चनी की खरीदारी नहीं होनी थी तब किसानों को बीज क्यों उपलब्ध कराया गया करीब 10 क्विंटल हरि चनी खिड़किया के करीब 30-35 किसानों को उपलब्ध कराया गया। तीन-चार क्विंटल हरि चनी का उत्पादन हुआ है। व्यापारी हरि चनी खरीदने को तैयार नहीं हो रहे हैं।



सोसायटी से भी खरीदने की शुरूआत नहीं की गई है।

**किसाने की समस्या की अनदेखी :** किसानों की समस्या की घोर अनदेखी की जा रही है। हरि चनी का उत्पादन करके किसान अब बेचने को लेकर परेशान हैं। इस संबंध में कृषि विभाग और सोसायटी के अधिकारी कर्मचारी से मांग की जाती है तो कोई माकूल जवाब नहीं दे रहे हैं। समस्या को देखा सुना जा रहा है इसका समाधान नहीं किया जा रहा है, इससे किसान परेशान हैं।

**खरीदार नहीं थे क्यों उपलब्ध कराया गया बीज :** सबसे विचारणीय पहलू यह है कि जब कोई खरीदार नहीं था कृषि विभाग द्वारा हरि चनी का बीज क्यों उपलब्ध कराया गया । मार्केट में और समर्थन मूल्य पर जिसकी खरीदी होती है। वह बीज उपलब्ध कराया जाता तो किसान इतना परेशान नहीं होते। अनाज उत्पादन के बाद जब बेचने की बारी आई है तो अब किसानों का अनाज लेने को कोई तैयार ही नहीं हो रहा है। इस मामले में कृषि विभाग के अधिकारी भी कोई जवाब नहीं दे रहे हैं। कहीं कमीशन पर तो बीज उपलब्ध कराने की साजिश तो नहीं की गई। जब मांग नहीं थी किस आधार पर बीज उपलब्ध कराया गया आदि सवाल लोगों के दिलो दिमाग में खड़े हो रहे हैं । जो अनुत्तरित है।

**इंदौर में बिकने की दी जा रही जानकारी :** छोटे गरीब किसान जो हरि चनी बेचने को लेकर परेशान है। उन्हें यह जानकारी देकर अपना पल्लू झाडा जा रहा है कि इंदौर मार्केट में हरि चनी 10हजार के भाव से बिकेगा। अब समस्या यह है कि इंदौर तक दो-तीन क्विंटल हरि चनी कैसे ले जाये। दूरी ज्यादा होने पर परिवहन में अधिक खर्च होगा। इससे किसानों को फायदा की बजाय नुकसान उठाना पड सकता है।

**हरि चनी का बीज दिलाने की जांच की जाय :** राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के पूर्व जिला अध्यक्ष रामनिवास खोरे ने हरी चनी का बीज उपलब्ध कराने के मामले की जांच पड़ताल कराई जाय और दोषी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाय और कमीशन की लालच में हरि चनी का बीज उपलब्ध कराया गया है। यदि ऐसा नहीं होता तो मांग, आवश्यक कोई ध्यान दें में रखते हुए बीज उपलब्ध कराने की पहल की जाती। ऐसा नहीं करके अधिकारियों ने अपनी भूमिका को संदीग्ध व्यक्त किया है।

### इनका कहना है



जो वैरायटी यहां बिकती नहीं है उस वैरायटी के बीज कृषि विभाग द्वारा किस आधार पर उपलब्ध कराया गया है, यह एक जांच का विषय है। इस मामले को गंभीरता से लेकर उच्च स्ततरीय जांच-पड़ताल कराकर समुचित कार्यवाही की जानी चाहिए। ताकि किसानों के साथ ऐसा मजाक दोबारा ना हो सके।

**रामनिवास खोरे, राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ, हरदा।**



शासन द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार किसानों को नई वैरायटी के बीच उपलब्ध कराया गया है। इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर किसानों की समस्या का समाधान करवाया जाएगा।

**जे.एल.कास्दे उपसंचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, हरदा।**

## पुलिस जवान ने दिया ईमानदारी परिचय, लौटाया गुम हुआ पर्स

सत्ता सुधार ■ खंडवा/ओंकारेश्वर

ओंकारेश्वर पुलिस के एक जांबाज सिपाही ने अपने कर्तव्यनिष्ठा का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत करते हुए, लापता पर्स को उसके सही मालिक तक पहुँचाकर समाज में पुलिस पर जनता के विश्वास को और मजबूत किया है। मंदिर की भीड़ नियंत्रण व्यवस्था टीम में तैनात मुख्य आरक्षी कृष्णकांत कुसमया, रोजाना की तरह मंदिर परिसर में ड्यूटी निभाते हुए, आम रास्ते पर एक महिला का पर्स लापता स्थिति में पाते हैं। पर्स खोलकर उन्होंने देखा कि उसमें 4,230 रुपये नकद, एक आधार कार्ड तथा अन्य जरूरी दस्तावेज मौजूद थे।

किसी भी लालच के बिना, कृष्णकांत ने तुरंत ही अपने मन में यह ठान लिया कि इस पर्स को उसके असली मालिक तक पहुँचाना है। वे मंदिर ट्रस्ट के दान काउंटर पर पहुंचकर लगातार गुम हुए पर्स का अनाउंसमेंट करने लगे। थोड़ी देर पश्चात डबरा, ग्वालियर निवासी



अर्चना डगरोलिया, अपने पर्स की तलाश में परेशान घूमते नजर आई। पुलिस जवान ने उनसे संपर्क करके पर्स से जुड़ी जानकारी प्राप्त की और पर्स को सौंप दिया। पर्स मिलते ही अर्चना डगरोलिया और उनके पति के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई। दोनों ने पुलिस जवान कृष्णकांत कुसमया और स्थानीय पुलिस का आभार व्यक्त किया।

इस घटना से न केवल पुलिस के ईमानदारी भरे रवैये की सराहना हुई, बल्कि यह भी स्पष्ट हुआ कि जब कर्तव्य और नैतिकता एक साथ चलते हैं, तो समाज में विश्वास और सहयोग की भावना और मजबूत होती है।

### पिछड़ा वर्ग कन्या छात्रावास में प्रवेश के लिये आवेदन करें

**हरदा।** जिला स्तरीय पिछड़ा वर्ग कन्या छात्रावास हरदा में प्रवेश के लिये छात्राओं से आवेदन आमंत्रित किये है। सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने बताया कि जिले में शासन के निर्देश अनुसार छात्रावास का संचालन प्रारम्भ किया जा चुका है। जिला स्तरीय पिछड़ा वर्ग कन्या छात्रावास हरदा में सीट वृद्धि कर छात्रावास को अब 100 सीटर कर दिया गया है। जिले के सभी शासकीय व अशासकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत पिछड़ा वर्ग की ऐसी छात्राएं जो कन्या छात्रावास में प्रवेश लेने की इच्छुक है, वे पहले आओ पहले पाओं की तर्ज पर एक सप्ताह के अन्दर कार्यालय में आवेदन कर सकती है।

## सीएम राइज उमावि विद्यालय में जिला स्तरीय प्रवेश उत्सव कार्यक्रम सम्पन्न



सत्ता सुधार ■ दमोह

आज सीएम राइज उमावि विद्यालय दमोह में नवीन शैक्षणिक सत्र 2025-26 प्रारंभ के अवसर पर जिला स्तरीय प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में विधायक दमोह जयंत कुमार मलैया, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे की मौजूदगी में कार्यक्रम मनाया गया। विधायक श्री मलैया ने निर्मित विद्यार्थी साइकिल स्टैंड शेड का लोकार्पण किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी, संतोष रोहित , भीम पटेल , संजय सेन सुरेश पटेल , डीपीसी मुकेश द्विवेदी एडीपीसी शैलेंद्र असाटी ,एपीसी मोहन राय विकासखंड शिक्षा अधिकारी दमोह, BRC एवं बालकों की गरिमामय में उपस्थिति रही।

इस दौरान विद्यार्थियों का स्वागत तिलक लगाकर एवं पुष्प वर्षा द्वारा किया गया। नवप्रवेशी 08 घुमक्कड़ परिवारों के बच्चों का प्रवेश किया गया। सभी बच्चों को निशुल्क पाठ पुस्तक वितरण किया गया। कक्षा में प्रथम स्थान एवं अधिकतम उपस्थिति वाले छात्रों का शील्ड प्रदान कर सम्मान किया गया। विद्यालय की ओर से चार शिक्षकों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मान किया गया।

विद्यार्थियों पालकों, जन प्रतिनिधियों के लिए विशेष भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम समापन उपरांत विद्यार्थियों के लिए बिस्कुट पैकेट का वितरण किया गया।

## शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मनाया गया प्रवेशोत्सव





सत्ता सुधार ■ बैतूल

मध्य प्रदेश के बैतूल जिला के ग्राम मोरखा में शासन के निर्देशानुसार दिनांक 1 अप्रैल 2025 दिन मंगलवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोरखा मे प्रवेशोत्सव मनाया गया जिसमें नर्सरी से कक्षा 12वी तक छात्र/छात्राओं को प्रवेश दिया गया ।

कार्यक्रम में ग्राम से गणमान्य गण एवं जनप्रतिंधिगण ने उपस्थित होकर बच्चो को ब्लाक शिक्षा समिति के अध्यक्ष किशन सिंह रघुवंशी,ग्राम पटेल रामकुमार पटेल,कल्लू सिंह ठाकुर, कोमल सिंह सरोज (शि.), आनंद सिंह वर्मा (शि.), रमेशचंद्र वर्मा (शि.),रेखा आनंद बिहारे ग्राम सरपंच,रामेश्वर पटेल, मगन सिंह तुरिया, रामकिशोर तुरिया, बंटी ठाकुर (पू.स.), कैलाश वर्मा अधिवक्ता, अजीत सिंह सरोज, जीतू सोनी, दीपेंद्र तुरिया के द्वारा संबोधित किया गया नर्सरी से KG02 तक कक्षा की संचालिका राजश्री रघुवंशी के द्वारा कार्यक्रम के आयोजन की व्यवस्था की पुरी तैयारी की गई,जिसमें शाला प्राभारी प्राचार्य अर्चना डोंगरे,एन.के वाघमारे (CAC), एम.एल.उईके (CAC), बीना सिवड़े, अनिता रघुवंशी, ओमप्रकाश तुरिया, लेक्क. एम.एस. सिसोदिया, संजय सिंह ठाकुर, गुलाबराव कौशिक, राजकुमार टेमरे, शेखर रघुवंशी के द्वारा कार्यक्रम मे विशेष सहयोग दिया। इसके पश्चात ग्राम से उपस्थित गणमान्यगणो के द्वारा नर्सरी से चत्न02 तक के सभी बच्चो को ड्रेस,टीफिन,बॉटल,जूते-मैजे देने की घोषणा की।

## नेशनल हाईवे पर जैन मुनि को वाहन ने रौंदा, मौके पर मौत

सत्ता सुधार ■ खंडवा

मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में एक दुखद घटना घटी, जहां नेशनल हाईवे पर एक जैन मुनि को एक आयशर वाहन ने रौंद दिया। इस दर्दनाक दुर्घटना में जैन मुनि की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और संबंधित वाहन की तलाश में जुट गई है।



घटना बुधवार सुबह करीब 6:30 बजे इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर मोकलगांव स्थित कालका ढाबा के पास हुई। ज्ञानगच्छ समुदाय के पूज्य गजेंद्र मुनिजी इंदौर से नागपुर की पैदल यात्रा पर निकले थे, तभी यह हादसा हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि पूज्य मुनिजी ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस आयशर वाहन की पहचान करने और उसके चालक को पकड़ने के प्रयास में जुटी हुई है।

इस घटना से जैन समाज में शोक की लहर दौड़ गई। पूज्य महाराज साहब की पार्थिव देह को समाजजनों द्वारा पंधाना के सिलटिया मुक्तिधाम ले जाया गया, जहां दोपहर 12 बजे जैन पद्धति से अंतिम संस्कार किया गया। समाज ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है और प्रशासन से मामले की गंभीर जांच कर दोषी चालक पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

### अग्निवीर भर्ती के लिये ऑनलाइन पंजीयन 10 अप्रैल तक कराएं

**हरदा ।** भोपाल, बैतूल, छिंदवाड़ा, नर्मदापुरम्, हरदा, राजगढ़, रायसेन, सिहोर, विदिशा, गुना, अशोकनगर, पन्ना, दमोह, नरसिंहपुर, और पान्दूर्ना के उम्मीद्वारों के लिये सेना में भर्ती की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। सेना भर्ती कार्यालय भोपाल से प्राप्त जानकारी अनुसार सेना भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया 12 मार्च से 10 अप्रैल 2025 तक जारी रहेगी। इच्छुक व्यक्ति अपना आवेदन अग्निवीर पुरुष की जनरल, तकनीकी, क्लर्क, ट्रेड्समेन आठवी पास, ट्रेड्समेन दसवी पास, अग्निवीर महिला सेना पुलिस, नरसिंग असिस्टेंट, नरसिंग असिस्टेंट वेट, सिपाही फार्मा, हवालदार एजुकेशन, धर्मगुरु, केटरिंग जेसीओ तथा हवलदार सर्वेयर आटोमेटेड कार्टोग्राफर के पदों के लिए ऑनलाइन जमा करा सकते है। ऑनलाइन परीक्षा जून माह में होने की संभावना है।

### पानी आप बचाओ, पानी आपको बचाएगा

## जल के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जन भागीदारी से किया जा रहा कार्य



सत्ता सुधार ■ शहडोल

पानी आप बचाओ, पानी आपको बचाएगा÷ सरकार और समाज दोनों को मिलकर जल के महत्व को समझना चाहिए और इसे बचाने के लिए जागरूकता फैलानी चाहिए। जल जीवन का अभिन्न अंग है, और इसके बिना न तो कृषि संभव है, न ही उद्योग, और न ही हमारी दैनिक आवश्यकताएँ पूरी हो सकती हैं। अतः जल का संरक्षण करना हम सभी का कर्तव्य है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शहडोल जिले में 30 जून 2025 तक जल को सहेजने, संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जल संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले के समस्त जनपद पंचायत के ग्राम पंचायतो में जल गंगा संवर्धन अभियान में लोगों ने उत्साह एवं उमंग के साथ जल का महत्व समझते हुए श्रमदान कर अपनी सहभागिता निभा रहे हैं और जल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए संदेश दे रहे हैं। इसी कड़ी में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में शहडोल जिले के ब्यौहारी, ग्राम पंचायत अमन, पड़मानिया सहित अन्य ग्राम पंचायतों में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए लोगों ने श्रमदान किया। जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री विवेक पाण्डेय ने बताया कि जन अभियान परिषद के सदस्यों द्वारा ग्राम पंचायत जरवाही में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत दीवार लेखन किया गया तथा जल का महत्व समझते हुए तालाब की सफाई के कार्य में श्रमदान किया गया। जिसमें नवांकुर संस्था से मीनू जैन, प्रस्फुटन से अजय पाण्डेय, मेंटर आनन्द यादव सहित ग्रामवासियों की भूमिका रही।

**अभियान** — भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत विद्यालयों में आयोजित हुए कार्यक्रम

# विद्यार्थी का जीवन अनुशासन, मेहनत, और समय प्रबंधन से हो परिपूर्ण

सत्ता सुधार ■ शहडोल

शहडोल जिले के विद्यालयों में स्कूल चले हम अभियान 2025 के तहत भविष्य से भेंट कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी कड़ी में आज पीएम श्री हाई स्कूल कोटमा में अपर कलेक्टर श्री सरोधन सिंह की उपस्थिति में भविष्य से भेंट कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा अपर कलेक्टर ने बच्चों को तिलक एवं फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता केवल कठिनाईयों और चुनौतियों का सामना करने से नहीं, बल्कि उनमें से कुछ नया सीखने से मिलती है। एक विद्यार्थी का जीवन अनुशासन, कड़ी मेहनत, और समय प्रबंधन से परिपूर्ण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने उद्देश्य को जानें, उसे पाने के लिए मेहनत करें, और कभी भी अपने सपनों को छोड़ें नहीं। साथ ही अपर कलेक्टर ने विद्यालय के कक्षों का भी निरीक्षण किया।

इसी प्रकार जनपद पंचायत जयसिंहनगर के शासकीय हाई स्कूल कुबरा में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जयसिंहनगर श्री अषोक मरावी की उपस्थिति



में भविष्य से भेंट कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को तिलक एवं फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपका भविष्य आपके हाथों में है, और आपका शिक्षा में योगदान न केवल आपके व्यक्तिगत विकास के लिए, बल्कि समाज और देश की प्रगति के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। आजकल के तेज़ी से बदलते युग में शिक्षा का महत्व और भी बढ़ गया है। हमें केवल किताबों से नहीं, बल्कि जीवन के विभिन्न पहलुओं से भी सीखने की आवश्यकता है। इसी प्रकार शहडोल जिले के अन्य विद्यालयों में भी भविष्य से भेंट कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए प्रेरित किया गया।

## ब्रीफ न्यूज

### हिमांशु खटीक का पंजाब नेशनल बैंक में पी.ओ. के पद पर चयन हुआ

**सागर।** नरयावली विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक स्वर्गीय लीलाधर खटीक के नाती एवं नगर निगम कर्मचारी कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष हरेंद्र खटीक के सुपुत्र हिमांशु खटीक का चयन पंजाब नेशनल बैंक में पी. ओ. के पद पर चयन हुआ है । उनकी इस उपलब्धि पर नगर निगम कर्मचारी संघ एवं शुभचिंतकों ने बधाई दी है।

### भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से नरयावली विधायक लारिया ने की मुलाकात



**सागर।** बुधवार को नईदिल्ली प्रवास के दौरान नरयावली विधायक इंजी.प्रदीप लारिया ने भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा जी से मुलाकात की। वरिष्ठ नेतृत्व के साथ भेंटकर महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई।

### केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान से नरयावली विधायक प्रदीप लारिया ने की सौजन्य भेंट



**सागर।** नरयावली विधायक इंजी.प्रदीप लारिया ने बुधवार को नईदिल्ली प्रवास के दौरान देश के कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से सौजन्य भेंटकर विभिन्न विषयों पर चर्चा कर मार्गदर्शन प्राप्त किया। केंद्रीय मंत्री चौहान से मिलने की पश्चात विधायक लारिया ने कहा कि शिवराज सिंह जी का मार्गदर्शन सदैव सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है और जनहित व देश हित में और भी सजकता के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित करता है।

# स्वच्छता,स्वास्थ्य एवं शिक्षा यह जीवन का आधारः प्रभुशंकर खरे सीएमओ

सत्ता सुधार ■ बरौदिया कलां/सागर



स्कूल चले अभियान के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरौदिया कलां में प्रवेश उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष मीनादेवी कुशवाहा,कलेक्टर प्रतिनिधि प्रभुशंकर खरे सीएमओ,संस्था प्राचार्य बीएस लोधी पार्षदगण दयाराम चौरसिया,कोमल यादव,बलराम सिंह ठाकुर,चुन्नीलाल कुशवाहा ने सरस्वती पूजन कर कार्यक्रम का श्री गणेश किया कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम संस्था की छात्रोंओ ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम में समा बांध दिया सभी अतिथियों का रोली एवं फूलमालाओं स्वागत किया गया।छात्र छात्राओं को रोली लगाकर एवं मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया इस अवसर पर संस्था प्राचार्य बीएस लोधी ने संबोधित करते हुए शासन द्वारा दी जाने वाली समस्त प्रकार की सुविधाओं की जानकारी दी, उन्होंने कहा कि विद्यालय सीएम राइज हो जाने के कारण जो सुविधाएं प्राइवेट विद्यालयों द्वारा दी जा रही है।उनसे अधिक उच्च स्तर की शैक्षणिक व्यवस्था विद्यालय द्वारा प्रदान की जायेंगी कलेक्टर प्रतिनिधि प्रभुशंकर खरे सीएमओ नगर परिषद बरौदिया कलां ने स्वच्छता,स्वास्थ्य,शिक्षा पर बल दिया पार्षद कोमल यादव, बलराम सिंह ठाकुर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि जो भी विद्यालय में छात्र हितों हेतु आवश्यकता होगी।उसे हम शासन द्वारा अवश्य उपलब्ध करायेंगे अंत में विद्यालय के प्राचार्य बी एस लोधी द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया साथ में छात्र छात्राओं को अतिथियों द्वारा नि शुल्क पुस्तकों का वितरण किया गया मंच संचालन दीपक साहू द्वारा किया गया कार्यक्रम की रूपरेखा में विद्यालय के शिक्षक श्रीमती सविता विश्वकर्मा,श्रीमती रश्मि सोनी, श्रीमती बरखा घनघोरिया, अभिषेक सिंह ठाकुर,राम चौरसिया ने सहयोग किया इस अवसर पर महेंद्र कुमार साहू, कु. ममता चौधरी, श्रीमती सीता तंतवार, कु. रिनु भंवर, अप्पा भामरे, एन पी सोनी,दीपेश साहू,अभिषेक सिंह ठाकुर, रूपेश चौरसिया, वीरेन्द्र राजपूत, कु चंदा ठाकुर, श्रीमति मीना पटेल, श्रीमति शरीफन बी, श्रीमति पूजा साहू, श्रीमति उमा, श्रीमति भारती पटवा, कु अंकिता दुबे, श्रीमति शबनम बी, हनमत लोधी, रीतेश यादव, नरेन्द्र राय, सतीश तिवारी, श्रीमति अमानबाई, श्रीमति अरुणा जैन, धनश्याम पटेल, राजा कुशवाहा आदि रहे।

# नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार ने एक अप्रैल को नपा पीआईसी की भंग

## क्या इसमें उन लोगों को भी जिम्मेदारी मिलेगी जो इमानदारी से विकास के लिए तत्पर रहते

सत्ता सुधार ■ बीना/सागर




पीआईसी भंग करने का निर्णय 1 अप्रैल यानी मूर्ख दिवस के अवसर पर ही यह निर्णय नगर पालिका अध्यक्ष ने क्यों लिया लगातार चल रही खींचतान के बीच कभी सभापति बैठक का बहिष्कार करते तो कभी पार्षद बैठक में नहीं आते आखिर जनता ने इन्हें किस लिए चुना प्रश्न काफी गंभीर है किंतु जब एक नारी शक्ति पर इस तरह का वार होता है तो वह दुर्गा का रूप भी धारण कर लेती है।आखिर सब कुछ ठीक चलने के बाद अचानक परिषद में ऐसी क्या बात हो रही थी जिसके कारण नगर पालिका अध्यक्ष को लेकर परिषद में इस तरह की स्थितियां निर्मित हुई आखिर में नगर पालिका अध्यक्ष ने एक अप्रैल को पीआईसी भंग कर दी अब देखना यह है।

भाजपा संगठन नगर पालिका अध्यक्ष का किस तरह से देता है। जबकि परिषद का काम है कि वह बीना विकास के लिए नगर पालिका अध्यक्ष का कंधे से कंधा मिलाकर साथ देते किंतु जिस तरह की वर्तमान राजनीति चल रही है वह काफी निंदनीय है ऐसे में भाजपा जिला अध्यक्ष नगर मंडल अध्यक्ष नगर पालिका बीना में चल रही उठा पटक को किस तरह से शांत कर पुनः पीआईसी गठन करवाते हैं क्या इसमें उन लोगों को भी जिम्मेदारी मिलेगी जो इमानदारी से विकास के लिए तत्पर रहते हैं। नगर पालिका पीआईसी में अभी तक अध्यक्ष समेत कुल आठ सदस्य थे। इसमें जल प्रदाय शाखा प्रभारी जितेंद्र बोहरे, लोक निर्माण विभाग प्रभारी संतोष राय, राजस्व शाखा प्रभारी गौरीशंकर राय, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग प्रभारी प्रतिमा संजय सिंह, खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग प्रभारी पूनम विकास राजपूत, विधि सामान्य प्रशासन शाखा प्रभारी मधुलिका यादव और शिक्षा महिला एवं बाल विकास विभाग का प्रभार मीना हरिओम चौबे के पास थे। पीआईसी के कुछ सदस्यों और नपाध्यक्ष के बीच लंबे समय से मतभेद चल रहे थे। 26 मार्च को नगर पालिका द्वारा पीआईसी की बैठक बुलाई थी। इस दौरान पीआईसी के सदस्य बैठक में शामिल नहीं हुए थे, जिससे बैठक स्थगित करनी पड़ी थी। इसी तरह 28 मार्च को बजट को लेकर सामान्य सभी की बैठक बुलाई थी। इस दौरान पीआईसी के सदस्यों के साथ भाजपा के सभी पार्षदों ने बैठक का बहिष्कार दिया था। इसे लेकर चर्चा सामने आई थी कि पार्षदों को पीआईसी सदस्यों ने उकसाया था, जिससे उन्होंने बैठक का बहिष्कार कर दिया था। इस घटना क्रम को लेकर संगठन भी आगे आया था और अंदर ही अंदर फेरबदल करने का निर्णय लिया। पीआईसी भंग करने के पीछे चर्चा है कि पार्टी उन बागी पीआईसी सदस्यों को सबक सिखाना चाहती है, जिन्होंने भाजपा पार्षदों को बैठक का बहिष्कार करने उकसाया था।

# फसल बेचकर आ रहे किसान के साथ हुई लूट

## 61 हजार रुपए लेकर भागा आरोपी



सत्ता सुधार ■ बीना/सागर

ग्राम ग्राम हिनोद निवासी नंदलाल पिता हरदास अहिरवार गेहूं की फसल 28 बोरा लेकर गल्ला मंडी में 24 000 हजार के हिसाब से फसल बेचकर 66 हजार रुपए प्राप्त किया। इसके पश्चात उसने 5000 का किराना सामान लेकर ग्राम हिन्नौद वापस जा रहा था की डबल लांक के पास स्थित फ्लाईओवर ब्रिज के सामने ट्रैक्टर रोककर नीचे उतर गया,तभी दो चोर हाथ से थैला लेकर भाग गए जिसमें उसके 61 हजार रखे हुए थे। पुलिस थाने आने के बाद वह शीघ्र फुटेज देखने के लिए पहुंचा जिसमें वह नजर आ रहे हैं इसी दरमियान नंदलाल हरदास किसान नेता इंदर सिंह ठाकुर के साथ थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज करने पहुंचे।

### गल्ला मंडी में चोर रहते हैं सक्रिय

किसान नेता इंदर सिंह ठाकुर ने बताया कि इस वक्त गल्ला मंडी में जिस तरह से चोर सक्रिय हैं वह किसी से छुपा हुआ नहीं है आए दिन किसानों के साथ लूटपाट की घटना होती रहती हैं जिस पर गल्ला मंडी की सुरक्षा कर्मियों की लापरवाही स्पष्ट नजर आती है कि वह सामाजिक तत्वों को परिसर में क्यों घूमने देते हैं ऐसे लोगों को बाहर का रास्ता क्यों नहीं दिखाते किसानों के साथ लूट आम बात हो चुकी है। किसानों को अपनी सुरक्षा अपनी रकम बड़ी ही हिफाजत के साथ रखनी चाहिए उन्होंने पुलिस से शीघ्र कार्रवाई कर ऐसे अपराधियों को पकड़ने की मांग की।

# सांसद डॉ. लता वानखेड़े के प्रयासों से एन.एच-146 के 10.079 कि.मी.भाग को फोरलेन निर्माण की स्वीकृति मिली



सत्ता सुधार ■ सागर

सांसद डॉ.लता गुड्डू वानखेड़े के प्रयासों से विदिशा और सागर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-146 राहतगढ़ से बेरखेड़ी तक 10.079 कि.मी. हिस्से को फोरलेन बनाने की स्वीकृति मिल गई है।इस परियोजना पर 731.36 करोड़ रुपये की लागत की स्वीकृति दी गई है,यह परियोजना भोपाल-कानपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह परियोजना राहतगढ़ की घनी आबादी वाले क्षेत्र को बाईपास करेगी, जिससे ट्रैफिक की भीड़ कम होगी और तेज व सुगम परिवहन की सुविधा मिलेगी। साथ ही, यह परियोजना राष्ट्रीय राजमार्ग-44 और राष्ट्रीय राजमार्ग-346 से कनेक्टिविटी प्रदान करेगी, जिससे परिवहन व्यवस्था में सुधार होगा।इस परियोजना के तहत सड़क की ज्यामिति में सुधार, पुनरीक्षण कार्य और सुरक्षा उपायों को लागू किया जाएगा, जिससे नागरिकों के लिए यात्रा अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक हो जाएगी। फोरलेन निर्माण से स्थानीय व्यापार, औद्योगिक विकास और यातायात संचालन को भी बढ़ावा मिलेगा।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बी.डी.शर्मा से नरयावली विधायक लारिया ने की मुलाकात



सागर।बुधवार को नईदिल्ली प्रवास के दौरान नरयावली विधायक इंजी.प्रदीप लारिया ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा से मुलाकात की। वरिष्ठ नेतृत्व के साथ भेंटकर महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई।इस अवसर पर सागर सांसद डॉ.लता वानखेड़े भी उपस्थित रहीं।

**निर्माण** ओवरब्रिजों की इन ओवरब्रिजों में पहले से ही टूटी हुई वालों को लगाया जा रहा

# क्या लंबे समय तक टिक पायेंगे ये ओवरब्रिज या हादसे में जान गंवायेंगे लोग

सत्ता सुधार ■ सुरखी/सागर



इन दिनों सागर जिले में नेशनल हाइवे पर ओवरब्रिजों का काम चल रहा है, ये ओवरब्रिज इसलिए बनाये जाते हैं कि किसी गांव या शहर में अंदर आने जाने के दौरान कोई अप्रिय घटना न हो लेकिन क्या हो जब ये ओवरब्रिज ही घटना का कारण बन जायें हम बात कर रहे हे सागर नरसिंहपुर रोड नेशनल हाइवे क्रमांक 44 की जहा बिलहरा तिराहा ( तेरामील ) सुरखी वायपास शराब दुकान के पास गौरझामर के बीच बन रहे।ओवरब्रिजों की इन ओवरब्रिजों में पहले से ही टूटी हुई वालों को लगाया जा रहा है और और ये टूटी फूटी न दिखे इसलिए सीमेंट से उनकी दरारे भरकर उनकी मरम्मत की जा रही है।अब सवाल यह उठता है कि जब निर्माण के समय ही टूटी वाले लगाई जा रही है।जब उसमे मुरम का भराव होगा उस ब्रिज से होकर भारी से भारी वाहन गुजरेंगें तब क्या यह ओवरब्रिज यह सब झेल सकेगें या हादसे होते रहेंगे।हमारे संवाददाता जब इन ओवरब्रिजों की गुणवत्ता की तस्वीरे लेने लगे तब यह व्यक्ति वहां पर आये और तस्वीरें लेने का कारण पूछने लगे जब संवाददाता ने उनका परिचय पूंछा तो उन्होने अपने आपको उस ओवरब्रिज का काम देख रहे इंजीनियर बताया लेकिन नाम नहीं बताया और कैमरे के सामने बात करने तैयार नहीं हुये।आपको बता दें कि इन ओवरब्रिजों में उपयोग होने वाली मुरम भी कानूनी रुप से नहीं खोदी गई।यहां वहां सरकारी जमीनों से मुरम खोदकर उसका उपयोग किया गया शुरुआती दौर में पुलिस ने कुछ डंपरों को पकडकर मामला खनिज विभाग को सौप दिया था।जहां से उनको भारी जुर्माना भी भरना पडा था लेकिन अब पता नहीं किसका संरक्षण इनको मिल गया जिसके कारण वही पुराने रिवाज पर फिर से बिना किसी डर के काम चालू कर दिया और शासकीय जमीनों से अवैध रुप से बेडधक मुरम खोदकर शासन को करोड़ों रुपये का चूना लगा दिया।

# भ्रष्टाचारियों, घोटालेबाजों मध्य प्रदेश सरकार के संरक्षण के चलते सौंपा ज्ञापन



सत्ता सुधार ■ बीना/सागर

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश अनुसार बुधवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष इंदर यादव शहर कांग्रेस अध्यक्ष अनुराग ठाकुर के नेतृत्व में अनुविभागीय अधिकारी के नाम तहसीलदार डॉक्टर अंबर पंथी को ज्ञापन सोपा,जिसमें उन्होंने उल्लेख किया है कि मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार में ऐसे ऐसे कुकर्म प्रदेश की जनता के समक्ष आ रहे हैं जिससे प्रदेश का नाम देश और दुनिया में गिरता जा रहा है, मध्यप्रदेश महिलाओं के उत्पीड़न में, आत्महत्या कर रहे किसानों एवं बेरोजगारी में पहले ही देश में प्रथम स्थान पर था वही अब प्रदेश में भ्रष्टाचारियों घोटालेबाजों पर भी सरकार मेहरबान होती नजर आ रही है, करोड़ों रुपए के परिवहन घोटाले के आरोपी सौरभ शर्मा और उसके साथियों को सरकार की अकर्मण्यता और संरक्षण के कारण जमानत मिलना स्पष्ट दर्शाता है की सौरभ शर्मा जैसे भ्रष्टाचारी लोगों पर सरकार मेहरबान है और इस मेहरबानी का कारण घोटाले में सरकार की भूमिका को दर्शाता है आज देश और प्रदेश में जहां कांग्रेसियों और आम जनता पर झूठे मुकदमों पर कार्यवाही कर जेल भेजा जाता है वही सौरभ शर्मा जैसे भ्रष्टाचारी लोगों को सरकार मेहरबानी कर छोड़ देती है जिसका हम सभी कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा सरकार का विरोध करते हैं और मांग करते हैं की सौरभ शर्मा जैसे भ्रष्टाचारियों पर सरकार उचित कदम उठाए और कार्यवाही करें।ज्ञापन सौंपने वालों में विशेष रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इंदर यादव, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अनुराग ठाकुर,धीरज सिंह लोधी आदि उपस्थित थे।

## ब्रीफ न्यूज़

### गोवा से डोमेस्टिक क्रिकेट खेलेंगे यशस्वी जायसवाल, मुंबई एसोसिएशन से एनओसी मांगा

**मुंबई।** भारतीय ओपनर यशस्वी जायसवाल अगले सीजन में गोवा से डोमेस्टिक क्रिकेट खेलते नजर आएंगे। इतना ही नहीं, उन्हें गोवा का कप्तान बनाया जा सकता है। 23 साल के भारतीय ओपनर यशस्वी ने मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (MCA) से नो-ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (NOC) मांगा है। MCA के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया- हां, उनका यह फैसला चौकाने वाला है, लेकिन उसने कुछ न कुछ सोचा होगा। उसने खुद को रिलीज करने की मांग की। MCA ने जायसवाल की मांग को स्वीकार्य कर लिया है। जायसवाल ने मुंबई के लिए आखिरी मुकाबला 23 से 25 जनवरी तक रणजी ट्रॉफी में जम्मू एंड कश्मीर के खिलाफ खेला था। उस मुकाबले में जायसवाल ने 4 और 26 रन बनाए थे।

### यशस्वी जायसवाल ने 2025/26 के घरेलू सत्र के लिए मुंबई से गोवा का रुख किया

**नई दिल्ली।** एक आश्चर्यजनक घटनाक्रम में, भारत के बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने 2025/26 के घरेलू क्रिकेट सत्र के लिए मुंबई से गोवा का रुख किया है, गोवा क्रिकेट संघ (जीसीए) के अध्यक्ष विपुल फड़के ने इसकी पुष्टि की है। जायसवाल, जो वर्तमान में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2025 सत्र में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के लिए खेल रहे हैं और उन्होंने अब तक तीन मैचों में 34 रन बनाए हैं, उन्हें मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) भी मिल गया है। इससे पहले, सिद्धेश लाड और अर्जुन तेंदुलकर घरेलू क्रिकेट में गोवा के लिए खेले थे। वास्तव में, यह प्रक्रिया अभी भी चल रही है, लेकिन उन्होंने मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन से एनओसी प्राप्त कर ली है। मुझे लगता है कि हमारे सचिव (शंबा नाइक देसाई) उनके संपर्क में थे। उन्होंने यह काम करवाया। अपने निजी कारणों से, जायसवाल ने मुंबई छोड़ दिया है। मुझे इसकी प्रकृति नहीं पता है और मैं इस पर टिप्पणी भी नहीं करना चाहता, साथ ही मुझे बिल्कुल भी पता नहीं है कि उन्होंने मुंबई क्यों छोड़ा। लेकिन उन्होंने एनओसी ले ली है और गोवा के लिए खेलने की इच्छा व्यक्त की है।

### बड़े तरणताल के लिए 16 अप्रैल तक चलेगा शिविर

# स्पोर्ट्स स्टेडियम का तरणताल तैराकों से होगा गुलजार, आप भी करा सकते हैं पंजीकरण



**एजेंसी ■ बरेली**

स्पोर्ट्स स्टेडियम में बना तरणताल गुलजार हो गया है। तैराकी प्रतियोगिताओं की तैयारी करने वाले एथलीट व तैराकी के शौकीन लोग आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना पंजीकरण करा सकेंगे। इसमें 18 वर्ष के लोगों से 600 रुपये व इससे अधिक के लिए 800 रुपये प्रतिमाह शुल्क लिया जाएगा। स्पोर्ट्स स्टेडियम में पंजीकरण के लिए 10 रुपये के फॉर्म के साथ दो फोटो, आधार कार्ड की छायाप्रति और त्वचा संबंधी कोई बीमारी न होने का प्रमाणपत्र पटल सहायक अविनाश कुमार के पास जमा कराना होगा। दो अप्रैल की शाम पांच बजे से इस सत्र के लिए तरणताल का शुभारंभ होगा। आरएसओ जीतेंद्र यादव के अनुसार सुबह छह से नौ और अपराह्न चार से छह बजे तक के दो स्लॉट चलाए जाएंगे। अगर खिलाड़ियों की संख्या बढ़ती है तो स्लॉट को बढ़ाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 25 मीटर लंबे, 12 मीटर चौड़े और पांच फुट गहरे तरणताल में आधुनिक फिल्टर प्लांट लगा है। वहीं पानी को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पाइपलाइन व केमिकल का प्रयोग किया जाएगा।

### बड़े तरणताल के लिए 16 अप्रैल तक चलेगा शिविर

स्टेडियम में ओलंपिक मानकों पर बने बड़े तरणताल के लिए 16 अप्रैल तक छात्रावासों के लिए शिविर लगाया जाएगा। इसके लिए चयनित पांच बालक व छह बालिकाएं अलग- अलग शहरों से प्रतिभाग करेंगी। इसके बाद प्रशिक्षक की तैनाती नहीं होने के कारण इसे बंद कर दिया जाएगा। 18 फुट गहरा, 50 मीटर लंबा और 25 मीटर चौड़े तरणताल को केवल प्रशिक्षित खिलाड़ियों के लिए रिजर्व कर दिया गया है।

### 16 अप्रैल तक चलेगा कैंप

स्टेडियम में ओलंपिक मानकों पर बने तरणताल में 16 अप्रैल तक छात्रावास के खिलाड़ियों के लिए कैंप चलाया जाएगा। इसके लिए चयनित अलग-अलग शहरों के पांच बालक व छह बालिकाएं प्रतिभाग करेंगी। इसके बाद प्रशिक्षक की तैनाती नहीं होने के कारण इसे बंद कर दिया जाएगा। ओलंपिक मनकों पर बने तरणताल को केवल प्रशिक्षित खिलाड़ियों के लिए रिजर्व कर दिया गया है।

# पैरा टेबल टेनिस: 11 दिन में 5 मेडल जीते अब जॉर्डन में दम दिखाएगी काशी की बेटी

### जॉर्डन की राजधानी अम्मान में 10 से 16 अप्रैल तक होने वाली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में खेलेंगी

**एजेंसी ■ वाराणसी**

पैरा टेबल टेनिस की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में लगातार पांच पदक जीतने वाली वाराणसी के सिगरा निवासी प्रियांशी केसरी जॉर्डन की राजधानी अम्मान में 10 से 16 अप्रैल तक होने वाली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में खेलेंगी। पिता शंभू केसरी ने बताया कि प्रियांशी 8 अप्रैल को दिल्ली रवाना होंगी। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में लगातार पदक जीत रही प्रियांशी देश की टॉप रैंकिंग खिलाड़ी हैं। 11 दिन में पांच राष्ट्रीय प्रतियोगिता खेलकर पांच पदक जीतने वाली वह वाराणसी की पहली खिलाड़ी बन गई हैं। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में 25 से 27 मार्च तक खेलो इंडिया पैरा टेबल टेनिस प्रतियोगिता में पांचवां पदक जीता। वडोदरा में 17 से 19 मार्च तक सीनियर नेशनल रैंकिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण जीत नंबर वन रैंकिंग हासिल की है। वडोदरा में 21 से 23 मार्च राष्ट्रीय प्रतियोगिता हुई। एकल में प्रियांशी ने कांस्य और युगल मुकाबले में स्वर्ण जीता जबकि मिक्स डब्ल्स में कांस्य से संतोष करना पड़ा। 21 से 23 तक राष्ट्रीय प्रतियोगिता के तीनों मुकाबले में प्रियांशी ने पदक जीतकर काशी का नाम रोशन किया।

**बैक हैंड स्मैश नहीं झेल पाते खिलाड़ी:** प्रियांशी केसरी रोज तीन घंटे अभ्यास करती हैं। उनका बैक हैंड स्मैश अच्छे अच्छे खिलाड़ी नहीं झेल पाते हैं। वह टेबल के दो फीट दूरी से स्मैश करने के अलावा सर्विस में भी कमाल करती हैं। सीधे सधे हाथों से खेला गया सर्विस बेहद अच्छा होता है।





**लालपुर में एथलेटिक्स छात्रावास में प्रवेश का शिविर:** छात्रावास में प्रवेश के लिए चयन समिति ने एथलेटिक्स की संभावित बालक-बालिकाओं की सूची जारी कर दी है। बालक वर्ग में 40 और बालिका वर्ग में 15 खिलाड़ियों को जगह मिली है।

**राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में पदक जीतकर लौटी प्रीति का स्वागत:** 34वीं सब जूनियर राष्ट्रीय बालिका कबड्डी चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश की टीम की कांस्य विजेता प्रीति राजभर का स्वागत मंगलवार को क्षेत्रवासियों ने सिंधोरा में किया। किसान राजकुमार की बेटी प्रीति के साथ खिलाड़ियों का सिंधोरा चौराहे से लेकर घर तक जुलूस निकालकर स्वागत किया गया। कोच सिंहासन यादव, नॉर्मन यादव व मैनेजर बृजभूषण का स्वागत हुआ। ग्रामीणों ने कहा कि गांव की बेटी केखेलने से अन्य बेटियों को प्रेरणा मिलेगी।

**पहले दिन 4 खेलों में 97 खिलाड़ियों का पंजीकरण:** क्षेत्रीय खेल कार्यालय ने ग्रीष्मकालीन खेलों का प्रशिक्षण शुरू हो गया है। आरएसओ विमला सिंह ने बताया है कि एक अप्रैल से खेल विभाग की ओर से सिगरा और लालपुर स्टेडियम में प्रशिक्षण शुरू हो गया। पहले दिन चार खेलों में 97 खिलाड़ियों पंजीकरण कराया। इसमें मुक्केबाजी के 26, कुश्ती के 10, वॉलीबॉल के 22 और तैराकी के 39 खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है। खेल विभाग के 13 अंशकालिक मानदेय कोच खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देंगे। डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम सिगरा में एथलेटिक्स, फुटबॉल, क्रिकेट, तैराकी, बैडमिंटन, जिम्नास्टिक्स, कुश्ती, कबड्डी, वॉलीबॉल, बॉक्सिंग व बास्केटबॉल का प्रशिक्षण दिया जाएगा। लालपुर स्टेडियम में फुटबॉल, हॉकी, हैंडबॉल का प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर में अंडर-18 आयु वर्ग के खिलाड़ी हिस्सा ले सकते हैं। सिगरा के डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम के स्विमिंग पूल में नए सत्र में तैराकी प्रशिक्षण शुरू हो गया है। यहां लाइव सेवर की देखरेख में प्रशिक्षण दिया जाएगा। सिगरा में दो स्विमिंग पूल है।

### दूसरे मैच में कार्मिक ने लोको शेड को हराया

ग्रीष्मकालीन अंतर विभागीय टी-20 क्रिकेट मैच मंगलवार को पूर्वोत्तर रेलवे के लहरतारा मिनी स्टेडियम में खेला गया। उद्घाटन अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रा) रोशन लाल यादव ने किया। पहले मैच में राम प्रवेश यादव की 154 रनों की मदद से परिचालन ने इंजीनियरिंग विभाग को 86 रन से हराया। दूसरे मैच में कार्मिक ने लोको शेड विद्युत की टीम को सात विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी कर परिचालन विभाग ने 20 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 255 रन बनाए। राम प्रवेश ने 62 बॉल में 22 चौकों और 7 छक्कों की मदद से अजेय 154 रन बनाए जबकि आशीष ने 38 और गौरव ने 21 रनों का योगदान दिया। 256 रनों के लक्ष्य का पीछा कर इंजीनियरिंग विभाग की पूरी टीम 19.3 ओवर में 169 रन पर ऑलआउट हो गई। रामप्रवेश मैन ऑफ द मैच रहे। दूसरे मैच में लोको शेड विद्युत ने 20 ओवर में 134 रन बनाएं। कार्मिक ने 135 रन बनाकर 7 विकेट से मैच जीत लिया।

### भारत के लिए सबसे ज्यादा मैच खेलने वाली हॉकी खिलाड़ी वंदना ने लिया संन्यास




**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

भारत के लिए सबसे ज्यादा मैच खेलने वाली महिला हॉकी खिलाड़ी वंदना कटारिया ने बीते दिन को अपने शानदार 15 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह दिया। उन्होंने कहा कि अपने चरम पर लिया गया यह फैसला उनके लिए कड़वा-मीठा और सशक्त बनाने वाला दोनों था। 32 वर्षीय अनुभवी स्ट्राइकर ने 320 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया और 158 गोल किए। वह 2020 टोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक चौथे स्थान पर रहने वाली भारतीय टीम का भी हिस्सा थीं। वंदना ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, आज भारी लेकिन आभारी दिल के साथ मैं अंतरराष्ट्रीय हॉकी से अपने संन्यास की घोषणा करती हूं। यह एक ऐसा फैसला है जो मेरे लिए कड़वा-मीठा और सशक्त बनाने वाला है। मैं इसलिए पीछे नहीं हट रही हूं क्योंकि मेरे अंदर की आग फीकी पड़ गई है या मेरी हॉकी की ताकत खत्म हो गई है, बल्कि इसलिए क्योंकि मैं अपने चरम पर पहुंचकर खेल से विदा लेना चाहती हूं, जबकि मैं अभी भी अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर हूं। वंदना ने लिखा, मैं थकान की वजह से हॉकी को अलविदा नहीं कह रही हूं, बल्कि मेरे पास अंतरराष्ट्रीय मंच को अपनी शर्तों पर छोड़ने का विकल्प था। मेरा सिर गर्व से ऊंचा है और मेरी स्टिक की आग अभी भी धधक रही है। भीड़ का उत्साह बढ़ाना, हर गोल का रोमांच और भारत की जर्सी पहनने का गर्व हमेशा मेरी आत्मा में गूंजता रहेगा।

2009 में सीनियर टीम में डेब्यू के बाद से भारतीय हॉकी का स्तंभ रहीं वंदना ने खेल के लिए महत्वपूर्ण क्षणों को परिभाषित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वह टोक्यो खेलों में हैट्रिक बनाने वाली पहली और एकमात्र भारतीय महिला बनीं। वंदना ने कहा, %टोक्यो के बारे में सोचकर मेरे रोंगटे अभी भी खड़े हो जाते हैं। ओलंपिक खास होते हैं और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वह मैच मेरे जीवन के सबसे भावनात्मक खेलों में से एक था। मेरे लिए हैट्रिक खास था, लेकिन उससे भी अधिक यह साबित करने के लिए था कि हम उस मंच पर होने चाहिए।हालांकि, यह उनकी हॉकी यात्रा का अंत नहीं है क्योंकि वह महिला हॉकी इंडिया लीग में खेलना जारी रखेंगी।

# डिजिटल युग में भारत बनेगा ई-स्पोर्ट्स का ग्लोबल हब

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**




ई-स्पोर्ट्स की दुनिया में भारत की सशक्त उपस्थिति को बढ़ावा देने के लिए इंडिया ई-स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव 2025 का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया (पेफी) द्वारा क्राफ्टन इंडिया के सहयोग से इन्वेस्ट इंडिया की साझेदारी में हुआ। ई-स्पोर्ट्स को पारंपरिक खेलों की श्रेणी में लाने और इसे बाकी परंपरागत खेलों से जोडने के उद्देश्य से इस कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। हाल ही में एशियाई खेलों में ई-स्पोर्ट्स को एक पदक खेल के रूप में शामिल किया गया था और अगस्त 2025 में रियाद में ई-स्पोर्ट्स वर्ल्ड कप का आयोजन किया जाएगा, इसके साथ ही, एशियाई खेल 2026 में ई-स्पोर्ट्स एक प्रमुख आकर्षण बनने जा रहा है, ई-स्पोर्ट्स की यह प्रगति न केवल खिलाड़ियों और उद्योग के लिए नई संभावनाएं खोल रही है, बल्कि इसे मुख्यधारा के खेलों के साथ जोड़कर एक नई पहचान भी दे रही है।

# विश्व मुक्केबाजी कप ब्राजील, जदुमणि ने ट्रोब्रिज की चुनौती को पार कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय चैंपियन जदुमणि सिंह मंडेंगबाम ने दबाव में अपने मजबूत प्रदर्शन से ग्रेट ब्रिटेन के एलिस ट्रोब्रिज को हराकर बीते दिन को विश्व मुक्केबाजी कप ब्राजील 2025 के 50 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। 2024 विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल के रजत पदक विजेता ट्रोब्रिज ने अपने सामान्य आक्रामक अंदाज में मुकाबला शुरू किया, लेकिन भारतीय मुक्केबाज दबाव को झेलने और अपने मुक्कों को जमाने के तरीके खोजने के लिए तैयार थे, जिससे 3-2 के स्प्लिट निर्णय से उन्हें जीत मिली। अब फाइनल में जगह बनाने के लिए उनका सामना पूर्व एशियाई अंडर-22 चैंपियन असिलबेक जलीलोव से होगा। हालांकि, 75 किग्रा, 85 किग्रा और 90+ किग्रा वर्ग में भारत की चुनौती समाप्त हो गई, क्योंकि तीनों मुक्केबाज अपने-अपने मुकाबलों में हार गए। निखिल दुबे 75 किग्रा के मुकाबले में स्थानीय पसंदीदा काऊ बेलिनी से 0-5 से हार गए, जबकि जुगनू 85 किग्रा में फ्रांस के अब्दुलाये ट्रोरे से 1-4 के विभाजित निर्णय से हार गए।

**अवॉर्ड** 20 साल के गोल्फर अर्जुन भाटी को मिलेगा यूथ अवॉर्ड

# कोरोना काल में ट्रॉफियां बेचकर की थी मदद

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

गोल्फर अर्जुन भाटी की उम्र तो महज 20 साल है, लेकिन इस उम्र में उन्होंने गोल्फ कोर्स और उसके बाहर ऐसी उपलब्धियों को अंजाम दिया कि भारत सरकार ने उन्हें राष्ट्रीय यूथ अवॉर्ड देने का फैसला लिया। तीन बार के जूनियर विश्व गोल्फ चैंपियन अर्जुन 150 के करीब ट्रॉफियां जीत चुके हैं।

### पीएम राहत कोष में दिए थे रुपये

वर्ष 2020 में जब पूरी दुनिया और देश कोरोना महामारी से जूझ रहा था तब अर्जुन ने प्रधानमंत्री राहत कोष में 4.30 लाख रुपये की राशि दान में दी थी। यह राशि उन्होंने अपनी 102 ट्रॉफियां और वह जूते, जिन्हें उन्होंने पहनकर जूनियर विश्व चैंपियनशिप जीती थी, बेचकर जुटाई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उनके इस प्रयास को सराहते हुए सोशल मीडिया पर उनकी तारीफ की थी। अर्जुन को बुधवार को राष्ट्रीय यूथ अवॉर्ड दिया जाएगा।




राष्ट्रीय यूथ अवॉर्ड से सम्मानित होने पर भारतीय गोल्फर अर्जुन भाटी ने कहा, मैं इस पुरस्कार के लिए बहुत आभारी हूं और यह मेरे परिवार और मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। मेरे प्रयासों ने फल दिया है। मैं नौ साल का था जब मैंने अपने स्कूल में पहली बार गोल्फ खेला था। मैं पिछले 11 सालों से खेल रहा हूं और यह यात्रा बहुत अच्छी रही है। मेरे सफर में मुझे बहुत से समर्थक मिले हैं। मुझे यह खेल बहुत पसंद है।

**ओलंपिक पदक जीतना है सपना:** 2016 में पहली बार जूनियर विश्व चैंपियन बनने वाले अर्जुन के मुताबिक यूथ अवॉर्ड उन्हें और अच्छा करने की प्रेरणा देगा। विराट कोहली फाउंडेशन 2019 से उनकी मदद कर रहा है। उनका सपना देश के लिए ओलंपिक पदक जीतना है और इसके लिए वह कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

### टाइगर वुड्स और विराट हैं आदर्श

अर्जुन बताते हैं कि वह इन दिनों ब्रिटिश ओपन की तैयारियों में जुटे हैं। बीते वर्ष भी वह इस चैंपियनशिप के क्वालिफायर में खेले थे, लेकिन एक स्ट्रोक से मुख्य टूर्नामेंट में खेलने से रह गए थे। टाइगर वुड्स और विराट कोहली को आदर्श मानने वाले अर्जुन ने नौ साल की उम्र में गोल्फ खेलना शुरू किया था। वह ग्रेटर नोएडा स्थित जेपी ग्रींस गोल्फ कोर्स में रहते हैं। अर्जुन ने कहा, टाइगर वुड्स बहुत लंबे समय से मेरी प्रेरणा रहे हैं। मैं व्यक्तिगत रूप से विराट कोहली को पसंद करता हूं। मुझे उनके खेल के प्रति समर्पण, फिटनेस स्तर, काया और मानसिकता बहुत पसंद है। वह देश के सभी युवाओं के लिए बहुत प्रेरणादायक हैं। वह बहुत प्यारे और सच्चे इंसान हैं और उनका समर्थन मेरे लिए बहुत मायने रखता है। विराट कोहली फाउंडेशन कई अलग-अलग विषयों के लगभग 40 बच्चों की मदद करता है। उन्होंने देश के लिए जो कुछ किया है, मैं उसकी प्रशंसा करता हूं। मेरा भविष्य का लक्ष्य भारत के लिए ओलंपिक स्वर्ण पदक लाना है। मैं हर दिन खुद को बेहतर बनाने की कोशिश कर रहा हूं।

### मैं कप्तान था, अब नहीं हूं, लेकिन मानसिकता वही है: रोहित शर्मा

**नई दिल्ली।** आईपीएल के इतिहास में सबसे सफल खिलाड़ियों में से एक रोहित शर्मा ने बताया कि मुंबई इंडियंस के सेटअप में पिछले कुछ सालों में उनकी भूमिका कैसे विकसित हुई है, नई भूमिकाओं को अपनाने से लेकर टीम को गौरव दिलाने तक। उन्होंने कहा कि उनके शुरू करने के बाद से बहुत कुछ बदल गया है, लेकिन फ्रेंचाइजी के लिए मैच और ट्रॉफी जीतने का उनका जुनून और इच्छा कभी नहीं बदली है। रोहित ने 2020 के बाद से आईपीएल में अपनी सबसे खराब शुरुआत की है।

दैनिक
सत्ता सुधार
समाचार एवं विज्ञापन
के लिए संपर्क करें
विनोद तिवारी
जिला ब्यूरो प्रमुख दमोह
मो. 6266038075



नवरात्र के चौथे दिन भक्तों ने मां श्रृंगार गौरी का दर्शन किया। ज्ञानवापी मुक्ति महापरिषद के जत्थे ने विधि-विधान से मां की आरती उतारी। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था काफी दुरुस्त रही। बुधवार यानी चैत्र नवरात्र के चौथे दिन ज्ञानवापी स्थित श्रृंगार गौरी का दर्शन-पूजन हुआ। सत्यनारायण मंदिर और विश्वनाथ मंदिर के गेट नंबर 4-बी से सुबह 8.30 बजे से ज्ञानवापी मुक्ति महापरिषद के जत्थे को प्रवेश मिला।

# अधिवक्ता विष्णु शंकर बोले- वक्फ संशोधन विधेयक महत्वपूर्ण फैसला

## जैन ने जोर दिया कि यह विधेयक सही दिशा में उठाया गया एक कदम

सत्ता सुधार ■ वाराणसी

काशी विश्वनाथ मंदिर में स्थित मां श्रृंगार गौरी के दर्शन-पूजन के लिए बुधवार को भक्तों का जुटान हुआ। इसी क्रम में अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने भी मां का आशीर्वाद लिया। उन्होंने वक्फ संशोधन विधेयक पर अपनी बात रखी।

वक्फ संशोधन विधेयक को पेश किए जाने से पहले अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने बुधवार को इसे एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि वक्फ बाय यूजर की परिभाषा को हटाने और वक्फ की अवधारणा को इस्लामी कानून के साथ जोड़ने वाले संशोधनों जैसे महत्वपूर्ण बदलावों का उल्लेख होना चाहिए। अधिवक्ता जैन ने इस बात पर जोर दिया कि यह विधेयक सही दिशा में उठाया गया एक कदम है। कहा कि यह कठोर प्रावधानों को निरस्त करता है, लेकिन यह अभी पूरा नहीं हुआ है। विष्णु शंकर जैन ने कहा कि उनकी टीम ने संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के समक्ष अपने सुझाव प्रस्तुत किए हैं, तथा विश्वास व्यक्त किया है कि इन सिफारिशों को विधेयक के



अंतिम संस्करण में शामिल किया जाएगा। वक्फ विधेयक आज लोकसभा में पेश किए जाने की संभावना है। इस विधेयक को व्यापक विधायी अभ्यास और विभिन्न हितधारकों के साथ परामर्श के बाद पेश किया गया है। उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 बहुत महत्वपूर्ण परिवर्तन और विधायी संशोधन लेकर आया है; उदाहरण के लिए, वक्फ की उपयोगकर्ता की परिभाषा को पूरी तरह से हटा दिया गया है। वक्फ की अवधारणा और परिभाषा, जो इस्लामी कानून के अनुरूप नहीं थी, जो पहले के वक्फ कानून 1995 में मौजूद थी, उसमें संशोधन किया गया है। सर्वेक्षण अभ्यासों के संबंध में अब तक कई जांच और संतुलन लाए गए हैं।

उदाहरण के लिए, कठोर प्रावधान, जिसे हम सभी जानते हैं, धारा 40 है, जो वक्फ बोर्ड को किसी भी संपत्ति को वक्फ संपत्ति घोषित करने के असीमित अधिकार देता है, को भी निरस्त कर दिया गया है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि धारा 85 के तहत एक योग्यता, वक्फ की संरचना कि एक व्यक्ति को इस्लामी विद्वान होना चाहिए, को भी हटा दिया गया है। जैन ने कहा कि मौजूदा संशोधन विधेयक धारा 107, 108 और 108 (ए) जैसे कई अन्य कठोर प्रावधानों को भी निरस्त करता है। यह संशोधन विधेयक एक कदम आगे है, मुझे कहना होगा, लेकिन यह पूरा नहीं है। कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जिन पर काम करने की आवश्यकता है, और इसके लिए हमने जेपीसी को अपना प्रतिनिधित्व दिया है, और मुझे लगता है कि भविष्य में इस पर विचार किया जाएगा।

### अखिलेश यादव बोले- 'वक्फ बिल नाकामी पर पर्दा है'

वक्फ संशोधन विधेयक पर चर्चा के दौरान सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि अभी तक यह पार्टी अभी तक अपने अध्यक्ष का चुनाव नहीं कर सकी है। इस पर गृह मंत्री अमित शाह ने चुटकी लेते हुए कहा कि भाजपा के 10-12 करोड़ पंजीकृत सदस्य हैं, इसलिए राष्ट्रीय अध्यक्ष के लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव में थोड़ा समय लग रहा है। लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पर बहस के दौरान समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद अखिलेश यादव ने कहा कि वक्फ बिल नाकामी पर पर्दा है। भाजपा सरकार हर मोर्चे पर नाकाम। रातोंरात नोटबंदी का फैसला लिया। नोटबंदी की नाकामी पर भी चर्चा जरूरी है। अखिलेश यादव ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और किसान की आय दोगुनी नहीं कर पाए, उस पर भी चर्चा होनी चाहिए। वक्फ बिल मुसलमानों के लिए है। मुसलमानों की बात ही नहीं सुन रहे। अखिलेश यादव ने कहा कि वक्फ बिल के पीछे ना नीति सही, ना नियत सही।

## ब्रीफ न्यूज

### किशोर ने दिव्यांग बच्चे को काटा, गुप्तांग भी था जख्मी... मौत

**ललितपुर।** मां भावना ने चारपाई पर लेटे बेटे पर पड़ी हुई चादर को उठाया तो वह घायल मिला। उसके शरीर पर घाव थे, गुप्तांग कटा हुआ था। यह सब देखकर महिला ने शोर मचाना शुरू कर दिया। उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले के थाना जखौरा के गांव बिनेका तोरण में दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक किशोर ने सात वर्षीय दिव्यांग बच्चे को अकेला पाकर उसके शरीर पर दांतों से जगह-जगह काटा। उसका गुप्तांग भी कटा हुआ था। परिजन जब घर पहुंचे तो बेटे की हालत देखकर चीख-पुकार मच गई। घायल को अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे झांसी रेफर किया गया। इस दौरान उसकी मौत हो गई। गांव बिनेका तोरण निवासी छोटू राजा (7) पुत्र सुजान सिंह बचपन से दिव्यांग है। जबकि पिता खेत पर गया था। मां भावना बाड़े में मवेशियों को चारा रखने गई थी। जाते समय वह दरवाजा की कुंडी लगाकर गई थी। वापस लौटकर आई तो दरवाजा खुला हुआ था। अंदर पहुंची तो यहां पड़ोस के एक किशोर को मौजूद पाया। कारण पूछने पर आरोपी किशोर भावना को धक्का देकर भाग गया। मां भावना ने चारपाई पर लेटे बेटे पर पड़ी हुई चादर को उठाया तो वह घायल मिला। उसके शरीर पर घाव थे, गुप्तांग कटा हुआ था। यह देखकर भावना ने चीख-पुकार मचाई। आवाज सुनकर मोहल्ले के लोग पहुंच गए। पिता भी सूचना पर आ गया। छोटू को मेडिकल कॉलेज लेकर आए। यहां से मेडीकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया। झांसी में चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

### जिला समाज कल्याण अधिकारी और बाबू निलंबित, केस दर्ज

**अमेठी।** अमेठी में भ्रष्टाचार के मामले में मंत्री असीम अरुण ने बड़ी कार्रवाई की है। जिला समाज कल्याण अधिकारी और बाबू निलंबित कर दिए गए हैं। जांच में झूठे बयान दर्ज कराने पर जिला समाज कल्याण अधिकारी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। यूपी के अमेठी में बुधवार को भ्रष्टाचार के मामले में जिला समाज कल्याण अधिकारी मनोज शुक्ल और बाबू गोकुल प्रसाद जायसवाल को निलंबित कर दिया गया है। उपनिदेशक की तहरीर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी के खिलाफ गौरीगंज थाने में केस भी दर्ज हुआ है। मामला 10 मार्च को प्रकाश में आया था। बाबू गोकुल प्रसाद ने समाज कल्याण अधिकारी मनोज शुक्ल पर रिश्वतखोरी और प्रताड़ना का आरोप लगाया था। मनोज शुक्ल ने भी बाबू पर रिश्वत लेने और अनियमित तरीके से भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया।

# अयोध्या : रामनवमी पर रामलला 18 घंटे देंगे भक्तों को दर्शन

## 20 लाख से ज्यादा लोगों के आने की संभावना

सत्ता सुधार ■ अयोध्या



राम मंदिर ट्रस्ट छह अप्रैल को रामलला के दर्शन की टाइमिंग बढ़ाए जाने की तैयारी कर रहा है। मंदिर को सुबह पांच बजे से ही भक्तों के लिए खोला जा सकेगा। रामनवमी के मुख्य पर्व रामजन्मोत्सव पर रामलला के दर्शन की अवधि बढ़ाने की तैयारी है। इस दिन रामलला 18 घंटे तक दर्शन देंगे। मंदिर सुबह पांच बजे से लेकर रात 11 बजे तक खुलेगा। रामलला की आरती के समय में भी बदलाव किए जाने की संभावना है। हालांकि श्रीरामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से अभी तक इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। रामनवमी मेले के आखिरी तीन दिन चार, पांच और छह अप्रैल को अयोध्या में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की उम्मीद है। इन तीनों दिनों के दौरान रामलला के दर्शन अवधि में बदलाव किए जाने की तैयारी है। ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर सकें। अनुमान है कि मुख्य पर्व रामजन्मोत्सव पर 20 लाख से अधिक श्रद्धालु अयोध्या पहुंच सकते हैं। इसे देखते हुए राममंदिर ट्रस्ट और प्रशासन सुविधाएं भी विकसित करने में जुटा है। रामजन्मभूमि पथ पर अस्थाई कैनोपी लगाई जा चुकी है और मुख्य पर्व तक पथ पर लाल कारपेट भी बिछा दिया जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए 200 स्थानों पर पेयजल की व्यवस्था की जा रही है। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चंपत राय ने रामनवमी पर हो रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी है। उन्होंने एक वीडियो जारी करते हुए बताया कि प्रभु श्रीराम के ललाट पर सूर्य अभिषेक की तैयारियां चल रही हैं और विशेषज्ञों की एक टीम इस काम में जुटी हुई है। भक्तिपथ पर श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। 600 मीटर लंबे भक्तिपथ पर अस्थाई रूप से शेड लगाया गया है। श्रद्धालु इस मार्ग से होकर सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी और कनक भवन दर्शन के लिए जाते हैं, जहां लंबी कतारें लगती हैं। रोजाना 70 हजार से 80 हजार श्रद्धालु दर्शन कर रहे हैं और मुख्य पर्व पर यह संख्या कई गुना बढ़ सकती है। शेड लगाने से श्रद्धालुओं को तेज धूप से राहत मिलेगी। भक्तिपथ पर पेयजल की व्यवस्थाएं भी बढ़ाई जा रही हैं, और एंबुलेंस की व्यवस्था भी की जाएगी।

### श्रीराम मंदिर के शिखर का हुआ कलश पूजन

अयोध्या में बुधवार को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर का कलश पूजन किया गया। इस मौके पर ट्रस्ट के प्रमुख पदाधिकारी व निर्माण कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर का बुधवार को कलश पूजन किया गया। श्रीरामनवमी मेले की तैयारियों और साज सज्जा के मध्य विधिवत अनुष्ठान के साथ हुए इस कलश पूजन में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र, व्यवस्था प्रभारी गोपाल राव, प्रकल्प प्रमुख जगदीश शंकर आफले सहित एलएंडटी और टाटा कंसल्टेंसी के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। बता दें कि राम मंदिर निर्माण को लेकर निर्माण समिति की समय-समय पर बैठक होती रहती है जिसमें निर्माण कार्य की गुणवत्ता और समय सीमा को लेकर चर्चा की जाती है। इसके पहले 24 मार्च को हुई बैठक के बाद मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने कहा कि जो जिम्मेदारी है, उसे पूर्ण करने के लिए लक्ष्य रखा गया है। लगभग नौ माह शेष रह गया है, जो भी निर्माणाधीन कार्य है वह अंतिम चरण में है। मंदिर का निर्माण पूरी आशा है कि अप्रैल माह में पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सप्त मंदिर के बारे में अनुमान है कि वह भी कार्य पूर्ण हो जाएगा। मूर्ति भी स्थापित हो जाएगी। जो पीएफसी का कार्य है, वह पहले ही पूरा हो चुका है। अंगद टीला पर सुंदरीकरण पूरा हो चुका है। रामकथा और रामचरितमानस में गिलहरी की महत्ता से भी लोग अवगत हैं। मिश्र ने कहा कि जिस तरह से कुबेर टीला पर जटायु को स्थापित किया गया है, उसी प्रकार से अंगद टीला पर गिलहरी की एक मूर्ति स्थापित की जाएगी। गोस्वामी तुलसी दास की मूर्ति स्थापित हो चुकी है। अप्रैल माह में इसे श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोल दिया जाएगा।

### सौरभ हत्याकांड में बड़ा अपडेट

## 14 दिन बढ़ाई गई साहिल और मुस्कान की न्यायिक हिरासत

### एक-दूजे को देख हुए भावुक

सत्ता सुधार ■ लखनऊ



सौरभ राजपूत की हत्या के मामले में जेल में बंद पत्नी मुस्कान और उसके प्रेमी साहिल की आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कोर्ट में पेशी कराई गई। दोनों ही आरोपियों की न्यायिक हिरासत को बढ़ाया गया है। मेरठ के चर्चित सौरभ राजपूत की हत्या के मामले में जेल में बंद पत्नी मुस्कान और उसके प्रेमी साहिल की आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कोर्ट में पेशी कराई गई। दोनों हत्यारोपियों को 14-14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया था। जेल जाने के बाद दोनों आरोपियों की यह पहली पेशी हुई। आज पेशी के दौरान उनकी न्यायिक हिरासत को और बढ़ाया है। दोनों ही आरोपियों की जेल के भीतर से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेशी कराई गई। एक ही कमरे में दोनों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा पेशी हुई।

## 9 गरीब छात्रों को मिलेगी मुफ्त शिक्षा

**सत्ता सुधार, ग्वालियर।** नवदुर्गा के उपलक्ष्य में, इस वर्ष 9 गरीब छात्रों को मुफ्त शिक्षा देने का निर्णय लिया गया है। यह पहल समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी को निभाने की दिशा में एक अहम कदम है। शिक्षा ही वह साधन है, जो किसी भी व्यक्ति के जीवन को संवार सकता है। इन छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए सभी आवश्यक संसाधन मुहैया कराए जाएंगे। इस पहल के माध्यम से हम समाज में शिक्षा के महत्व को बढ़ावा देने की कोशिश करेंगे, ताकि ये छात्र आगे चलकर अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर सकें।




# पीलीभीत टाइगर रिजर्व के माला जंगल में धधकी आग, खेतों के नजदीक पहुंची

## फायर ब्रिगेड और किसानों की मशक्कत से आग पर काबू पाया

एजेंसी ■ पीलीभीत



पीलीभीत टाइगर रिजर्व में सप्ताहभर में आग लगने की दूसरी घटना हुई है। माला जंगल में मंगलवार को भड़की आग ने बुधवार को विकराल रूप ले लिया। फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों और किसानों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। पीलीभीत टाइगर रिजर्व (पीटीआर) में मंगलवार को माला रेंज के जंगल में धधकी आग ने बुधवार को विकराल रूप धारण कर लिया। आग खेतों के नजदीक बढ़ता देख हड़कंप मच गया। फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों के अलावा किसानों ने 10 से अधिक ट्रैक्टरों की मदद से आग पर बमुश्किल काबू पाया। किसानों का आरोप है कि जंगल में आग बुझाने में लापरवाही से बरती गई। गर्मी और तेज हवा चलने से आग की घटनाएं बढ़ने लगी हैं। इसको देखते हुए पीटीआर में भी फायर सीजन शुरू कर सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। कंट्रोल रूम स्थापित करने के साथ रेंज स्तर पर भी गंभीरता बरतने की हिदायत दी गई, लेकिन सतर्कता के दावों के बीच पांच दिन पूर्व महोफ के जंगल में आग लगने से 50 हेक्टेयर दायरे में ग्रासलैंड और पेड़ों को नुकसान पहुंचा था। मंगलवार को माला रेंज के जंगल में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। देर शाम जानकारी होने पर पीटीआर की टीम आग पर काबू पाने के प्रयायों में जुटी, लेकिन बुधवार को हवा चलते ही आग फिर धधक उठी। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। मथना बैरियर के निकट नहर के क्षेत्र में होकर आग जंगल सीमा की ओर बढ़ने लगी। आग की लपटें देख जंगल से सटे इलाकों के किसानों में खलबली मच गई। सूचना पर फायरब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची। गेहूं की फसल को बचाने के लिए किसान एकत्र हुए और 10 से अधिक ट्रैक्टरों की मदद से आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किए गए।

## यूपी में चिलचिलाती धूप ढाएगी कहर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मौसम की आंख मिचौली जारी है। मंगलवार को चिलचिलाती धूप ने लोगों को परेशान किया तो बुधवार को दिन में राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के कई इलाकों में बादलों का डेरा रहा। मौसम विभाग ने बुधवार से बृहस्पतिवार के बीच प्रयागराज, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, बलिया और आसपास के इलाकों में गरज चमक संग हल्की बूंदाबांदी की संभावना जताई है। वहीं, बृहस्पतिवार से शुक्रवार के बीच प्रदेश के दक्षिणी-पूर्वी और बुंदेलखंड के इलाकों में तेज हवा संग बौछारें पड़ने की संभावना जताई गई है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक बदले हुए मौसम के बीच अगले 24 घंटे के दौरान प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों और बुंदेलखंड के इलाकों में गरज-चमक के साथ हल्की बूंदाबांदी की संभावना है। इस बीच कहीं-कहीं वज्रपात के भी आसार हैं।

### सोनभद्र में पशु तस्करों से मुठभेड़: पांच बदमाश गिरफ्तार

**सोनभद्र।** पशु तस्कर चकरिया बॉर्डर के जंगल से जा रहे थे। पुलिस को उनकी सूचना मिल गई थी। कोन और रामपुर बरकोनिया थाने की पुलिस ने जब उन्हें रुकने को कहा तो बदमाश फायरिंग करने लगे। सोनभद्र के कोन और रामपुर बरकोनिया थाने की संयुक्त पुलिस टीम ने बीती रात मुठभेड़ के बाद पांच पशु तस्करों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से 39 पशु भी मुक्त कराए गए हैं। मुठभेड़ के दौरान एक तस्कर को गोली लगी, उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।




## विकास | सीएम करेंगे अनाज आधारित प्लांट का उद्घाटन

# गोरखपुर बनेगा एथेनॉल उत्पादन का हब

सत्ता सुधार ■ गोरखपुर


मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा गोरखपुर को ग्रीन एनर्जी के नए केंद्र के रूप में विकसित करने की है। इसी क्रम में योगी सरकार की निवेश प्रोत्साहन नीति से गोरखपुर में निजी क्षेत्र का सबसे बड़ा एथेनॉल प्लांट गीडा के सेक्टर 26 में बनकर तैयार हो चुका है। केंद्र की मोदी सरकार और राज्य की योगी सरकार बायो फ्यूल (जैव ईंधन) पर खासा जोर दे रही हैं। इस लिहाज से एथेनॉल को एक बेहतरीन विकल्प माना जाता है। एथेनॉल उत्पादन के लिए योगी सरकार की प्रतिबद्धता के परिणामस्वरूप यूपी देश का नम्बर वन एथेनॉल उत्पादक राज्य बन चुका है। राज्य के एथेनॉल उत्पादन में



अब गोरखपुर भी बड़ी भूमिका निभाने जा रहा है। जिले में एक बड़े एथेनॉल प्लांट का मुख्यमंत्री के हाथों उद्घाटन होने जा रहा है। दो और प्लांट आने वाले दिनों में योगदान देने के लिए तैयार हो जाएंगे। एक ही जिले में तीन स्थानों पर एथेनॉल उत्पादन होने से गोरखपुर, पूर्वी उत्तर प्रदेश एथेनॉल उत्पादन का हब बनकर उभरेगा।

### ग्रीन एनर्जी के केंद्र के रूप में उभर रहा गोरखपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा गोरखपुर को ग्रीन एनर्जी के नए केंद्र के रूप में विकसित करने की है। इसी क्रम में योगी सरकार की निवेश प्रोत्साहन नीति से गोरखपुर में निजी क्षेत्र का सबसे बड़ा एथेनॉल प्लांट गीडा के सेक्टर 26 में बनकर तैयार हो चुका है। 1200 करोड़ रुपए की यह निवेश परियोजना मेसर्स केयान डिस्टिलरी प्राइवेट लिमिटेड की है। इसके प्लांट का शिलान्यास 12 अगस्त 2023 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया था और अब 6 अप्रैल को उद्घाटन भी उन्हीं के हाथों प्रस्तावित है।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक गोपाल श्रीवास्तव, द्वारा मेसर्स डीबी कॉर्प लिमिटेड 10-11 सेक्टर बी इंडस्ट्रियल एरिया गोविंदपुरा भोपाल (म.प्र.) से मुद्रित एवं तृतीय तल, सी ब्लॉक, मानसरोवर काम्पलेक्स भोपाल से प्रकाशित। स्थानीय संपादक-अभिषेक शर्मा*, मोबाईल न. 6261052058, सभी विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा। आर एन आई नम्बर-एमपीएचआईएन/2017/72467, मोबाईल न. 9893126900, 7869966100, प्रतियां बुक कराने एवं एजेंसी लेने हेतु संपर्क करें-जाहिद हुसैन-9826278877, ई मेल- sattasudharbpl@gmail.com समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। 0755-4002626, 4939910